सुप्रभात
रांची, सोमवार
05.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
विश्व पर्यावरण दिवस
khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 320
06 पर्यावरण पर सिर्फ खानापूर्ति, गंभीरता की कमी

## न्यूज डायरी

### गुवाहाटी एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ जा रहा इंडिगो के एक विमान में यांत्रिक गड़बड़ी आने के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, विधायक तेरेस ग्वाला और विधायक प्रशांत फूकन समेत कुल 184 यात्री सवार थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम हुईं रवाना

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम और सर्बिया की अपनी राजकीय यात्रा पर आज रवाना हो गयीं। अपनी यात्रा के पहले चरण में राष्ट्रपति सूरीनाम के नेताओं के साथ बातचीत करेंगी और पारामारिबो में भारतीय डायस्पोरा से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि यह यात्रा गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी।

### बद्रीनाथ पहुंचे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**श्री बदरीनाथ धाम।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देहरादून से श्री बदरीनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। दिन सवा चार बजे के करीब श्री बदरीनाथ मंदिर दर्शन को पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिर में दर्शन/ पूजन कर जगत कल्याण की कामना की।

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय पहुंचे काशी

**वाराणसी।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय ने रविवार को श्रीकाशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी। थल सेनाध्यक्ष ने अपनी पत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया।

### चीन के सिचुआन में भूस्खलन, 14 की मौत

**नयी दिल्ली।** चीन के सिचुआन प्रांत में रविवार को एक पहाड़ ढह जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी है। जबकि, पांच लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना सिचुआन प्रांत के लेशान शहर में सुबह करीब छह बजे हुई।

### इटारसी-मुंबई डाउन ट्रैक पर बड़ा हादसा टला

**इटारसी।** इटारसी-मुंबई डाउन ट्रैक पर शनिवार रात एक मालगाड़ी के सामने अचानक एक पेड़ टूटकर गिर गया। इससे रेलवे की ओएचइ लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी। मोटे पेड़ की टहनियां ओवर हाईटेंशन लाइन (ओएचइ) में उलझ गयी थीं। बाद में इटारसी से टावर वैगन भेजकर लाइन को सुचारू किया गया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |




फोटो : समीर

# बालासोर रेल हादसे में झारखंड के 3 लोगों की मौत, 61 घायल

■ सीएम के निर्देश पर श्रम सचिव के नेतृत्व में टीम पहुंची बालासोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओडिशा के बालासोर जिले में बाहानगा रेलवे स्टेशन के समीप दो जून की शाम हुई दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए झारखंड सरकार के निर्देश पर टीम पहुंची। सूचना के मुताबिक घटना में झारखंड के 3 लोगों की मौत हुई है, जबकि 61 लोग घायल हुए हैं। झारखंड के अधिकारियों की टीम बालासोर जिला अस्पताल पहुंची और वहां ट्रेन हादसे में घायल यात्रियों के इलाज में लगी हुई है। इसके अलावा, टीम ने एनओसीसीआइ बिजनेस पार्क पहुंच मृतकों के शवों की जानकारी ली। दो पार्थिव शरीर उनके घर भेजने की व्यवस्था की, जबकि एक की शिनाख्त करने की प्रक्रिया जारी है। (शेष पेज 11 पर)



## इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से हुआ हादसा, बोले रेल मंत्री

# रेलवे बोर्ड ने की सीबीआइ जांच की सिफारिश

**बालासोर ट्रेन हादसा**

■ 288 नहीं, 275 लोगों की हुई है मौत, गिनती में गलती से बढ़ा था आंकड़ा

■ हादसे में घायल हुए लोगों का करवाया जा रहा समुचित इलाज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना मामले की जांच रेलवे बोर्ड ने सीबीआइ को सुपुर्द करने की सिफारिश की है। इस हादसे में अब तक 275 लोगों की मौत हो चुकी है और 1000 से अधिक घायल हैं। पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हादसे से जुड़ा बचाव कार्य पूरा हो चुका है और घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रेलवे पटरी को बिछाने का काम पूरा हो चुका है। अब ऊपर बिजली के तार लगाने का काम चल रहा है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह से घटनाक्रम हुआ, परिस्थितियों को देखते हुए और प्रशासनिक जानकारी के साथ रेलवे बोर्ड ने सीबीआइ जांच की सिफारिश की है।

इधर, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट कर कहा है कि इस हादसे में जिन बच्चों ने अपने अभिभावकों को खोया है, उनकी स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अडाणी समूह उठायेगा। वहीं, बालासोर हादसे को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गयी है। इसमें सुप्रीम कोर्ट से मांग की गयी है कि कोर्ट 2 जून 2023 को हुए बालासोर रेल दुर्घटना पर सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन करे। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार की सुबह रेल मंत्री से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने बचाव और रेस्टोरेशन कार्य की जानकारी ली। बता दें कि प्रधानमंत्री ने शनिवार को दुर्घटनास्थल का दौरा किया था और अस्पताल में घायलों से भी मिले थे।

इधर, रेलवे बोर्ड की ऑपरेशनल एंड बिजनेस डेवलपमेंट सदस्य जया वर्मा ने रविवार को जानकारी दी कि ओडिशा रेल हादसे में मरने वालों की संख्या 275 है, न कि 288। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने भी इसकी पुष्टि की है। जेना ने कहा कि कुछ शवों की गिनती दो बार कर ली गयी थी। घायलों की संख्या 1175 है और इनमें से 793 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। (शेष पेज 11 पर)

### दो दिन से घटनास्थल पर जमे हैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दुर्घटना स्थल पर 2 दिन से मौजूद हैं। बचाव कार्य के बाद अब दुर्घटना स्थल पर रेस्टोरेशन का काम चल रहा है। इस मामले में अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से हुई थी। उन्होंने कहा है कि पहले जैसी स्थिति लाने में बुधवार तक का समय लग सकता है। रेल मंत्री ने एक ट्वीट कर बताया कि रविवार की दोपहर 12 बजे के आसपास डाउन लाइन को ठीक कर लिया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में जो भी घायल हुए हैं, उन्हें उचित इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिन यात्रियों की मौत हुई है, उनके परिवार वालों से रेलवे संपर्क कर रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेन हादसे के कारणों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पहचाना जा चुका है। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड के अनुसार यह हादसा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से हुआ है।

# 76 सीआरपीएफ जवानों की हत्या के मास्टरमाइंड सुदर्शन की मौत

■ भाकपा माओवादी प्रवक्ता ने की पुष्टि

■ डेढ़ करोड़ का इनामी था कटकम सुदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की सेंट्रल कमेटी के मेंबर 69 वर्षीय आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन की हार्टअटैक से मौत हो गयी है। उस पर डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वह नक्सली संगठन में 40 सालों से सक्रिय था। कटकम सुदर्शन की मौत की सूचना नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर दी है। माओवादी संगठन के नक्सली प्रवक्ता अभय ने अपने प्रेस नोट में लिखा है कि 31 मई को दोपहर कटकम सुदर्शन की हार्ट अटैक से मौत हो गयी है।

**सुदर्शन पर था 1.5 करोड़ का इनाम :** बता दें कि करीब 40 सालों से नक्सली संगठन में शामिल रहे सुदर्शन पर डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। 6 अप्रैल 2010 को सुकमा जिले में हुए ताड़मेटला नक्सली हमले में 76 जवानों की मौत का वह मास्टरमाइंड था। इसके अलावा, झीरम घाटी नक्सली हमले के साथ-साथ कई बड़ी नक्सली वारदातों को अंजाम देने में कटकम सुदर्शन शामिल रहा है। इधर, नक्सलियों ने कटकम की मौत को यादगार बनाने के लिए 5 जून से 3 अगस्त तक पूरे देश में कॉमरेड आनंद संस्मरण सभाओं का आयोजन करने का एलान किया है।

**कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था इनामी नक्सली सुदर्शन :** नक्सली प्रवक्ता अभय ने जो प्रेस नोट जारी किया है, उसके अनुसार कटकम सुदर्शन पिछले कई महीनों से शुगर, बीपी सहित कई बीमारियों से जूझ रहा था। इलाज के अभाव में उसकी बस्तर में मौत हो गयी। नक्सलियों ने जंगल में ही उसका अंतिम संस्कार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुदर्शन पर सुकमा जिले में सीआरपीएफ के जवानों पर हमला करने का आरोप था। इस बड़े नक्सली हमले में सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गये थे।

### पश्चिमी सिंहभूम में दो आइइडी बरामद

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में रविवार को भाकपा माओवादियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये गये 10 किलो के 2 अलग-अलग बम और एक आइइडी बम बरामद किया गया है। बरामद विस्फोटकों को को पुलिस ने जंगल में ही नष्ट कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी से कुईड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में 5-5 किलो के 2 प्रेशर बम और 1 आइइडी बरामद सफलता मिली।

## ढाई साल में भी रिम्स निदेशक नहीं बदल पाये अस्पताल की तस्वीर

# आये थे एम्स बनाने, रिम्स छोड़कर चल दिये

■ ज्वाइनिंग के पहले दिन कहा था- रिम्स में देंगे एम्स जैसी सुविधाएं

**सुधीर**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को एम्स बनाने आये रिम्स निदेशक पद्मश्री डॉ कामेश्वर प्रसाद रिम्स ही छोड़कर चले गये। जमीनी हकीकत तो यह है कि एम्स बनना तो दूर, रिम्स अब पहले की तरह रिम्स भी नहीं रहा। डॉ कामेश्वर प्रसाद ने अपने कार्यकाल में एक भी ऐसे बड़े काम नहीं किये, जो इनके कार्यकाल में याद रखा जा सके। पिछले निदेशक डॉ डीके सिंह ने एमबीबीएस सीटें बढ़वायी थीं। 150 सीट से बढ़ाकर 180 कराया था। डॉ प्रसाद की योजना थी कि एनएमसी सीट बढ़ाकर 250 कर दे, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। इसके अलावा, एम्स की तर्ज पर रिम्स में तीन-चार नये विभाग खोलने का भी लक्ष्य था, लेकिन डॉ कामेश्वर प्रसाद एक भी नया विभाग नहीं खोल सके। उनके रिम्स छोड़ने के बाद इनकी कही एक बात याद आ रही है। उन्होंने ज्वाइनिंग के पहले ही दिन मीडिया को बयान देते हुए कहा था कि मैं एम्स से आया हूं। वहां की उपलब्धियां जानता हूं और कमियां भी। रिम्स को भी एम्स बना दूंगा।

रिम्स में अब भी गैस्ट्रो, हीमेटोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी विभाग नहीं है। संबंधित विभाग के एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हैं, जबकि डॉ डीके सिंह के कार्यकाल में न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग शुरू किया गया था। इन्होंने अपने कार्यकाल में सिर्फ रिसर्च को बढ़ावा दिया। (शेष पेज 11 पर)

### एक छात्र से निदेशक तक का तय किया सफर




डॉ प्रसाद ने कहा कि मैं रिम्स से संतुष्ट होकर जा रहा हूं। रिम्स निदेशक के रूप में उन्होंने 2 साल 6 महीना 18 दिन तक अपनी सेवा रिम्स में दी। 13 नवंबर 1972 को एक छात्र के रूप में तत्कालीन आरएमसीएच में अपना नामांकन कराया था। 1979 में एमबीबीएस करने के बाद 1980-83 के बीच एमडी मेडिसिन एम्स से किया। डॉ कामेश्वर के साथ पढ़ने वाली डॉ मिनी रानी अखौरी ने पुरानी यादों को साझा करते हुए कहा कि वे एक अच्छे गायक भी हैं और कॉलेज कैंपस में सरस्वती पूजा के दौरान उन्होंने क्लासिकल गीत भी गुनगुनाये थे।



### अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर में चलेगा भर्ती कैंप

# श्रम विभाग का मेगा भर्ती कैंप आज, 975 पदों पर होगी बहाली




**वेल्पुन इंडिया लिमिटेड गुजरात और पीएनबी मेटलाइफ रांची में विभिन्न पदों पर होगी बहाली**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 5 जून, सोमवार को मेगा भर्ती कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर रांची में आयोजित होगा। इस कैंप में इंश्यूरेंस मैनेजर सहित विभिन्न 975 पदों के लिए बहाली होगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी इसमें अपने प्रमाण पत्रों के साथ में इसमें शामिल हो सकते हैं।

### इन कंपनियों में इन पदों पर होगी बहाली

वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद- ट्रैनी वेबरिंग ऑपरेटर, कुल पद- 200। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-ट्रैनी रिंग ट्रैनी ऑपरेटर, कुल पद-200। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-ट्रैनी एसएमओ, कुल पद-100, योग्यता-10 वीं पास। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-चेकर, कुल पद-100। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-ट्रैनी प्रिटिंग, कुल पद-100। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-ऑपरेटर फीटर ट्रैनी,कुल पद-50, योग्यता-आईटीआई पास, उम्र-18 से 30 वर्ष। वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड अंजर, कुटेक, गुजरात, पद-इलेक्ट्रिसिटियन, कुल पद-50, योग्यता-आईटीआई, उम्र-18 से 30, वेतन-12000, अनुभवन-दो वर्ष। पीएनबी मेटलाइफ सनराइज फोरम, वर्द्धमान कंपाउंड रांची, पद-चीफ इंश्यूरेंस मैनेजर, कुल पद-25, योग्यता- 12 वीं पास/ग्रैजुएट, उम्र-25 प्लस, वेतन-3.60 लाख प्रति वर्ष, अनुभव-5 साल। पीएनबी मेटलाइफ सनराइज फोरम, वर्द्धमान कंपाउंड रांची, पद-लाइफ इंश्यूरेंस मैनेजर, कुल पद-50, योग्यता-12 वीं पास,/ग्रैजुएट, उम्र-25 प्लस, वेतन-2.40 से 3.60 प्रति वर्ष, अनुभव-3 वर्ष। पीएनबी मेटलाइफ सनराइज फोरम, वर्द्धमान कंपाउंड रांची, पद-फाइनांसियल एडवाइजर, कुल पद-100, योग्यता-10 वीं/ 12 वीं पास, उम्र-25 प्लस, वेतन-1.80 प्रति वर्ष, अनुभव-2 साल/ फ्रेशर। अभ्यार्थियों को अपने साथ बॉयोडटा की दो कॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज का फोटो लाना अनिवार्य है।

## सीएमएम चंदन कुमार के खिलाफ जांच का आदेश

**रांची।** नगर विकास विभाग के अवर सचिव राज कुमार ने नगर आयुक्त को सिटी मिशन मैनेजर (सीएमएम) के पद पर कार्यरत चंदन कुमार के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्र के आलोक में जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अवर सचिव ने इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से प्राप्त आवेदन में उल्लिखित बिंदुओं की जांच कर कृत कार्रवाई से अवगत कराने का भी निर्देश दिया है। इस संदर्भ में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को राकेश चौधरी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र को संलग्न कर चंदन कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। विदित हो कि चंदन कुमार के खिलाफ राकेश चौधरी ने 21 अप्रैल 2023 को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को पत्र प्रेषित किया था। जिसमें चंदन कुमार पर नगर निगम की अभियंत्रण शाखा में अनौपचारिक रूप से सहायक अभियंता के रूप में काम करने और संवेदकों को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की गई थी।

# रांची विधायक के ट्वीट पर सिमडेगा में आरोपी धराया

**सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाला था आरोपी सदाब सुहैल**

**विधायक ने ट्वीट कर की थी कार्रवाई की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना भड़काने के आरोपी एक युवक को सिमडेगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक का नाम सदाब सुहैल है, उसने अन्य धर्म के देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। साथ ही महिलाओं को लेकर भी गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की थी।

**रांची विधायक सीपी सिंह ने किया ट्वीट :** रांची विधायक सीपी सिंह ने ट्वीट कर सिमडेगा पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की थी। रांची विधायक के ट्वीट करने के बाद मामला गरमा गया। मामला तूल पकड़ता देख सिमडेगा पुलिस एक्शन मोड में आई और बिना किसी देरी के आरोपी सदाब सुहैल को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे रविवार को जेल भेज दिया गया। आरोपी युवक के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले पर एसडीपीओ डेविड ए दोडराय ने कहा कि सोशल मीडिया पर सदाब सुहैल नाम के एक युवक द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की गयी थी। जिसके बाद मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

**आरोपी युवक कांग्रेस का कार्यकर्ता :** बताया जा रहा है कि आरोपी युवक कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता है, जो सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा का करीबी माना जाता है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावना को भड़काने के आरोपी युवक और सिमडेगा विधायक का एक फोटो भी काफी वायरल हो रहा है।

**खबर एक नजर में**

## बिजली दर में वृद्धि अनुचित : लंबोदर महतो

**रांची।** विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बिजली दर और फिक्स चार्ज में की गई वृद्धि को जनहित के विरुद्ध करार दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य भर में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। बावजूद इसके बिजली दर में वृद्धि कर लोगों को जोर का झटका दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र दिन हो या रात हर घंटे बिजली कटती है। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। कई स्थानों पर बिजली के नाम पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कहीं-कहीं तो तकनीकी खराबी आने पर मेंटेनेंस के नाम पर अलग से बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली की आंख मिचौली के बीच ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत भी आ रही है। बिजली मिले या ना मिले लोगों को बिजली बिल भुगतान के लिए भी परेशान किया जा रहा है। राज्य सरकार का रवैया ठीक नहीं है।

## निगम-बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष व सदस्यों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी बधाई



**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय लाल पासवान एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक और सदस्य राकेश सिन्हा को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बधाई दी है। कहा कि चुने गये सभी लोग अनुभवी हैं इसलिए दी गयी जिम्मेवारी को ईमानदारीपूर्वक निभायें। इससे पूर्व नवनियुक्त अध्यक्ष व सदस्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मिले और उनका आभार प्रकट किया। नवनियुक्त अध्यक्षों ने कहा कि बोर्ड निगम का गठन प्रदेश नेतृत्व की मजबूती और सरकार से बेहतर संबंध का ही परिणाम है। बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राज राजेंद्र प्रताप देव, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ, गजेन्द्र सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, आलोक तिवारी, मोबिन अंसारी शामिल थे।

## सेल का साइकिलिंग और पौधारोपण कार्यक्रम



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को सेल में साइकिलिंग और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह छह बजे जगदीश अरोड़ा (ईडी सीईटी) ने सेल सैटेलाइट टाउनशिप स्थित इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल से साइकिलिंग कार्यक्रम को झंडी दिखाकर रवाना किया। सेल के कई कर्मचारी सेल सैटेलाइट टाउनशिप से नये विधान सभा तक गये और फिर वापस लौटे। इस दौरान कुल 14 किमी की दूरी तय की गयी। इस कार्यक्रम में 45 साइकिल चालकों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। बाद में इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल उद्यान में जगदीश अरोड़ा के नेतृत्व में सेल के वरिष्ठ सहयोगियों ने पौधरोपण किया।

### अपनी मांगों के समर्थन में सहायक अध्यापकों के दूसरे चरण का आंदोलन शुरू

# 17 को सीएम आवास का घेराव करेंगे सहायक अध्यापक, मंत्रियों को ज्ञापन देकर मांगी मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार 17 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाना है। इसी क्रम में मोर्चा के सदस्यों ने रविवार को राज्य के सभी मंत्रियों के आवास पर अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र दिया है। इनमें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम के प्रतिनिधि, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, निबंधन मंत्री हफीजुल हसन, महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी, पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि और वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि के अलावा परिवहन मंत्री चंपई सोरेन और श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर सभी मंत्रियों और उनके प्रतिनिधियों को एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने 17 जून को होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होने का आग्रह किया। सहायक अध्यापकों ने उन्हें बताया कि राज्य के सहायक अध्यापकों के लिए एक नियमावली बनी है, जिसमें कुछ बिंदुओं पर सरकार अभी तक आगे नहीं बढ़ी है। उन बिंदुओं को लेकर सहायक अध्यापक 17 जून को रांची में जुटेंगे। मांगों में सहायक अध्यापकों का वेतनमान, इपीएफ और अनुकंपा का लाभ दिया जाये और आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द किया जाये। साथ ही अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण करने का एक मौका दिया जाए, 4 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी जनवरी 2023 से सभी सहायक अध्यापकों को अविलंब दिया जाए। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली मे संशोधन किया जाए। यह जानकारी एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के संजय कुमार दुबे, ऋषिकेश पाठक, सिंटू सिंह और दशरथ ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

# बिरसा मुंडा जेल संग्रहालय मोदी सरकार की देन : दीपक प्रकाश

**विकास तीर्थ कार्यक्रम तहत प्रोग्राम आयोजित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा जेल संग्रहालय मोदी सरकार की ऐतिहासिक देन है। श्री प्रकाश रविवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत पुराना जेल भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क एवं संग्रहालय का भ्रमण के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने इसे विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भगवान बिरसा के शहादत स्थल को ही विकसित नहीं किया बल्कि उनकी जन्म तिथि को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाकर पूरी दुनिया में झारखंड का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा का बलिदान केवल अंग्रेजी दासता के खिलाफ नहीं बल्कि झारखंड की संस्कृति और पहचान को नष्ट करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के मंसूबों को विफल करना ही भगवान बिरसा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, केके गुप्ता, वरुण साहू, बलराम सिंह, जितेन्द्र सिंह पटेल, राकेश भास्कर, शोभा यादव, बसंत दास, चंद्रप्रकाश, अरविंद सिंह पिंटू, अनिता वर्मा, सुजाता सिंह, आनन्द वर्मा, सुवेश पांडेय, सुजीत शर्मा, दीपक साह, निलेश सिंह, सूर्यप्रताप, सुभाष अग्रवाल, कुमार उत्कर्ष आदि उपस्थित थे।

### बलदेव भुइयां भाजपा में शामिल

# लोगों को झामुमो से हो रहा मोग भंग : दीपक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि झामुमो में पार्टी कार्यकर्ताओं की नहीं, परिवार विशेष का ही महत्व है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद ठगबंधन दलों से आदिवासी दलित पिछड़े वर्गों का मोह चलता है। श्री प्रकाश रविवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। उम्मीदों पर पानी फेरा है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने खून पसीने से पार्टी को सींचा था ताकि राज्यवासियों के सपने साकार हों, लेकिन सत्ता में आते ही यह पार्टी केवल परिवार की भलाई की चिंता करने लगी है। मुख्यमंत्री खुद अपने नाम से लीज लेने लगे, पत्नी को औद्योगिक भूमि दे दी। भाई को खनन पट्टा दे दिया। अपने प्रतिनिधि को लूटने की छूट दे दी। मौके पर झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां और उनके समर्थक छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रविंद्र राजू, पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी सहित भुइयां समाज के सैकड़ों कार्यकताओं ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



**दलितों, आदिवासी का भाजपा में सम्मान :** दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कार्यकताओं के त्याग, परिश्रम से सरकार बनी। लेकिन सरकार में कार्यकर्ता बाहर और दलाल बिचौलिए शामिल हो गये। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं की पीड़ा भाजपा ही दूर करेगी। भाजपा ने दलित, आदिवासी समाज को पूरा सम्मान दिया है। मोदी सरकार अंत्योदय के संकल्पों के साथ गांव, गरीब, दलित, वंचित, पिछड़ों के विकास के लिए समर्पित है। कोरोना काल में गरीबों की सेवा में मोदी सरकार ने पूरी ताकत लगा दी। सदस्यता ग्रहण के बाद बलदेव भुइयां सहित अन्य नेताओं ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों, नीतियों और उनके देश के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर सुनील सिंह मुंडा, चंचल चटर्जी, प्रधान चंद महतो, शांतनु मुखर्जी समेत अन्य उपस्थित थे।

### गुमला में मुठभेड़ में मारा गया नक्सली लाजिम अंसारी बदले की भावना से बना था नक्सली

# ज्यादती का बदला लेने के लिए हल छोड़कर बंदूक थाम लिया था इनामी नक्सली लाजिम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस ने शुक्रवार को जिस इनामी नक्सली लाजिम अंसारी को मुठभेड़ में मार गिराया था वह नक्सली बनने से पूर्व एक किसान था। लाजिम 2015 में नक्सली बना था। बदले की भावना की वजह से वह नक्सली बन बैठा था। लाजिम के परिजनों ने बताया कि वह काफी मेहनती ओर इमानदारी किसान था। नक्सली बनने से पहले उसकी शादी हो चुकी थी। वह खेतीबारी और पशु का व्यापार करता था। उसे तीन बेटी और एक बेटा है। वर्ष 2015 में वह पशु के कारोबार को लेकर अपने एक साथी एजाज अंसारी के साथ सदर थाना क्षेत्र के खरका गांव पहुंचा था। उस समय खरका गांव में एक व्यक्ति की दर्जनों भैंस चोरी हो गई थी। भैंस चोरी करने के आरोप में खरका गांव के ग्रामीणों ने लाजिम व एजाज को पकड़ दोनों की पिटाई कर दी गई थी। पिटाई के वक्त दोनों ने खुद को बेकसूर बताया, मगर ग्रामीणों ने उसकी एक भी नहीं सुनी। ग्रामीणों ने दोनों के ऊपर केस भी कर दिया था। इस दौरान लाजिम और एजाज चोरी गए भैंस को ढूंढ कर ला देने की बात कही थी। दोनों ने कुछ दिनों के अंदर ही भैंस ढूंढकर उसके मालिक के हवाले कर दिया था। इसके बावजूद दोनों के ऊपर शक का दायरा ओर बढ़ गया था।

### बदला लेने के लिए संगठन में हुआ था शामिल

लोगों ने खरका गांव के शैलेश तिवारी और जेजेएमपी नामक उग्रवादी संगठन से सांठगांठ रखने वाले एक व्यक्ति के इशारे में दोनों की पिटाई कर दी थी। साथ ही उसे प्रताड़ित भी किया था। इसी घटना के बाद लाजिम खुद के साथ ज्यादती करने वालों से बदला लेने की ठान ली थी। कुछ दिन बाद मौका मिलते ही वह शैलेश तिवारी की उसने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिर हत्याकांड के दूसरे दिन ही घर से फरार हो गया था। साथ ही नक्सली बुधेश्वर से संपर्क कर संगठन में शामिल हो गया। लाजिम के नक्सली बनने के बाद वह खुद के साथ हुए ज्यादती का बदला भीड़ में शामिल रहने वाले लोगों से लेना चाहता था। साथ ही कई बार इसके लिए उसने प्रयास भी किया, मगर इस प्रयास में वह सफल नहीं हो पाया था।

### ... जब वह नक्सली बनने के लिए घर से भागा तो पत्नी थी गर्भवती

परिजनों ने बताया कि जब वह घर से भागकर नक्सली बन बैठा था, तब उसकी पत्नी गर्भवती थी। उसके नक्सली बनने के आठ दिन बाद पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया था। बेटी के जन्म लेने के डेढ़ माह बाद वह घर आया था, साथ ही पत्नी को बच्चों की परवरिश अच्छे से करने की बात कही थी। मगर इसके बाद से आज तक वह घर नहीं आया। परिजनों ने कहा कि चार भाई बहनों में लाजिम सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई घर में रहकर खेतीबारी करते हैं। पिता ने कहा कि बेटे के गलत रास्ते पर जाने के बाद कई बार मैसेंजर भेज कर उसे समाज की मुख्यधारा में जुड़ने को कहा गया था। मगर वह उसकी बात को नहीं माना. काफी समझाने के बाद भी वह नहीं माना। अब कुदरत को जो मंजूर था वही हुआ उसके साथ।पिता ने कहा कि बेटा था। उसके मारे जाने से दुख तो जरूर हुआ, मगर नक्सली बनने से पूर्व बेटे के साथ जो ज्यादती हुई वह किसी ओर के साथ नही हो, यही दुआ करता हूं। पिता ने कहा कि लाजिम के नक्सली बनने के बाद से परिवार अक्सर तबाह रहा।

# गुरिल्ला युद्ध का रणनीतिकार था आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन

**कटकम सुदर्शन की पत्नी साधना भी थी नक्सली, मुठभेड़ में पुलिस ने मार गिराया था**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन तेलंगाना के आदिलाबाद में जन्मे सुदर्शन ने वारंगल में पॉलिटेक्निक की पढ़ाई की थी। साम्यवादी विचारधारा की ओर आकर्षित होकर वह सन 1980 के दशक में नक्सली आंदोलन में शामिल हो गया था। उसके बाद से ही वह छुपकर नक्सली गतिविधियों को अंजाम देते रहा।

वह नक्सली संगठन में केंद्रीय समिति का सदस्य था। पार्टी में उसे आनंद मोहन, वीरेंद्र जी, कटकम के नाम से भी जाना जाता है। अक्सर नक्सली इन्हीं नामों से उसे बुलाते थे। मंचीरयाला जिले के कटकम सुदर्शन 1980 में कोंडपल्ली सीतारामय्या के नेतृत्व वाले पीपुल्स वॉर ग्रुप में शामिल हुआ। आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में नक्सली आंदोलन और संगठन के विस्तार में सुदर्शन की अहम भूमिका रही।

### चार राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश

केंद्रीय कमेटी सदस्य आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन को गुरिल्ला युद्ध का रणनीतिकार भी कहा जाता है। उसकी पत्नी साधना भी नक्सली थी और इस पर भी लाखों रुपए का इनाम घोषित था। कुछ साल पहले पुलिस - नक्सली मुठभेड़ में पुलिस के जवानों ने साधना को मार गिराया था। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी बताते हैं कि लंबे समय से चारों राज्यों की पुलिस केंद्रीय कमेटी मेंबर सुदर्शन की तलाश कर रही थी। कई बार उसके सक्रिय होने की जानकारी भी मिली और ऑपरेशन भी लॉन्च किया गया, लेकिन वह हर बार मुठभेड़ से भाग निकलने में कामयाब रहा। नक्सली संगठन ने प्रेस नोट जारी कर हार्ट अटैक से उसकी मौत की पुष्टि की है।

## राष्ट्रीय युवा शक्ति ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** रविवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति के द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में बालासोर में ट्रेन में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी। दुर्घटना में मारे गये लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिये दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। भगवान से प्रार्थना की गई जितने भी लोग घायल हैं जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाये। घटना के दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की गयी।

श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मिथिलेश सिंह, सावन लिंडा, वीरेंद्र गोप, प्रीति सिन्हा जयसवाल, सुमन विद, किरण कुमारी, राहुल गुप्ता, निखिल गुप्ता, रोहित यादव, विक्की तिर्की, अजय सिन्हा टुन्ना, अशोक पांडे, रवि शर्मा, चंदा तिवारी, प्रीति चौधरी सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पीएम के विचारों से प्रभावित होकर ली सदस्यता : बलदेव

## प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के हाथों भुइयां ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता, झामुमो दलित मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर थे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों झामुमो, कांग्रेस के नेता-कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रविंद्र राजू,पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी सहित भुइयां समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं। इस अवसर पर लातेहार जिला परिषद सदस्य सरोज देवी भी उपस्थित थी। स्वागत भाषण भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने,संचालन प्रदेश मंत्री एवम जमशेदपुर जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी का पटका,एवम फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुबोध सिंह गुड्डू ने 7820078200 नंबर डायल कराकर सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन दलों से आदिवासी दलित पिछड़े वर्गों का मोह भंग हो गया। क्योंकि इस ठगबंधन सरकार ने लगातार जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। उम्मीदों पर पानी फेरा है। श्री प्रकाश ने कहा कि झामुमो कार्यकताओं ने खून पसीने से पार्टी को सींचा था ताकि राज्यवासियों के सपने साकार हों लेकिन सत्ता में आते ही यह पार्टी केवल परिवार की भलाई की चिंता करने लगी। उन्होंने कहा कि परिवार हित केलिए हेमंत सरकार ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री खुद अपने नाम से लीज लेने लगे, पत्नी को आद्योगिक भूमि दे दी, भाई को खनन पट्टा दे दिया, अपने प्रतिनिधि को लूटने की छूट दे दी। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकताओं के त्याग, परिश्रम से सरकार बनी लेकिन सरकार में कार्यकर्ता बाहर और दलाल बिचौलिए शामिल हो गए। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकताओं की पीड़ा भाजपा ही दूर करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दलित, आदिवासी समाज को पूरा सम्मान दिया। संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान दिया। उनसे जुड़े पंच तीर्थ को विकसित और महिमा मंडित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अंत्योदय के संकल्पों के साथ गांव, गरीब, दलित, वंचित, पिछड़ों के विकास के लिए समर्पित है। कोरोना काल में गरीबों की सेवा में मोदी सरकार ने पूरी ताकत लगा दी। 210 करोड़ से ज्यादा टीकाकरण, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज जैसे कार्य से जनता को संकट की घड़ी में बड़ी राहत दी गई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार मोदी सरकार के सपनो को धरातल पर उतारने में बाधक बन रही। उन्होंने सभी से मोदी सरकार की उपलब्धियों और राज्य सरकार की नाकामियों को घर घर जाकर उजागर करने का आह्वान किया। उन्होंने देश में तीसरी बार मोदी सरकार का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भारत माता को विश्वगुरु बनाने केलिए संकल्पित और समर्पित हैं।


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश पार्टी का पटका ओढा कर बलदेव को पार्टी में शामिल करते हुए। साथ में हैं जमशेदपुर अध्यक्ष गुंजन यादव।

### कोल्हान में भाजपा की आवाज और बुलंद होगी : बलदेव

सदस्यता ग्रहण के बाद बोलते हुए बलदेव भुइयां ने कहा कि भारत के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारों, नीतियों और उनके देश के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश सहित नेतृत्व का पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए आभार प्रकट किया। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा विधानसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने में वे पूरी ताकत से जुटेंगे। कहा कि कोल्हान में भाजपा की आवाज और बुलंद होगी।रविंद्र राजू ने कहा कि शबरी कुल में जन्म हुआ है इसलिए राम की सेवा हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा रामकाज के लिए भाजपा ही उचित मंच है। स्वागत भाषण करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि बलदेव भुइयां के भाजपा में शामिल होने से कोल्हान प्रमंडल में भाजपा और मजबूत होगी। कार्यक्रम को ममता भुइयां ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जमशेदपुर एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा, सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष चंचल चक्रवर्ती , कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी सहित जमशेदपुर एवम पलामू से आए सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

---

**स्पीड न्यूज**

### श्रीश्री जगन्नाथ जी ने भाई-बहन के साथ किया स्थान

**जमशेदपुर।** इस्कॉन, जमशेदपुर द्वारा रविवार 4 जून को शाम 4:00 बजे धालभूम क्लब, साकची, जमशेदपुर में श्री श्री जगन्नाथ स्नानोत्सव का आयोजन संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपदा जी के द्वारा बताये गये विधिनुसार किया गया। इस अवसर पर ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर भगवान की मूर्तियों को गर्भगृह से स्नान मंडप में लाया गया और वैदिक मंत्रों के साथ 108 घड़ों से भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और देवी सुभद्रा को स्नान कराया गया। उसके बाद भगवान जगन्नाथ गजभेष में अपने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। उक्त रूप को संसार के कल्याणकारी रूप माना जाता है। खास बात ये है कि भगवान को स्नान कराने वाले इस पानी में कई तरह की औषधियां मिलाई जाती है। सुंगधित फूल, चंदन, केसर, कस्तूरी को पानी में मिलाया जाता है। विधायक सरयू राय भी इस अवसर पर भगवान का आर्शीवाद लेने पहुंचे।

### स्वर्णरिखा नदी बचाने की मांग पर सरयू राय आज गांधी घाट पर देंगे धरना

**जमशेदपुर।** स्वर्ण रेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट व जनसुविधा ट्रस्ट के कार्यक्रम संयोजक मुकल मिश्रा ने बताया कि दोनों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 05 जुन सोमवार को सुबह 9.30 बजे से जमशेदपुर की लाइफलाइन स्वुर्णरेखा व खरकई की बदहाली के खिलाफ मानगो के गांधी घाट में सांकेतिक धरना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय करेंगे।

### ट्रेन हादसे पर आजसू प्रधान महासचिव ने जताया गहरा दुख

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बालासोर ट्रेन हादसे पर गहरा शोक जताया साथ ही मृतकों के प्रति पूरी संवेदना जताते हुए बताया कि घायलों को बेहतर इलाज उड़ीसा के सीमावर्ती राज्यो को भी करना चाहिए। खासकर झारखंड प्रदेश के मजदूर वर्गो का खास ख्याल रखना चाहिए और उनके परिवार को आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

---

## सिख स्टूडेंट फेडरेशन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# ...इन फड़कती भुजाओं में आसमां छूने का अरमान भी है : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने प्रतिभावान बच्चो को यंग अचिवर्स अवार्ड से सम्मानित करते हुए कहा कि पंख भी है उड़ान भी है हौसलों में जान भी है इन फड़कती भुजाओं में आसमां छूने का अरमान भी है।उन्होंने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी। वे ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन द्वारा छात्रों के सम्मान में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्बोधित कर रहे थे। रविवार की शाम को बिष्टुपुर गुरुद्वारा साहिब परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आईसीएसइ एवं सीबीएसई में अव्वल आये सिख बच्चो को मोमेंटो ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे अमरप्रीत सिंह काले का स्वागत करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान अव्वल आये बच्चो को मुख्य अतिथि अमरप्रीत सिंह काले एवं सतनाम सिंह गंभीर ने मोमेंटो ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समारोह के आयोजनकर्ता सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि शिक्षा का सम्मान आवश्यक रूप से होना चाहिए और फेडरेशन छात्रों का सम्मान आगे भी करती रहेगी। मोहिंदर सिंह भुईं ने कहा कि प्रतिभावान बच्चो का सम्मान और हौसला अफजाई बहुत जरूरी है। बिष्टुपुर गुरुद्वारा के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा की विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धा खुद अपने आप से करनी चाहिए यही जज्बा उनको सफलता दिला सकता है। बिस्टुपुर गुरुद्वारा के महासचिव त्रिलोक सिंह ने फेडरेशन की पूरी टीम को बधाई दी। जबकि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरजीत सिंह भामरा इंदरजीत सिंह पनेसर , इंदरपाल सिंह, मनमीत लूथरा, , मंजीत सिंह गिल अमरजीत सिंह, अवतार सिंह, इंदरपाल सिंह, सरबजीत सिंह भुल्लर मनप्रीत सिंह प्रीतपाल सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


सम्मानित किये गये प्रतिभाओं के साथ समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

---

## झामुमो ने बलदेव को पार्टी से निष्कासित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रविवार झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यसमिति की बैठक स्थान निर्मल गेस्ट हाउस बिस्टुपुर में विधायक घाटशिला सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक मेंश्री रामदास सोरेन ने प्रखण्ड अध्यक्ष,सचिव नगरपालिका अध्यक्ष सचिव, जिला के पदाधिकारी एवम कार्यसमिति के सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्यों को सदस्यता बुक का वितरण किया गया और सभी को निर्देश दिया गया की तीस जून तक हर हाल में सदस्यता बुक हाथकट्टी जिला समिति को जमा करेंगे। इस बैठक में बालासोर कोरामंडल ट्रेन हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। झामुमो इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ है। इस बैठक में सदस्यता अभियान पूर्ण होने के बाद जिला के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यसमिति के आपात बैठक में पार्टी के जिला समिति सदस्य श्री बलदेव भुईयां द्वारा बरती गई पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी संविधान के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी से निष्कासित किया गया। यह निर्णय पार्टी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्री मोहन कर्मकार, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, पूर्व सांसद सुमन महतो,केंद्रीय सदस्य शेख बदरूदीन,राजू गिरी, बीरसिंह सुरेन, शंकर चंद्र हेंब्रम, प्रमोद लाल,आस्तिक महतो, मनोज यादव, बबलू चौधरी,आदित्य प्रधान,ललित मंडी,जिला सचिव घनश्याम महतो, लालटू महतो, जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, बघराई मार्डी, योगेंद्र कुमार निराला, कालीपादो गोराई, नरोत्तम दास, श्यामल रंजन सरकार, राज लकड़ा,अजय रजक, विद्यासागर दास, डोमन माझी,नंटू सरकार, प्रीतम हेंब्रम, गुरमीत सिंह गिल, मानसिंह बेसरा,राजा सिंह, डी राकेश राव, सविता सिंह,रजनी दास, झरना पाल, सविता दास, प्रखण्ड के अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, वकील हेंब्रम, बहादुर किस्कू, अश्विनी महतो, श्यामापदो महतो,प्रधान सोरेन,सुधीर सोरेन, दलगोविंद लोहरा, फतेह चंद टुडु, मो जमील,गोपाल महतो, युगल किशोर मुखी,पिंटू दत्ता, फैयाज खान, रानू मण्डल, अनवर अली, सोनू अग्रवाल, कामाख्या गौड़, सोमाय सोरेन, रतन महतो,इंद्रपाल सिंहआदि उपस्थित थे।

---

## मानसून आने के पहले मानगो का सुलीईस गेट खराब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानसून आने में कुछ ही दिन बाकी है मानगो में स्वर्णरिखा नदी की तराई में बना तीनों सुलीईस गेट मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुका है। स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को बुलाकर गेट की यथास्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जबसे सुलीईस गेट बनाया गया है तब से एक बार भी इसकी मरम्मत नहीं की गई है जिसके कारण यह पूरी तरह जर्जर हो चुका है घंटों हैंडल घुमाने के बाद भी एक इंच भी लोहे का फाटक नीचे नहीं गिरता है जिसके कारण बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर जब बढ़ जाता है तो पूरा मोहल्ला जलमग्न हो जाता है जिससे लाखों रुपए का नुकसान स्थानीय लोगों को होता है ।मानगो के श्याम नगर, शांति नगर और कुंवर बस्ती तीनों का सुलीईस गेट हाथी का दांत बना हुआ है जो केवल नाम का है काम का नहीं है। स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को बताया कि जब गेट का निर्माण हो रहा था तो सभी लोगों को लग रहा था कि आजीवन हम सभी को बाढ़ से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ गेट आरम्भ में कभी भी सही तरीके से काम नहीं किया और अब तो मरम्मत के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गया है । मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने गेट को चला कर देखा लगभग आधे घंटे हैंडल घुमाने के बाद भी गेट नीचे नहीं उतरा ।

मोबिल, गिरीस और रखरखाव के अभाव में सारे कलपुर्जे में जंग पकड़ लिए हैं विकास सिंह ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूरे मामले की जानकारी उपायुक्त महोदया के साथ-साथ जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को दी जाएगी। उसके बाद भी अगर काम नहीं हुआ तो जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता और कार्यपालक अभियंता के ऊपर जान माल की हानि के साथ साथ सरकारी राशि का दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

---

# पीएम बतायें, रेलवे में कहां है सुरक्षा कवच : आनंद बिहारी दूबे

## कांग्रेस ने गोविंदपुर चांदनी चौक पर की नुक्कड़ सभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर मंडल कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नुक्कड़ सभा का आयोजन चांदनी चौक, गोविंदपुर में संध्या 6:00 बजे से मंडल अध्यक्ष नरेश गौरा के अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री आनंद बिहारी दुबे उपस्थित हुए। सभा में सर्वप्रथम बालासोर में भीषण रेल दुर्घटना में मृत हुए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई, साथ ही जिला अध्यक्ष ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि इस दुख की घड़ी में मृत्यु हुए लोगों के परिजनों को ईश्वर शक्ति प्रदान करें और मृत आत्मा को शांति और अपने लोक में स्थान दें। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नुक्कड सभा के माध्यम से कुछ सवाल देश के प्रधानमंत्री से किया कि चार वर्ष पूर्व यह कहा गया कि भारतीय रेलों में सुरक्षा कवच लगाया जा रहा है। जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना नही होगी। मोदी जी के सुरक्षा कवच के सम्बन्ध में भारतीय मीडिया ने कुद कुद कर इतना तक कह डाला कि मोदी है तो मुमकिन है। टीवी में और न्युज में दिन रात कवच के प्रशंसा को दिखाया गया। जिसके नाम पर रेल किराया बार बार बढाया गया, इतना ही नही सीनियर सिटीजन के सुविधाओं को मोदी जी ने हटवा दिया, लोग यह जान कर अत्याचार सहा कि रेल में सुविधा बहाल होंगे और कवच से सुरक्षा होगी, परन्तु आम जनता फिर से धोखा का शिकार हो गई। अब मीडिया के लोग बताये कि बिना सोचे समझे क्यों जनता को फंसाया गया। यह घोर निंदनीय कृत्य है। मोदी जी के एक एक राज खुल कर सामने आ रहे है। रेल विभाग में सिर्फ मोदी जी के कारण 3 लाख 12 हजार स्वीकृत वैकेंसी को रोक दिया गया है। जब कि सरकार का काम है, रोजगार का सृजन करना यहाँ तो नौजवान को नौकरी से ही वंचित रखा गया है। भारतीय रेल मैन पावर की कमी से जूझ रहा है, तो सिर्फ मोदी जी के निर्णय हीनता के कारण। इसका सीधा प्रभाव रेल के सुरक्षा, पटरियों के सुरक्षा में दिखाई देने लगा है।

---

**खबर एक नजर में**

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने 265 को दिए वृद्धा पेंशन के प्रमाण पत्र

**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कुल 265 वृद्धा और विधवा के बीच पेंशन प्रमाण पत्र एवं 10 लोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र स्वास्थ्य श्री बन्ना गुप्ता ने अपने कदमा स्थित कार्यालय से वितरण किया। मंत्री ने कहा कि बुजुर्गों एवं माताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना मेरी प्राथमिकता है। मैं ने कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर इसका लाभ पहुंचाएं। इस दौरान मनोज झा,प्रभात ठाकुर, बबुआ झा,संजय तिवारी, माजिद अख़्तर,कैलाश रजक, इरशाद हैदर,रवि दुबे,जय प्रकाश साहू, राकेश जयसवाल, मानस गिरि,दिनेश पोद्दार,विशु, राजकुमार दास,किट्टू पाजी, तुला, विनोद रजक, बाबू प्रमाणिक सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महिला पहलवानों के मुद्दे पर पीएम की चुप्पी चिंता की बात : नलिनी सिन्हा

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा जी के निदेर्शानुसार और झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुश्री गुंजन सिंह के आदेशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी सिन्हा के द्वारा संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर कांग्रेस महिला मोर्चा की नव निर्वाचित अध्यक्ष नलिनी सिन्हा ने कहा कि आंदोलनरत महिला पहलवानों की मांगों पर ध्यान देते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह जल्द से जल्द कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष सह भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को अविलंब गिरफ्तार करवायें। नलिनी सिन्हा ने कहा कि महिलाओं के मुद्दे पर पीएम मोदी और उनके मंत्री बातें तो बड़ी बड़ी करते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी मंत्रिमंडल में महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी जी तो मूक दर्शक बनी बैठी हैं, क्या यह मुद्दा उनके मंत्रालय का नहीं है? 35 दिन बाद सवाल का जवाब देने सामने भी आयी तो सुप्रीम कोर्ट की आड़ में फिर अपने गलत फैसलों को बचाने की कोशिश की... महंगाई, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर तो स्मृति जी मंत्री बनने से पहले ही ज्ञान दिया करती थी, अब तो उनकी बोलती बंद ही रहती है। वहीं मोदी सरकार की एक और महिला मंत्री को आप सब ने दिल्ली की सडकों पर दौड़ लगाते देखा ही होगा, पहलवान बेटियों पर सवाल पूछा तो मिनाक्षी लेखी जी ने ऐसी स्पीड पकड़ी मानो मैराथन रेस दौड़ रही हैं।

### आक्रोश जनसभा में कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग का किया विरोध

**चांडिल।** चांडिल के गांगुडीह फुटबल मैदान में रविवार को संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल के बैनर तले आदिवासी आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के अलावा बोड़ाम, पटमदा, गम्हरिया, घाटशिला, सरायकेला, राजनगर, कुचाई, खरसावां एवं पश्चिम बंगाल से आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक तीर कमान एवं औजार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। आदिवासी समाज के लोगों ने कुड़मीयों को एसटी का दर्जा देने की मांग का विरोध किया। श्यामल मार्डी ने कहा कुड़मीयों को आदिवासी का दर्जा की हम कड़ी विरोध करते हैं। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, लक्ष्मी सरदार, रामेश्वर बेसरा, श्यामल मार्डी, बोनु सिंह सरदार, सुधीर किस्कू, सुदामा हेंम्ब्रम, बाबु राम सोरेन, रविन्द्र सरदार उपस्थित थे।

### बारीडीह मारवाड़ी समाज ने 2500 राहगीरों में बांटा शर्बत और फ्रूट सलाद

**जमशेदपुर।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए स्वर्गीय सीता देवी की पुण्य स्मृति में श्री मोहन लाल जी सहरिया के सौजन्य से बारीडीह मारवाड़ी समाज ने आने-जाने वाले करीब 2500 राहगीरों के बीच बारीडीह चौक पर शर्बत एवं फ्रूट्स चाट का वितरण किया। इस कार्यकर्म में पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल जी, श्री मोहन लाल सहरिया जी, श्री सुभाष चंद्र साह जी , श्री जगदीश प्रसाद सहरिया जी, श्री पवन सहरिया जी , श्री सोहन सहरिया जी, श्रीमती नौरती देवी जी, श्रीमती बबिता सहरिया जी, श्री सुभांसु जी, श्री हिमांशु जी, श्री विजय गुप्ता जी, श्री गणेश मित्तल जी, श्री अभिषेक जी, श्री पप्पू जी , श्री रंजीत जी, श्री गिट्टू जी, श्री तुलसी जी, श्री सुमित जी, श्री रवि जी, श्री दिलीप जी, श्री संदीप जी, श्री अरुण जी, श्री बीपीन जी एवं अनेक मारवाड़ी समाज के सदस्यों ने भाग लिया।

### पॉलीथीन कैरी बैग को कहें ना : डॉ कविता

**जमशेदपुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि नारी शक्ति आयाम जमशेदपुर विभाग बागबेड़ा नगर द्वारा पर्यावरण दिवस के पूर्व दिवस पर बागबेड़ा डी बी रोड कृष्ण मंदिर प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय पेड़ लगाओ प्लास्टिक भगाओ था। कार्यक्रम की शुरूआत बागबेड़ा नगर प्रमुख मुदिता सिंह द्वारा स्वागत सह विषय प्रवेश कर किया गया। पर्यावरण गतिविधि द्वारा चलाए जा रहे बीजारोपण से वृक्षारोपण विषय के महत्त्व को बताते हुए सभी से बीजारोपण करवाकर अभियान की शुरूआत की गई। उसके बाद पर्यावरण गतिविधि नारी शक्ति कार्य विभाग प्रांत प्रमुख डॉ कविता परमार ने पॉलीथिन के नुकसान पर प्रकाश डालते हुए इको ब्रिक्स बनाने की विधि और उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।

---

# जनजातीय वाद्य यंत्रों की धून पर झूमा हो समाज

### दो दिवसीय युवा महोत्सव संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिद्धगोरा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में आदिवासी हो समाज महासभा- पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के तत्वाधान में दो दिवसीय युवा महोत्सव के आज दिन रविवार को दूसरे व अंतिम दिन पूर्वाहन 9:00 बजे से ही जनजातीय समुदाय की पुरानी परंपरा से जुड़ी कला- संस्कृति ,भाषा , लिपि , रीति- रिवाज , खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देर संध्या तक चलता रहा । आज के कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व उड़ीसा के बालासोर में घटित रेल त्रासदी में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई गयी। इसके उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ इस दौरान कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया । जिसमें काफी संख्या में झारखंड ही नहीं अन्य राज्यों से आए हुए हो समुदाय के लोगों ने काफी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा से मौजूद लोगों का मन मोहनी में सफल रहे लोगों ने भी कार्यक्रमों का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समुदाय की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत जनजातीय वाद्य यंत्रों के मनमोहक धुन पर जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किए गए लोगों ने भी नृत्य का आनंद लेते हुए खुद भी नृत्य में शामिल हो गए । कार्यक्रम के दौरान मौके पर पहुंचे समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने संध्या कालीन समापन समारोह के मौके पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय, गुमला जिला के डि टि ओ - विजय सिंह बिरूआ , नीम की प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी - शंकराचार्य सामत सम्मानित अतिथि के रूप में वीर सिंह बिरूली , पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आदिवासी महासभा केंद्रीय समिति, पत्रकार दसमत सोरेन, समाजसेवी नजीर सुंडी, दिलदार पूर्ति , असिस्टेंट प्रोफेसर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय , आंदोलनकारी सह समाजसेवी सुनील हेंब्रम और छोटू सोरेन आदि मौके पर मौजूद होकर प्रतिभागियों और समाज के लोगों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो के कर कमलों से प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार मधु कोड़ा ने आदिवासी युवा महोत्सव 2023 की अपार सफलता के लिए आयोजन समिति एवं आदिवासी हो समाज युवा महासभा को ढेर सारी बधाइयां और शुभकामना दिया उन्होंने उम्मीद जाहिर की समाज के युवा इसी तरह आगे बढ़ चढ़कर समाज के बेहतरी के लिए कार्य करते रहेंगे



विजेयी प्रतियोगियों को सम्मानित करते पूर्व सीएम मधु कोड़ा।

#### इन्हें किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मुखी समाज के उपाध्यक्ष -शंभू मुखी डूंगरी, उरांव समाज के जिला अध्यक्ष- राकेश उरांव, एस सी एस टी माइनॉरिटी वेलफेयर के सचिव -रविंद्र प्रसाद , समाजसेवी -जगदीश गोप एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी, शिक्षक, सफल मंच संचालक - श्याम कुमार शर्मा को विशेष रुप से सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान निसब्ड के निदेशक डा पुनम सिन्हा के निर्देश पर पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में 37 प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता के गुर व उद्यम शुरू करने के लिए जानकारी साझा की गई। जिला उद्योग केंद्र के जीएम इंदल दास ने उद्यम स्थापन में कैसे सहयोग किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जन शिक्षण संस्थान के चेयरमैन विनित द्विवेदी ने प्रशिक्षण का जायजा लिया और प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया।

### बिजली आपूर्ति में कटौती से उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश, प्रदर्शन किया

**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे भीषण गर्मी के बावजूद विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति में कटौती की जा रही है। बिजली कटौती को लेकर हर तरफ विकट स्थिति बना हुआ है। लोगों को घोर संकट को सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर स्थानीय डाक बंगला परिसर में रविवार को बिजली उपभोक्ता संघ की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं शामिल होकर बिजली विभाग तथा यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि अगर बिजली की समस्या में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। वहीं युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि नियमित बिजली नही मिलने के बाद भी बिजली उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। बिजली की समस्या में सुधार को लेकर उपभोक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही विद्युत महाप्रबंधक पलामू से मिलकर हरिहरगंज में हो रही बिजली कटौती एवं जर्जर तार पोल के सुधार हेतु मांग करेंगे।

### परमानंद का निधन पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद शहर स्थित होटल रुद्रा में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी हुसैनाबाद के द्वारा बालासोर रेल दुर्घटना में मृतकों और वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी के याद में शोकसभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोकसभा में दर्जनों की संख्या में पहुंचे भाजपाइयों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की। इस अवसर पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि परमानंद चौधरी का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति है। बालासोर रेल दुर्घटना दूर्भाग्यपूर्ण है । मृतक परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएं है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह और राम प्रवेश सिंह ने इस घटना को लेकर गहरा दु:ख प्रकट किया।

### कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित का शहादत दिवस 23 को, कमेटी गठित

**उंटारी रोड पलामू।** कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित शहादत दिवस समारोह आयोजन को लेकर रविवार को भदुमा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शंभु नाथ दीक्षित व संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में कारगिल शहीद के सम्मान में प्रखंडस्तरीय समारोह धूमधाम से आयोजन का निर्णय लिया गया। समारोह को लेकर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में बाबूराम दीक्षित संरक्षक, पूर्व जिला पार्षद मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान सचिव, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। सदस्यों में वेद प्रकाश शर्मा , संतोष पांडेय, अजीत कुमार चंद्रवंषी, अरविंद मेहता, धंजू शर्मा , सत्यम मेहता, ओमप्रकाष मेहता, ओमप्रकाष गुप्ता, मानदेव साह, राजाराम मेहता, पारस चौधरी को शामिल किया गया है।

### क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य : पुष्पा

**पंडवा (पलामू)।** छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरा लक्ष्य है। उक्त बातें पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कही । वे मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत पंडवा के बासू में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रही थी। विधायक ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्ष में पड़वा प्रखंड में विधायक मद के डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से विकास योजनाएं संचालित की गई। कहा कि पंडवा पाटन मुख्य पथ जो जर्जर अवस्था में था का मजबूती करण 6 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से कराई गई। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रखंड के प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा में विद्यालय भवन का निर्माण व उच्च विद्यालय लामीपतरा में विद्यालय भवन का निर्माण कार्य संचालित हो रहा है। कहा कि प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों नल जल योजना की स्वीकृति दिलाई गई। मौके पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 9 साल में केंद्र की मोदी सरकार ने भारत का नाम देश ही नहीं बल्कि विदेशों में उच्चा करने का काम किया है।

### संजीव तिवारी बने हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य, भार्गव सेना ने किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने समाजसेवी भार्गव सेना के मार्गदर्शक संजीव तिवारी को हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य बनाया है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारीयों ने श्री तिवारी को अंगवस्त्र, शॅल, माला पहना कर सम्मानित किया । राज्य सरकार ने शनिवार को एक पत्र के माध्यम से पलामू के दो सपूत समाजिक क्षेत्रो में कार्यशैली से बेहतर करने वाले राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के मार्गदर्शक रेड़मा निवासी संजीव तिवारी व सूदना निवासी ह्रदयान्नद मिश्रा को जिम्मेवारी सौंपा है। बाद में सेना परिवार ने ह्रदयान्नद मिश्रा जी के द्वारा पहुच उनको अंगवस्त्र व फूल माला से किया सम्मानित। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने की। संजीव तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो मुझ पर विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का काम करें।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बी मोड़ - विश्रामपुर मुख्यपथ पर रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के बरीगांवा गांव निवासी विकास कुमार पासवान (25) के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात 8.50 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विकास मोटरसाइकल से घर जा रहा था। इसी बीच बरवाडीह गांव के पास वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे वह मोटरसाइकल सहित सड़क किनारे गिर गया। घटना के बाद एक टेंपो चालक ने विकास को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। रेहला पुलिस ने बताया कि घटना कैसे हुई है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सभी बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है। मृतक का मोटरसाइकल घटनास्थल पर सड़क किनारे गिरा हुआ मिला है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### सरकार तक अपनी बात रखने का माध्यम है सोशल मीडिया: सोमेश सिंह

**हुसैनाबाद पलामू।** भारतीय जनता पार्टी का शोशल मीडिया मिट सह सम्मेलन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वरा चलाये जा रहे देश भर महाजनसंपर्क अभियान व भाजपा के 9 वर्षो के कार्यकाल को जन जन तक पहुंचाने के तहत किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मण्डल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया,संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया वहीं कार्यक्रम की सुरुआत जिला से आये शोशल मीडिया प्रभारी शोमेश सिंह,भाजपा विधानसभा के नेता वीनोद कुमार सिंह,वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह,जिला मंत्री संतोष सिंह आदि लोगो ने पार्टी के मार्गदर्शक व सांथापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी,एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं वन्देमातरम गीत गाकर करवाया बैठक में जिला के मीडिया प्रभारी शोमेश सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं को शोशल मीडिया के उपयोगिता एवं संगठनात्मक बातों पर विस्तृत जानकारी दिया। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने देश के वर्तमान मोदी सरकार को सराहना करते हुए सैकड़ों जनकल्याण कारी योजनाओं को हर दरवाजा तक पंहुचाने में मोदी मंत्र को प्रसंशा किया उन्होंने कहा कि शिक्षा चिकित्सा, किसान हर क्षेत्र में योजनाओं का आज सीधा लाभ जनता तक पंहुच रहा हैं यह भाजपा की देन हैं । भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय विचारधारा की परिवार हैं जिसमें सभी वर्गो के विकास ही लक्ष्य हैं। रामप्रवेश सिंह ने भी सरकार की योजनाओं सराहना किया।

# आम जनों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों से करायें अवगत : डॉ. शशिभूषण मेहता

## मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू ।** मोदी सरकार नौ साल के कार्यकाल को को यादगार बनाने के लिए 30मई से 30जून तक विकास तीर्थ कार्यक्रम मना रही है। इसका शुभारंभ पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने रविवार को इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल की उपलब्धियां पर चर्चा किया गया। मौके पर विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा कि विकास तीर्थ के तहत आम जनों तक केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताना है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के लिए अबकी बार डेढ़ लाख पार का नारा दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सारा सिस्टम फेल है। मौके पर उन्होंने 2024 में केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी राज्य में डबल इंजन के सरकार से विकास तेज होगा अमित तिवारी ने कार्यक्रम में मीडिया एवं मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि तकनीक के इस युग में सोशल मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो चुकी है।

# मोदी सरकार के नौ साल का कार्यकाल रहा बेमिसाल : सांसद

## हर मोर्चे पर विफल है हेमंत सरकार : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** सदर प्रखंड के लहलहे में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड परिसर में भाजपा के द्वारा विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तथा विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने भाग लिया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल रहे हैं। जिसके तहत देश का विकास, मान सम्मान के अलावे आर्थिक उन्नति काफी तेजी से हुई है। मोदी जी के कार्यकाल में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। वहीं उन्होंने हेमंत सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य सरकार के इच्छा शक्ति नहीं होने के कारण यहां के लोगों को बिजली की समस्या झेलनी पड़ रही है। सांसद श्री राम ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान पूरा विश्व आर्थिक मंदी के चपेट में आ गया था उस समय 80 करोड़ लोगों को मोदी सरकार ने मुफ्त में कई महीनों तक अनाज उपलब्ध करवाया जिसकी सराहना जितनी भी की जाए कम होगी।

पीएम आवास योजना, महिलाओं के लिए इज्जत घर (शौचालय), प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, किसान समृद्धि योजना, नल जल योजना जैसे कई जन कल्याणकारी योजनाएं मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही है। कार्यकताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाएं ताकि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाई जा सके। वहीं परिसर में पौधारोपण भी किया गया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन की सरकार विकास समेत सभी मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

# केंद्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचायें कार्यकर्ता : सांसद

## विकास तीर्थ कार्यक्रम का उद्देश्य उपलब्धियों को बताना है

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर/सतबरवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत डालटनगंज विधानसभा के ग्राम लहलहे में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड एवं मेदिनीनगर स्थित पोखराहा खुर्द मेडिकल कॉलेज, पड़वा स्थित राजहरा कोलियरी एवं छतरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 98 का फोरलेन, हुसैनाबाद के अंतर्गत उपरी कररवार सिंचाई योजना एवं जपला आर०ओ० बी० निर्माण, विश्रामपुर प्रखंड के रेहला में रेलवे थर्ड लाइन का निर्माण एवं कधवन में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 फोरलेन पर विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विष्णु दयाल राम शामिल थे। कार्यक्रम में सांसद श्री राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीबों का कल्याण हुआ है। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए विकास तीर्थ कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। आगे आने वाले समय में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करके केन्द्र सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे जन-धन योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण एवं अन्य योजना गरीबों के लिए है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी योजनाएं चल रही हैं जिसका लाभ उन्हें मिल भी रहा है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मोदी सरकार के जनहित में गरीबों के बेहतरी के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं ताकि उनका जीवन स्तर खुशहाल हो सके। कार्यक्रम में भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, विभाकर नारायण पाण्डेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अमित तिवारी, नरेन्द्र पाण्डेय, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, विनोद सिंह, रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामेश्वर राम, रामप्रवेश सिंह, आनंद सिंह, विवेक सिंह ,नरेंद्र सिंह, शिव मिश्रा ,श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, प्रशांत सिंह, संतोष सिंह, सोमेश सिंह, सुनील पासवान , अजय गुप्ता, महेंद्र सिंह, अखिलेश्वर मेहता, अर्जुन सिंह, अभिमन्यु तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, अलख दुबे, जवाहर चंद्रवंशी, विजय पाठक, अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू, सुनील पांडेय, सुशील कुमार सिंह, मनीष कुमार, ईश्वरी पांडेय, संजय कुमार, पंकज तिवारी, विजय पाठक, दीपक सिंह, विजय शर्मा ,आनंद सिंह, विकास सिंह, अशोक तिवारी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसी जाति विशेष को गाली देना, मुर्दाबाद के नारे लगाना काफी निंदनीय : विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीताम्बरपुर पलामू ।** कुछ दिन पहले पांकी क्षेत्र के भरी में बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का मूर्ति अनावरण के दौरान एक व्यक्ति के द्वारा ब्राह्मण विरोधी नारे एवं बजरंग दल मुदार्बाद के नारे लगाए गए। जिसका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिस पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने अपने मौर्या फार्म हाउस पर रविवार को पत्रकार वार्ता किया । मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि भरी में एक मुस्लिम व्यक्ति के द्वारा जाति विशेष को गाली देना, मुदार्बाद के नारे लगाना, काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बिगड़ैल बोल से पांकी में फिर से संप्रदायिक उन्माद फैल सकती है। ऐसे लोगों पर प्रशासन एवं सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब का मूर्ति अनावरण होना बहुत खुशी की बात है। परंतु उस कार्यक्रम में ब्राह्मणों के लिए अश्लील बोलना, बजरंग दल मुदार्बाद के नारे लगाना कहीं से भी सोभनिया नहीं है। ब्राह्मण सनातन धर्म के मार्गदर्शक के रूप में जाने जाते हैं। इस दौरान वहां पर मौजूद बाबासाहेब के मानने वाले सभी अनुयाई यदि मुख दर्शक बने रहते हैं तो यह भी चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि जातीय उन्माद फैलाने के लिए ऐसा काम हो रहा है। पांकी में जो सांप्रदायिक सौहार्द है उसे बिगाड़ने के लिए कुछ लोग लगे हैं। आने वाले समय पांकी क्षेत्र के लिए सही नहीं होगा। 12 फरवरी को पांकी में हुई घटना का पुनरावृति के लिए उकसाने का यह काम है। परंतु इस पर प्रशासन अब तक चुप है। इसे संज्ञान नहीं लिया है। जबकि ऐसे व्यक्ति पर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर दिलीप पांडे ,नरेंद्र पांडे व अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूनम अध्यक्ष और मनदीप बने पेयजलापूर्ति समिति के सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत बहु पेयजलापूर्ति ग्रामीण योजना समिति का गठन प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कुराईनपतरा पंचायत की मुखिया पूनम देवी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है । नौडीहा पंचायत की मुखिया मंदीप कुमार मेहता सचिव व कुराईनपतरा पंचायत की जलसहिया अनिता देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया हैं। जबकि कोटखास की मुखिया जुली सिंह,पूणार्डीह की मुखिया गुड्डी देवी व लेस्लीगंज की मुखिया रेखा देवी समिति के सदस्य होंगे। समिति गठन के समय कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार,सहायक अभियंता प्रेम कुमार,जेई रणवीर सिंह,जामुनडीह मुखिया कृष्ण कांत चौबे,चौरा मुखिया गुड्डू पासवान पीपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेश सिंह आदि मौजूद थे। यह गठन सरकार के दिशा निर्देश के अनुरुप जिस पंचायत का सबसे अधिक जलसंयोजन होगा अध्यक्ष,दूसरे नम्बर पर जलसंयोजन के आधार पर सचिव तथा जिस पंचायत की अध्यक्ष होगी उसी पंचायत की मुखिया के अनुशंसा पर उस पंचायत की जलसहिया कोषाध्यक्ष बनाने का प्रावधान था। इसी दिशा निर्देश के आधार पर नियम संगत समिति का गठन किया गया है। विदित हो कि प्रखंड के पांच पंचायत कुराईनपतरा, नौडीहा, कोटखास, पूणार्डीह व लेस्लीगंज में बहु पेयजलापूर्ति योजना लागू है।

## डंडई क्लब में मनी विश्व साइकिल दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** महिला बाल विकास समिति अंतर्गत तेजस्विनी परियोजना के तहत राजहरा क्लस्टर अंतर्गत डंडई क्लब में विश्व साईकिल दिवस मनाया गया। मौके पर साइकिल दिवस के महत्व की जानकारी दी गई। कलस्टर कोर्डिनेटर कम काउंसलर साक्षी वर्मा ने कहा कि इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने में सहायता मिलती है। साइकिल चलाने से सेहत के कई लाभ मिलते हैं। नियमित साईकिल चलाने से शरीर स्वस्थ्य और तंदरूस्त रहता है। मौके पर 14 से 24 वर्ष के किशोरियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

कहा गया कि साईकिल चलाने से कई मायने में महत्वपूर्ण है। मौके पर प्रखंड समन्वयक सौरभ कुमार दूबे, क्षेत्र समन्वयक उपेंद्र कुमार, युवा उत्प्रेरक सवीता देवी समेत क्लब की किशोरियां शामिल थी।

## समस्याओं का समाधान करने के बजाए कमीशन तय करने में जुटा रहा नगर परिषद : राहुल दुबे



**बिश्रामपुर (पलामू) ।** आरटीआई कार्यकर्ता सह युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा है। जिससे आम जन त्रस्त है। वहीं नगर परिषद कार्यालय पिछले तीन वर्षों से समस्याओं का समाधान निकालने के बजाए योजनाओं में कमीशन तय करने में जुटा रहा। इस कमीशन खोरी का अभी मात्र दो प्यादे ही एसीबी के हत्थे चढ़े हैं। कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार के जनक पर अभी कार्रवाई बाकी है। श्री दुबे रेहला के शिवाक्षा रेस्त्रा में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बिश्रामपुर नगर परिषद में हुए कई अनियमितताओं का दस्तावेज दिखाते हुए सीधे सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज पर कई गंभीर आरोप लगाया। कहा कि भ्रष्टाचार के जनक तो मो.प्रवेज ही हैं। इन्ही के संरक्षण में कमीशन खोरी फला फूला है। नप का प्रधान सहायक अनिल कुमार और चालक जितेंद्र बहेलिया जिसे रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। वह दोनो इन्ही के नाम पर रिश्वत ले रहे थे।

## सोशल मीडिया मिशन एवं प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में सोशल मीडिया मिशन एवम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा कार्यकताओं को सोशल मीडिया के बारे में प्रशिक्षित किया गया। शिविर का उदघाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के बदलते दौर में सोशल मीडिया की उपयोगिता बढ़ गई है। इसके माध्यम से पार्टी के नीति सिद्धांत और संदेशों को प्रचारित प्रसारित करें। कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आम लोगों तक संदेश पहुंचने हेतु सोशल मीडिया का उपयोग करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उंटारी मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर,सूरज विश्वकर्मा,मनीष कुमार,आशुतोष सुमन,उपेंद्र तिवारी,जितेंद्र कुमार,धर्मेंद्र कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भंडारे के साथ शतचंडी यज्ञ व देवी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के भजनिया गांव में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह श्री शतचंडी यज्ञ रविवार को भंडारे और यज्ञ में पधारे संत महात्मा को विदाई कार्यक्रम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस मौके पर पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज के गुरु पूर्णिमा के मौके पर शुभागमन को लेकर यज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही।लोग श्री स्वामी जी के दर्शन और यज्ञ के भंडारे का प्रसाद खाकर यज्ञ का आशीर्वाद प्राप्त किये।संपूर्ण अनुष्ठान राधेकृष्ण वेणुगोपाल मंदिर वृद्ध खैरा, पांडु के श्री अनंत विभूषित श्री स्वामी विष्णु चित्त जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ।इनके अलावा श्रीमद्भागवत कथा व्यास जगत गुरु रामानुजाचार्य, श्री मुक्ति नारायण स्वामी जी महाराज (काशी) और श्रीराम चरित मानस श्रीराम कथा व्यास चंद्रबली जी महाराज का भी यज्ञ कार्य मे अपनी कार्य भूमिका निभाई। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विपिनबिहारी सिंह,वृजनारायन सिंह,कृष्णा सिंह, प्रेम सिंह, कांतिरमण सिंह, सुनील सिंह ,विमलेश सिंह,कामता प्रसाद मेहता ,शम्भू मेहता,लल्लू विश्वकर्मा, बिरेंद्र सिंह पूरे दिन तन्मयता से यज्ञ मंडप में पूजन कार्य मे लगे है। वही कामेश्वर सिंह,सी बी रमण सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, मनोज सिंह, अखिलेश मेहता,पप्पू प्रजापति, रामबचन मेहता, मुन्ना चौधरी ,सहित खासकर गांव के युवा का सराहनीय योगदान रहा।

## हाइवा की चपेट में आने से पारा शिक्षक की मौत

**पड़वा पलामू।** पाटन-पंडवा मुख्य पथ में कोकरसा गांव के पास हाइवा के चपेट में आने से पारा शिक्षक संजय पांडेय की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, बृजमोहन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा नेता उदय शुक्ला, अरूण दुबे , मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, उपेन्द्र मिश्रा,अभय मिश्रा, वशिष्ठ मेहता, अशोक प्रसाद, अशोक तिवारी, लोक कला मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, ऋषिकांत तिवारी, मिथलेश उपाध्याय, अनुराग सिंह, शशिभूषण सिंह उर्फ पप्पु,सहित कई लोग परिजनों से मिलकर इस दु:ख की घडी ढांढस बंधाते हुए शोक व्यक्त किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि संजय पांडेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके मौत से भाजपा को भारी नुकसान हुआ है उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। विदित हो कि शनिवार की शाम पंडवा से घर जाने के क्रम में हाईवा की चपेट में आने से संजय पांडेय जख्मी हो गये थे। उन्हें ईलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के क्रम में उनक मौत हो गई।

# दिवंगत पत्रकार परमानंद के परिजनों से मिले विधायक, बंधाया ढाढ़स

## पत्रकार की विधवा को जीविकोपार्जन की व्यवस्था का भरोसा दिलाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत परमानंद चौधरी का बीमारी से शनिवार को निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही विधायक कमलेश कुमार सिंह उनके कुर्मी टोला स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी की विधवा व बच्चो को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पत्रकार मंच के सदस्यों ने दिवंगत पत्रकार परमानंद जी के परिवार के संबंध में पूरी स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई जारी रहेगी। उनकी विधवा को हुसैनाबाद के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में रखने की व्यवस्था वे करेंगे। उन्होंने कहा कि श्राद्ध के उपरांत उनके जीविकोपार्जन की व्यवस्था कर दी जायेगी। जिससे उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाना नहीं पड़े। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार परमानंद जी से उनका व्यक्तिगत संबंध था। उनके निधन से जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। उन्होंने दिवंगत पत्रकार के परिजनों को कहा कि वह हमेशा उनके साथ हैं। किसी तरह की परेशानी होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। मौके पर पत्रकार संजय ओझा, जफर हुसैन, कमलेश कुमार, गौतम पटेल, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी नेता मनान खान, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, रत्न लाल, रहमान राइन, सुहैल आलम, जिशान हसन, रविंद्र कुमार, सैयद नौशादके अलावा कई लोग मौजूद थे।

## प्रगतिशील पत्रकार मंच ने बराही धाम में लाइट लगाने के लिए सांसद को दिया ज्ञापन

**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा के द्वरा चलाये जा रहे महाजनसंपर्क अभियान पर हुसैनाबाद में आए क्षेत्रीय सांसद बिष्णु दयाल राम को हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच ने क्षेत्र में चर्चित बराही धाम परिषर में जनहित और जनसुविधा को लेकर हाइ मास्क लाईट की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। पत्र में कहा गया हैं की पलामू संसदीय क्षेत्र का धार्मिक स्थल के रूप मे चर्चित बराही धाम परिसर मे भारत वर्ष की सबसे ऊँची दक्षिणमुखी105 फिट का मारुति नंदन श्री हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित है इस धाम परिसर मे प्रत्येक दिन भारी संख्या मे श्रधालुओं की भीड़ होती है,मंगलवार और शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होती है और जो देर रात तक धाम परिसर मे आरती व पूजा होती है प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है, इस लिए श्रीमान से नम्र निवेदन है की इस धाम परिसर में अपने स्तर से एक हाई मास्ट लाइट लगवाने की कृपा करें। इसके लिए प्रगतिशील पत्रकार मंच हुसैनाबाद, पलामू के सभी सदस्य आपके आभारी रहेंगे।

स्पीड न्यूज

## भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी बने विशाल चौहान

**बेरमो।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं प्रदेश भाजपा द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं इसी क्रम में प्रदेश भाजपा द्वारा बोकारो ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी विशाल चौहान को गोमिया विधानसभा का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया हैं चौहान ने प्रदेश भाजपा और बोकारो भाजपा का तहे दिल से धन्यवाद देते हुए कहा पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाएंगे।

## भाजपा नेता की पत्नी का हाल जानने रिम्स पहुंचे राजेश सिंह

**बेरमो।** भाजपा नेता भाई प्रमोद कुमार सिंह की पत्नी कुंती देवी को स्वास्थ्य की जानकारी लेने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह रिम्स अस्पताल रांची पहुँचे। अस्वस्थ होने की जानकारी प्राप्त होने पर श्री सिंह की पत्नी कुंती देवी से मिले एवं हालचाल जाना एवं ईश्वर से जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन 13 को

**बेरमो।** गोमिया विधानसभा स्तरीय भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 13 जून को मिशन 2024 के चुनाव की तैयारी को लेकर आईईएल स्थित मनोरंजन केंद्र में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए गोमिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के तमाम कार्यकर्ता पहुंचेंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी की ओर से कई पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया है। जिसमे भाजपा बोकारो जिला उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। वहीं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चितरंजन साव को कार्यक्रम का मुख्य प्रभारी बनाया गया है। उक्त जानकारी भाजयुमो के गोमिया मंडल अध्यक्ष रोहित यादव ने पत्रकारों को दी है।

## कसमार के गर्री पंचायत में झामुमो कमेटी का गठन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत के लिए झामुमो के जिला कमेटी के निदेर्शानुसार कसमार प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी की देखरेख में कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से झामुमो गर्री पंचायत का अध्यक्ष मासूम अली रजा कोए मोहन हेंब्रम को सचिव तथा निरंजन कपरदार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान गर्री पंचायत के अध्यक्ष मासूम अली रजा ने कहा कि जो दायित्व हमें पार्टी ने दिया है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे। झामुमो गर्री पंचायत कमेटी गठन के मौके पर सिकंदर कपरदारए सोहेल अंसारीए नंदन कपरदारए राजेन्द्र मुर्मूए एकराम अंसारीए मोबिन अंसारीए जानी अंसारीए रंजीत कपरदारए चितरंजन कपरदारए परमेश्वर कपरदारए दिनेश कपरदार व ग्रामीण मौजूद थे।

## बालासोर रेल दुर्घटना पर गायत्री परिवार, सिंदरी ने शोक व्यक्त किया

**सिंदरी।** उडीसा के बालासोर में शुक्रवार की शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस, मालगाड़ी व हावड़ा यशवंतपुर रेल की भीषण दुर्घटना पर रविवार को सिंदरी गायत्री परिवार के सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। दुर्घटना के दौरान 288 मृत यात्रियों के शांति के लिए गायत्री परिवार के परिजनों ने दो मिनट का मौन धारण किया। इसमें एक हजार से अधिक घायल यात्रियों भाई बहन बच्चे की स्वास्थ्य कामना हेतु महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर हवन यज्ञ किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एवं घायल व्यक्ति की स्वास्थ्य कामना हेतु सामुहिक प्रार्थना किया गया। मौके पर गायत्री मंदिर सिंदरी मुख्य ट्रस्टी शशि भूषण कुमार गुप्ता, ट्रस्टी एस पी शाह, आइ डी पंडित शामिल हैं।

# झरिया में पेड़ लगाओ पृथ्वी बचाओ रैली

**विश्व पर्यावरण दिवस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस से एक दिन पहले नारों के साथ कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के बच्चे झरिया शहर के फुलारीबाग क्षेत्र , इंद्रचौक , हेटलीबांध के पास एक रैली निकाले हैं। बच्चें कि हाथ में तख्तियां लेकर चल रहें थे। स्लोगन दिए क्या कहती हैं धरती मां ' मेरा रूप वापस करो' और 'पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ'। उल्लेखनीय है कि ये बच्चे प्रदूषण से सबसे अधिक पीड़ित हैं और झरिया शहर वर्तमान 'पीली धूल' प्रदूषण से ग्रस्त है। रैली से पहले बालासोर (उड़ीसा) रेल हादसे में मारे गए लोगों की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया है। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा, हमारे इलाके में पिछले 15 दिनों से पीली धूल फैल रही है, जो लोदना क्षेत्र से आता है, जहां नया कोयला खनन खुला हो रहा है, लोग अजीब महसूस कर रहे हैं, सांस लेने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, बीसीसीएल को प्रदूषण को रोकने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज की ओर से 25 सदस्यीय टीम विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेल से बिष्णुपुर, बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल) जाएगी और पर्यावरण के बीच अंतर जानेगी, ताकि झरिया में अधिक पेड़ लगाए जा सकें।

## वेदांता इएसएल ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल के पर्यावरण विभाग ने सीएसआर टीम के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लगभग 70 परिवार द्वारा अपने दैनिक पानी की जरूरतों के लिए उपयोगार्थ गिद्धटांड तालाबए हुटुपाथर गांव तथा सियालजोरी में तालाब की सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर ईएसएल के वेंकटेशन आर सीएचएसईएसओ ईएसएल और पर्यावरण व सीएसआर टीम सहित राम प्रवेश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी, जेएसपीसीबी, क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद आशुतोष आनंद सीई बतौर सम्मानित अतिथि और उनकी टीम मौजूद थे। क्षेत्र के चारों ओर वृक्षारोपण किया गया और ग्रामीणों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए तालाब की सफाई की गई। अधिकारियों ने संगठन की समाज के प्रति दायित्व निभाने के उक्त प्रयासों की सराहना की। वेदांता ईएसएल अक्सर अपनी नियमित पहल के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण का ख्याल रखने के लिए अपना काम करता हैए जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक प्रतिबद्धता है।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

कार्यक्रम में कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के पिनाकी रॉय , अंजली कुमारी, नंदिनी कुमारी, सुमन कुमारी, रानी कुमारी, संजना कुमारी , छोटू कुमार, तानिया कुमारी, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, गुंजन कुमारी, सपना कुमारी, खुशी कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी, दीपशिखा कुमारी, रागिनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## डीपीएस बोकारो ने जीता ग्रीन स्कूल ऑफ द ईयर इंडिया अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में दुबई में श्ग्रीन स्कूल ऑफ द ईयर. इंडियाश अवार्ड जीतकर एक हरित विजय पाई है। शिक्षा में पर्यावरण.संरक्षण के समावेश की पहल हेतु प्राप्त इस वैश्विक उपलब्धि को प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने दुबई में ग्लोबल एजुकेशन समिट एंड अवॉर्ड्स 2022 नामक कार्यक्रम के दौरान सम्मान ग्रहण किया। अवार्ड के लिए 57 देशों से कुल 985 नॉमिनेशन आए थे, जिनमें अलग.अलग कैटेगरी में कुल 26 देशों के 70 नॉमिनेशन चुने गए। डीपीएस बोकारो इनमें पूरे भारतवर्ष से ग्रीन कैटेगरी में यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मान पाने वाला एकमात्र विद्यालय रहा। एकेएस एजुकेशन अवाड्र्स के सीईओ दिनेश कामरा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि क्रोएशिया गणराज्य के कॉन्सुलेट जनरल जैस्मिन दल्विक के हाथों डॉ गंगवार ने विद्यालय की तरफ से यह अवार्ड प्राप्त किया। मौके पर विशिष्ट अतिथियों में अबू.धाबी में हंगरी दूतावास के मिशन उप प्रमुख लाज्लो मार्टन और दुबई में आजरबाइजान गणराज्य के वाइस काउंसिलए जनरल कॉन्सुलेट खनलर पशाज्दे मौजूद रहे। डॉ गंगवार ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों सहित समस्त विद्यालय परिवार को दिया है।

## 32 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**ओडिशा से गांजा लेकर बोकारो पहुंचे थे तस्कर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की सिटी थाना पुलिस ने लगभग पांच लाख रुपए की कीमत के 32 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को दबोचा। इनमें एक अपराधी ओडिशा के गजपति जिला स्थित थाना उदयगिरी के राणालायी गांव का अनिल माली और दूसरा बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर.1बी स्थित आवास संख्या 1347 निवासी सुमित कुमार व तीसरा बालीडीह थाना क्षेत्र के मिल्लतनगर मखदुमपुर का शाहिद अनवर है। तीनों को जेल भेज दिया गया। बीएस सिटी थाना में एक प्रेसवार्ता के दौरान ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज ने बताया कि एसपी चंदन कुमार झा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापेमारी टीम को देख उकरीद मोड़ फोरलेन के पास तीनों अपराधी भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा कर पकड़ा। उनके पास के दोनों बैग में 16 पैकेट में 32 किलो गांजा मिला। छापामारी दल में ट्रैफिक डीएसपी के अलावा बीएस सिटी थाना प्रभारी गजेंद्र पांडेयए एसआई नेयाज अंसारीए रोहित कुमारए राजू कुमार राणाए बालीडीह थाना के एसआई चंदन भारतीए आरक्षी सुनील उरांवए कुशल मुर्मू आदि शामिल थे।

## धनबाद में मासस जिला कमेटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को मार्क्सवादी समनव्य समिति की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय, टेंपल रोड, पुराना बाजार में मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव दिलीप महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कामरेड ए के राय का जयंती पर 15 जून को मासस पार्टी मुख्यालय धनबाद में सुबह 10:00 बजे से एक सेमिनार का आयोजन किया गया है । 25 जून को जिला स्तरीय प्रमुख कार्यकताओं का मासस की दिशा एवं दशा पर निरसा मासस कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया हैं। जिसमें आगे की सांगठनिक रणनीति तय की जाएगी ' उड़ीसा के बालासोर में रेल हादसा में मृत एवं घायल यात्रियों के प्रति शोक प्रस्ताव लिया गया तथा उनके परिवार वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। राष्ट्रीय कुश्ती विजेता महिला पहलवानों के साथ भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह द्वारा यौन उत्पीड़न की निंदा करते हुए, उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हैं। साथ ही महिलाएं एवं देश की बेटियों के साथ किए गए पुलिसिया दुर्व्यवहार की घोर निंदा करती है।

## एक नजर में

### बोकारो : बीएसएल का ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 2023 के समापन समारोह में बोकारो प्लांट प्रमुख सह अधिशासी निदेशक ;संकार्यद्ध बी के तिवारी बतौर मुख्य अतिथि एवं जीएम ;एल एंड एद्ध एन ए सैफीए जीएम ;टीएद्ध एके अविनाशए वरीय प्रबंधक ;क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँद्ध एस रजक समेत अन्य वरीय अधिकारीए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकए बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे। शिविर में 604 बच्चों ने एथलेटिक्सए बैडमिन्टनए बास्केटबालए क्रिकेटए फुटबालए हैंडबालए हॉकीए कबड्डीए खोखोए वालीबालए शतरंज एवं तीरंदाजी में नेशनलए इंटरनेशनल एवं एनआईएस प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### 45 सदस्यीय झारखंड गतका टीम जालंधर पहुंची



**धनबाद।** रविवार को 9वीं एक ओंकार फेडरेशन नेशनल गटका कप, राष्ट्रीय रेफरी एवं कोचेस सेमिनार की जानकारी देते हुए गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की राष्ट्रीय रेफरी वा कोचेस सेमिनार के लिए झारखंड के 9 चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमे पप्पू कुमार,आकाश राज,विनायक वैभव,श्लोक शर्मा, जस्मित कुमार,नवीन कुमार गोरान,जेबा नाज,पलक परमा,शाक्षी श्रीवास्तव शामिल हैं ।एक औंकार फेडरेशन नेशनल गतका कप के लिए झारखंड गतका टीम बोकारो के राजीव कुमार सिंह,पलामु के सुमित बर्मन वा पदमा प्रियदर्शनी के देख रेख मे भाग ले रही है। यह सेमिनार वा चैम्पियनशिप 3 से 5 जुन तक चलेगी। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने इस वर्ष अक्टूबर में गोवा में होने वाली 37 वें राष्ट्रीय खेल 2023 में गतका को राष्ट्रीय खेल के रूप में शामिल किया है। गतका को राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता दिए जाने से यह खेल नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। उम्मीद की जा रही है कि झारखंड की टीम दमदार प्रदर्शन कर पदक जीतेगी।

### बोकारो में अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रीन हाउस पर जागरूकता अभियान

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता विभाग ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से मिशन लाइफ रू लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट मंत्रा और विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के तहत नितेश रंजन द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022, ई कचरा प्रबंधन नियम 2016 और ग्रीन हाउस गैस शमन सहित पर्यावरण नियमों पर एक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के आधार पर ईडी ;डब्ल्यू सेमिनार हॉल में प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बोकारो स्टील के 100 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। आयोजन के निर्णायक दल में जीएम ;डब्ल्यूएमडीद्ध एल उपाध्यायए जीएम एनर्जी पीके भुइन और एजीएम पर्यावरण एन रंजन ने प्रतिभागियों को अपने .अपने विभागों में पर्यावरण जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राम प्रवेश ने उद्योगों और वैधानिक संस्थानों के सहयोग पर जोर दिया। मौके पर बोर्ड के आशुतोष आनंद अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ढोरी में कार्यक्रम



**बेरमो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीसीएल ढोरी क्षेत्र द्वारा दर्जनो कार्यक्रम आयोजित किए। उक्त जानकारी प्रेरक पदाधिकारी गौरव कुमार ने दी। जिसके तहत हिन्दुस्तान पुल के नीचे दामोदर नदी के समीप सफाई अभियान चलाया गया। ष्लास्टिक को मात देने के तरीकेष विषय पर निबंधए नारा और चित्रांकन प्रतियोगिताए प्रदूषणष्ए ष्स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरणष और हमारी रक्षा करें। डीएवी ढोरी जैसे विभिन्न स्कूलों के छात्रों के बीच पर्यावरणश का आयोजन किया गया। पब्लिक स्कूलए ढोरीए कस्तूरबा बालिका विद्यालयए अनापति देवी सरस्वती विद्या मंदिरएआदर्श शिशु विद्या मंदिर आदि जागरूकता के एक उपाय के रूप में ष्जीवन शैलीष की ओर बढ़ते हैं।

## जनसेवक संघ 11 सूत्री मांगों को लेकर पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को झारखंड राज्य जनसेवक संघ धनबाद इकाई का शिष्टमंडल झरिया विधायक एवं झारखंड सरकार के सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात किया। झारखंड राज्य के सभी जनसेवक अपने 11 सूत्री माँगों के समर्थन में हड़ताल पर हैं। कृषि विभाग द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटा कर 2000 कर दिया गया है। हड़ताल का आज 27वां दिन है। चूँकि विधायक ने पूर्व में जनसेवकों के समस्याओं के समाधान हेतु कृषि मंत्री से मिली एवं हमारे साथ न्याय हो इस पर विचार विमर्श किया गया ।इस आशाय का आभार व्यक्त करने हेतु झारखंड राज्य जनसेवक संघ के राज्य इकाई के ओर से धनबाद शाखा के शिष्टमंडल द्वारा विधायक सह झारखंड सरकार के सचेतक को गुलदस्ता भेंट गया एवं उनसे आग्रह किया गया कि जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने से कृषि कार्य के साथ साथ ग्रामीणों के अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है इसे ध्यान में रखते हुए जनसेवकों के11 सूत्री मांगों के साथ हड़ताल समाप्त करवाने हेतु विभागीय सचिव से आयोजित करवाने का पहल करने की कृपा की जाए क्योंकि जनसेवक संघ जनकल्याणकारी कार्यों में बाधक नहीं बनना चाहता है ।विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात के शिष्टमंडल में जनसेवक संघ के

## बोकारो थर्मल : होटल सेलिब्रेशन के पार्टनर हिस्सेदारी को लेकर भिड़े, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल के चर्चित होटल दी सेलिब्रेशन के दोनों पार्टनर 2 जून की देर रात को आपस में हिस्सेदारी को लेकर भीड़ गए। दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। जिसमें खिरोधर महतो घायल हो गया है। घायल का इलाज स्थानीय डीवीसी अस्पताल में किया गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में होटल के एक पार्टनर खिरोधर महतो ने लिखित आवेदन में कहा है कि 2 जून की रात जब वह होटल के अपने हिस्से के कमरे में पहुंचा तो वहां अनवर आलम, मनवर आलम, मंजूर आलम, तौशिब आलम सैफी और अकरम राजा उर्फ डब्बू सहित 10.12 लोग खिरोधर महतो को जमीन पर पटक दिया और गला दबाकर जान मारने की कोशिश की। उसी समय उसकी पत्नी और बेटी पहुंची और उसकी जान बचाई। 25 अगस्त 2022 को भी अनवर आलम और उसके परिवार के द्वारा जानलेवा हमला किया था। वहीं दूसरा पार्टनर अनवर आलम के पुत्र तौशिब आलम ने थाना में जो लिखित शिकायत की है उसमें कहा कि खिरोधर महतो और उसका भतीजा पंकज कुमार, मुकेश और अन्य 5.6 लोग मिलकर उनके साथ मारपीट किया है।

**क्या है मामला**

बोकारो थर्मल स्थित जीएम कॉलोनी के निकट अनवर आलम और खिरोधर महतो दोंनो मिलकर दी सेलेब्रेशन नामक होटल का निर्माण कराया। यह होटल 2019 में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनी है। होटल ठीक ढाक चल रहा था। लेकिन आय व्यय का हिसाब को लेकर 2022 से दोनों पार्टनर के बीच विवाद शुरू हुआ। पिछले एक साल से दोनों के बीच कई बार मारपीट हो चुका है। 2 जून की रात को होटल की हिस्सेदारी को लेकर दोनों के बीच मारपीट हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट और रंगदारी मांगने की शिकायत मिली है।

## निरसा में भाजपा का विकास तीर्थ कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी के सरसा पहाडी स्थित नेहरू रोड चौक के समिप निरसा विधान सभा भाजपा द्वारा रविवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता मौजूद थी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया वहीं बालासोर में हुई भिषण रेल दुर्घटना मे मृतक के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया ।वही कार्यक्रम मे भाजपा के विभिन्न नेताओं ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नौ बर्ष सफलतापूर्वक बितने व जनहित के क्षेत्र मे एक से बढकर एक योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य वर्तमान सरकार नौ बर्ष मे की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि भारत के सभी प्रदेश के सभी शहरो को कुछ न कुछ बडी योजना मिली है इसके प्रत्यक्ष उदाहरण अपने शहर मे ओवर ब्रीज का निर्माण,वही कुमारधुबी स्टेशन को अमृत योजना मे शामिल करने का श्रेय,सहित जनहित की जनता योजना उज्वला योजना ,आयुष्मान हेल्थ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कई योजनाएं जो समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए धरातल पर कार्य कर रही है। मौके पर निवर्तमान चेयरमैन चिरकुंडा डबलू बाउरी ,रंजित मोदी ,डीएन पाठक, अरविन्द सिन्हा ,रानी केरायी ,सुनिता देवी ,जयशंकर सिह जगरनाथ सिह,पवन शर्मा, अजय चौधरी ,अभिषेक दास, विकास उपाध्याय, संजिव सिह इरफान अहमद खान, सुरेश सिंह, उप प्रमुख बिनोद दास, मदन शर्मा, अजय चौधरी, जयशंकर सिंह, बंटी अग्रवाल, संजय ठाकुर आदि थे।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने अंबेडकर प्रतिमा का किया सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** डीआरएम चौक पर स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपने पूर्व घोषणा के तहत हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने रविवार को नया चश्मा मंगवा कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ससम्मान पहनाया। तब जाकर हाड़ी समाज का रोष शांत हुआ। इस अवसर पर संस्था के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना से समाज को गहरा आघात पहुंचा है ।इस तरह की घटनाओं की पुनार्वृति रोकने के लिए जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था जिला प्रशासन से मांग करती है कि चौक के आसपास सीसीटीवी कैमरा तथा हाई मास्ट लाइट लगाया जाए ताकि प्रतिमा की निगरानी हो सके।ज्ञात हो कि प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की यह घटना विगत 25 मई को प्रकाश में आया था. हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने इस मामले में उपायुक्त को ज्ञापन देकर शरारती तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा राजगंज मंडल का महाजनसंपर्क अभियान शुरू

**केंद्र में भाजपा का नौ वर्ष हुआ पूरा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में केंद्र सरकार द्वारा सेवा ,सुशासन और गरीब कल्याण के निमित्त विकास तीर्थ कार्यक्रम राजगंज के दलुडीह ओवर ब्रिज के समीप संपन्न हुई। महा जनसंपर्क अभियान 30 जून तक निर्धारित है जिसके तहत 14 जून को राजगंज में लोकसभा स्तरीय सम्मेलन, 12 से 20 जून तक टुंडी के जीतपुर में लाभार्थी सम्मेलन, 21 जून को विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, 23 जून को योग दिवस मंडल स्तर , डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सभी बूथों में माननीय प्रधानमंत्री जी का संवाद, 25 जून को मन की बात ,22 जून से 30 जून तक सभी पंचायत में महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक घर जाकर लोगों को मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देने का काम किया जाएगा। और यह महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने का आह्वान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन संजीत सिंह ने किया।

**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंहा, टुंडी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम पांडे, राम प्रसाद महतो, सुरेश महतो ,फिरोज दत्ता, बाबूलाल महतो, सुदाम चंद्र अड्डी ,नीलकंठ रवानी ,आर के चौधरी ,सुरेश किस्कु,अजय साहनी, पप्पू साव, लखीचंद रजवार ,जसवंत सिंह ,प्रवीण कुमार, गणेश रवानी ,सुनील कुमार साहू, शंकर महतो ,प्रदीप कुमार वर्मा ,मनोज कुमार वर्मा ,प्रेम सोरेन ,बसंत सिंह ,अजय राम, जय किशन शर्मा ,विक्रम ठाकुर, हराधन रवानी, विश्वनाथ रवानी ,रिंकू पांडे, पप्पू कुमार, वासुदेव पाल, कामेश्वर प्रसाद महतो ,गौतम साव आदि लोग उपस्थित थे।

# हादसे का कारण

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को 3 ट्रेनों के टकराने से हुए भीषण हादसे को सबसे भीषण रेल हादसों में से एक माना जा रहा है। इस हादसे की जांच में कई ऐसी जानकारियां सामने आ रही हैं जो चौंकाने वाली हैं। रेल ट्रैफिक चार्ट भी सामने आ गया है। ओडिशा रेल हादसे के बाद रेल मंत्रालय ने इसकी जांच शुरू करा दी है। इस ट्रेन दुर्घटना की मैकेनिकल, ह्यूमन और अन्य सभी एंगल से जांच की जा रही है। तीनों ट्रेनों के पोजिशन और उनके वहां होने के समय से लेकर कई पहलुओं पर विस्तार से पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, तीन ट्रेन की टक्कर हुई थी. हादसे की संयुक्त जांच रिपोर्ट में रेलवे ट्रैफिक अधिकारियों ने यार्ड लेआउट या डायाग्राम से ये समझाने की कोशिश की है कि शुक्रवार की शाम तीन ट्रेनों की स्थिति क्या थी और उनके बीच टक्कर कैसे और क्यों हुई थी? रेल मंत्री ने इलेक्ट्रानिक्स इंटरलॉकिंग में गड़बड़ी को प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण बताया है। इस हादसे को लेकर सिग्नल सिस्टम फेल होने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अफसर अभी हादसे की पुख्ता वजह को तलाशने में जुटे हैं। रेलवे की 98 हादसे मानवीय भूल के कारण होती है। साथ ही तकनीकी कारण को भी नकारा नहीं जा सकता है। रेल की पटरियों के रख रखाव में कर्मचारियों की कमी की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। चूंकि यह हादसा एक छोटे स्टेशन पर हुआ है इस कारण यह मामला और अधिक गंभीर हो जाता है। रेलवे स्टेशन से सामान्य तौर ट्रेन कम गति से गुजरती है। जांच आवश्यक है साथ ही रेलवे सुरक्षा और रेलवे ट्रेक के तकनीकी विभाग में कर्मचारियों की कमी पर भी विमर्श आवश्यक है। रेल की सुरक्षा का हर नियम बहुत कारगर है। आवश्यक है कि रेल की सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए मानव संसाधन की कमी न हो इसका ख्याल रखा जाए।

# भारत-नेपाल संबंध

पिछले साल के अंत में जब नेपाल की राजनीति में हुए नाटकीय घटनाक्रम के बाद कम्युनिस्ट नेता पुष्पकमल दहल प्रचंड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो कयास लगाये जा रहे थे कि अब नेपाल पूरी तरह चीन के प्रभाव में जा सकता है। इसकी वजह लंबे समय से भारत के खिलाफ नेपाल से चलाया जा रहा अभियान भी था। अब जब प्रचंड ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत को चुना तो कई आशंकाओं पर विराम लगा। फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जिस गर्मजोशी से उनकी मुलाकात हुई और महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया, उससे दोनों देशों के रिश्ते फिर से पटरी पर आते दिखे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मुलाकात में सीमा विवाद और अग्निवीर जैसे विवादास्पद विषयों से परहेज किया गया। दोनों देशों के रिश्ते इस यात्रा से हिट-सुपरहिट हो गये, लेकिन रिश्तों पर जमी अविश्वास की बर्फ किसी हद तक पिघली जरूर है। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच ऊर्जा, व्यापार व परिवहन को लेकर हुए समझौते नई उम्मीद जगाते हैं। निस्संदेह, भारत व नेपाल के बीच सदियों से सामाजिक, आर्थिक व समृद्ध सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। कहा जा सकता है कि दोनों देशों में रोटी-बेटी का रिश्ता रहा है। प्रचंड की हालिया भारत यात्रा के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों ने उन्हीं संबंधों को नये सिरे से ऊर्जा प्रदान की है। जो निश्चित रूप से द्विपक्षीय रिश्तों को नये आयाम देगी। निश्चय ही कुछ समय से रिश्तों में चली आ रही तल्खी पर अब विराम लग सकेगा। नेपाल के साथ भारत की लंबी सीमा लगती है और देश के पांच राज्य उससे प्रभावित होते हैं।

बहरहाल, दक्षिण एशिया में शांति के दृष्टिगत दोनों देशों के मधुर संबंध वक्त की जरूरत भी हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को दूर करना भी बेहद जरूरी था।

# ओंकार सतनाम

धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**सच्चे** गुरु नानक देव जी कहते हैं कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नाल। जो लिखा है वह होगा। जो उसने लिख रखा है वही होगा। अपनी तरफ से कुछ भी करने का उपाय नहीं है। कोई परिवर्तन नहीं हो सकता। फिर चिंता किसको? फिर बोझ किसको? जब तुम बदलना ही नहीं चाहते कुछ, जब तुम उससे राजी हो, उसकी मर्जी में राजी हो, जब तुम्हारी अपनी कोई मजबूरी नहीं, तब कैसी बेचैनी और कैसा विचार।

तब सब हलका हो जाता है। पंख लग जाते हैं। तुम उड़ सकते हो उस आकाश में जिस आकाश का नाम है इक ओंकार सतनाम। इसे एक घटना से इस प्रकार समझें। ऐसा हुआ कि बल्ख का एक नवाब था इब्राहिम। उसने बाजार में से एक गुलाम खरीदा। गुलाम बड़ा स्वस्थ, तेजस्वी था। इब्राहिम उसे घर लाया। इब्राहिम उसके प्रेम में पड़ गया। आदमी बड़ा प्रभावशाली था। इब्राहिम ने पूछा कि तू कैसे रहना पसंद करेगा?

तो उस गुलाम ने मुस्कुरा कर कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरी कैसी मर्जी, वो जैसा रखेंगे वैसा रहूंगा। इब्राहिम ने पूछा : तू क्या पहनना, क्या खाना पसंद करता है? उसने कहा, मेरी क्या पसंद? मालिक जैसा पहनाए, पहनूंगा। मालिक जो खिलाए, खाऊंगा। इब्राहिम ने पूछा कि तेरा नाम क्या है? हम क्या नाम लेकर तुझे पुकारें? उसने कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा क्या नाम? दास का कोई नाम होता है? वो जो नाम दे वही अच्छा। आखिर यही ओंकार सतनाम आत्मा का भी साथ देता है।

## कार्टून वर्ल्ड

गर्म होती पृथ्वी...




## लेटर टू एडिटर

### प्रकृति से लड़ाई

**केदारनाथ** तक रेल पहुंचाने की योजना को एक विदेशी कंपनी ने सही नहीं माना है।मगर आरवीएनएल ने देखा कि सैकोट तक तो रेल लाइन आ सकती है मगर उससे आगे मक्कूमठ से सोनप्रयाग तक रेल मार्ग तैयार करना असंभव होगा। विभिन्न भूगर्भीय चुनौतियों और निर्माण से जुड़ी कठिनाइयों के कारण रेल लाइन बिछाना चुनौतीपूर्ण होता।

**- रविकांत सिंह, रांची**

### एमएसपी जरूरी

**साल** 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

**- सुनील झा, हजारीबाग**

# पर्यावरण पर सिर्फ खानापूर्ति, गंभीरता की कमी





-सत्यनारायण गुप्ता

> आज 19 वीं सदी की तुलना में तापमान 1.2 सेल्सियस अधिक बढ़ चुका है और सीओ 2 की मात्रा में 50प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। पर्यावरणविदों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव से बचने के लिए हमें पृथ्वी के क तापमान वृद्धि के कारकों को नियंत्रित के संबंध में ठोस कदम उठाने होंगे। वर्ष 2100 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान को नियंत्रित रखने की जरूरत है।

**बचपन** में रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता पढ़ी थी--लोहे के। पेड़ हरे होंगे----लेकिन लगता नहीं कि अब कभी लोहे के पेड़ हरे होंगे और कंक्रीट के जंगल से कभी सुगंध फैलेगा। क्योंकि मानवीय गतिविधियों और क्रियाकलापों से हमारे पर्यावरण को पहुंचे नुकसान के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के लिए खतरा बन चुका है।

अगर इसे अपने ही हाल में छोड़ दिया गया तो आने वाले समय में तापमान इस कदर बढ़ जाएगा कि मानव जीवन पर संकट आ सकता है। भयावह सूखा पड़ सकता है। समुद्री जलस्तर बढ़ सकता है और इन सब प्राकृतिक आपदाओं के फलस्वरूप कई प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। हमारे आंगन से गौरैया गायब हो चुके हैं, गंगा तट पर मरे हुए डाल्फिंस दिखाई देते हैं और बल झील के ऊपर मरी हुई मछलियां उपलती हुईं नजर आती हैं। पिघलते बर्फ के कारण जहां ध्रुवीय भालू का संकट खतरे में है वहीं आस्ट्रेलियाई समुद्र तट पर स्थित ग्रेट बैरियर रीफ का आकार छोटा होता जा रहा है।

जैसा कि हम जानते हैं जलवायु परिवर्तन एक लंबे समय में या कुछ सालों में किसी स्थान का औसत मौसम है और जलवायु परिवर्तन उन्हीं औसत परिस्थितियों में बदलाव है।

जितनी तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसके लिए मानव क्रियाएं सबसे ज्यादा दोषी हैं। घरेलू कामों, कारखानों और परिवहन के लिए मानव तेल,गैस और कोयले का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

जीवाश्म ईंधन के जलने से ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं। सबसे अधिक मात्रा कार्बन डाइऑक्साइड की होती है। ग्रीनहाउस गैसों की सघन मौजूदगी के कारण सूरज की गरमी धरती से बाहर नहीं जा पाता है , जिससे धरती का तापमान बढ़ता जाता है।

आज 19 वीं सदी की तुलना में तापमान 1.2 सेल्सियस अधिक बढ़ चुका है और सीओ 2 की मात्रा में 50% तक वृद्धि हुई है।

पर्यावरणविदों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव से बचने के लिए हमें पृथ्वी के क तापमान वृद्धि के कारकों को नियंत्रित के संबंध में ठोस कदम उठाने होंगे। वर्ष 2100 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान को नियंत्रित रखने की जरूरत है। यदि तमाम देशों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है।यह आगे चलकर 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। फलस्वरूप पृथ्वी को भयानक हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। समुद्र के जलस्तर पर वृद्धि होने से लाखों लोग बेघर हो जाएंगे। पौधों और जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी।

जलवायु परिवर्तन के कारण ही तूफानों की संख्या में वृद्धि,बार बार आने वाले भूकंप, नदियों में बाढ़ का विकराल रूप देखने को मिल रहा है।

ग्लोबल वार्मिंग इसी गति से बढती रही तो पृथ्वी का बड़ा भूभाग जनविहीन हो जाएगा , कृषि भूमि रेगिस्तान में बदल जाएंगे। इसके उलट वैसे क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है जहां पहले सूखा पड़ता था। जाहिर है गरीब देशों पर इसका कुप्रभाव अधिक व्यापक होगा।

खेती और फसल को व्यापक नुकसान, पेयजल संकट, जंगलों में आग, ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ का पिघलना विशेष जलवायु के अभ्यस्त जीवों के विलुप्त होने का खतरा बढ़ सकता है। यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो इस सदी के अंत तक 550 प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं।

2015 में पेरिस समझौते द्वारा दुनिया के तमाम देशों ने कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की प्रतिबद्धता दोहराई थी।1992 में रियो सम्मेलन से लेकर 2022 में शर्म अल शेख में आयोजित कॉप - 27 सम्मेलन तक एक साथ बैठकर दुनिया भर के राजनेता पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा कर चुके हैं।

1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में नामित किया ।1973 में केवल एक पृथ्वी के नारे के तहत पहला पर्यावरण दिवस उत्सव मनाया गया। 2023 के पर्यावरण दिवस का थीम है -- ₹बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन ₹ दुनिया भर में हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से आधा मात्र एक बार उपयोग होता है। इनमें से 10 फीसदी से भी कम को रिसाइकिल किया जाता है । प्रत्येक वर्ष 1930 मिलियन टन प्लास्टिक झीलों नदियों और समुद्रों में समा जाते हैं । 5 मिलीमीटर व्यास वाले प्लास्टिक कण ( माइक्रोप्लास्टिक्स) भोजन' पानी और हवा में घुल जाते हैं अनुमानतः प्रति वर्ष प्रत्येक व्यक्ति 50,000 से अधिक प्लास्टिक कणों को सांस के रूप ग्रहण करता है।

फेंके गए या जलाए गए एकल उपयोग वाले प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाते हैं और पहाड़ की चोटियों से लेकर समुद्र तट तक पूरी तरह से परिस्थिति तंत्र को प्रदूषित करते हैं।

समय आ गया है कि मनुष्य पृथ्वी के पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो, नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब यह हमारे रहने लायक नहीं रह जाएगी और हमें अपने जीवन को बचाए रखने के लिए ब्रह्मांड के किसी अन्य ग्रह में शरण लेना होगा। लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक वैसे किसी ग्रह की खोज नहीं हुई है जहां जीवन संभव हो।

## खास बात

### योग का नियम



**स्वामी मुक्तरथ**

योग के नियम - अगर आप यह कुछ सरल नियमों का पालन करेंगे, तो अवश्य योग अभ्यास का पूरा लाभ पाएँगे:

किसी गुरु के निर्देशन में योग अभ्यास शुरू करें।

सूर्योदय या सूर्यास्त के वक़्त योग का सही समय है।

योग करने से पहले स्नान जरूर करें।

योग खाली पेट करें। योग करने से 2 घंटे पहले कुछ ना खायें।

आरामदायक सूती कपड़े पहनें।

तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए - योग करने से पहले सब बुरे खयाल दिमाग से निकाल दें।

किसी शांत वातावरण और सॉफ जगह में योग अभ्यास करें।

अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखें।

योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें।

अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें।

धीरज रखें। योग के लाभ महसूस होने मे वक़्त लगता है।

निरंतर योग अभ्यास जारी रखें।योग करने के 30 मिनिट बाद तक कुछ ना खायें। 1 घंटे तक न नहायें। प्राणायाम हमेशा आसन अभ्यास करने के बाद करें।

अगर तकलीफ बढ़ने लगे या कोई नई तकलीफ हो जाए तो तुरंत योग अभ्यास रोक दें।

योगाभ्यास के अंत में हमेशा शवासन करें।

राज योगःराज का अर्थ शाही है और योग की इस शाखा का सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग है ध्यान। इस योग के आठ अंग है, जिस कारण से पतंजलि ने इसका नाम रखा था अष्टांग योग। इसे योग सूत्र में पतंजलि ने उल्लिखित किया है। यह 8 अंग इस प्रकार हैः यम (शपथ लेना), नियम (आचरण का नियम या आत्म-अनुशासन), आसन, प्राणायाम (श्वास नियंत्रण), प्रत्याहार (इंद्रियों का नियंत्रण), धारण (एकाग्रता), ध्यान (मेडिटेशन), और समाधि (परमानंद या अंतिम मुक्ति)। राज योग आत्मविवेक और ध्यान करने के लिए तैयार व्यक्तियों को आकर्षित करता है।

**उड़ीसा** रेल हादसे से पूरा देश दुखी है

इस विपदा के समय भारी संख्या में बालासोर के निवासी रक्तदान करने हस्पताल पहुँच रहे हैं

कोई सरकारी आदेश नहीं है - ये लोग इंसानियत का धर्म निभा रहे हैं

इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है

**- निशा उंराव आईआरएस**

## रोचक ट्वीट

भारतीय जनता पार्टी 'क्लब' पार्टी नहीं है, 'परिवारवादी' पार्टी नहीं है, 'जातिवादी' पार्टी नहीं है, किसी एक 'व्यक्ति' द्वारा संचालित पार्टी नहीं है...भाजपा आम जनमानस और कार्यकताओं की पार्टी है...

**- आदित्यनाथ योगी**





झारखण्ड सरकार के अधिकारियों और डॉक्टर की एक टीम हेलीकॉप्टर से ओडिशा के लिए रवाना । झारखण्ड के यात्रियों से मुलाकात कर टीम द्वारा उन्हें हरसंभव मदद प्रदान किया जाएगा।

**- हेमंत सोरेन**

# एक करोड़ पौधरोपण कर लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य

### विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2023) पर विशेष

■ प्रदूषण से आजादी का जंग जीतने के लिए एक करोड़ पौधरोपण कर लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य : पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल

**पलामू** के डाली गांव के रहने वाले कौशल किशोर जायसवाल पिछले 56 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे है। इस अभियान के तहत पर्यावरणविद शिविर आयोजित कर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण करते आ रहे है। इतना ही नहीं इस अभियान के तहत वनों की रक्षा के लिए वन वृक्षों पर राखी भी बांधने की परंपरा चलती आ रही है। जिसे वन राखी मूवमेंट का नाम दिया गया है।कौशल किशोर बताते है इस अभियान के तहत अब तक 50 लाख से अधिक पौधों का निशुल्क वितरण के साथ पौधा रोपण भी किया जा चुका है। इसके अलावे 15 लाख से अधिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया जाता है। पर्यावरणविद कौशल नेपाल, भूटान सहित देश के 22 राज्यों के लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ लोगों को दिलाई गई है। साथ ही पर्यावरण धर्म की पाठ भी पढ़ाया गया है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अपने निजी खर्चों पर विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण अपने पैतृक गांव डाली बाजार के कौशल नगर स्थित जैविक पार्क में करा रहे हैं। श्री कौशल किशोर डाली गांव में करोड़ों की लागत से जैविक उद्यान व पार्क विकसित किए हैं। जिसमें 22 देशों के 200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे लगे हैं। इस अभियान के तहत पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ काम चल रहे है। 70 वर्षीय कौशल आज भी पूरे उत्साह के साथ इस कार्य में तन्मयता से लगे हुए है । श्री कौशल कहते है कि वे अपना पूरा जीवन पर्यावरण व जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ साथ वैवाहिक समारोह में भी शामिल लोगों को उपहार स्वरूप उन्हें पौधा देकर जागरूक किया जाता है । इतना ही नहीं श्री कौशल जन्मोत्सव और श्राद्ध कर्म में भी पौधा लगाकर लोगों को प्रेरित करते हैं। कौशल को अब तक इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के एवज में देश व विदेश में 54 अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें इसी वर्ष प्राइड ऑफ झारखंड का अवार्ड केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा एवं झारखंड का गौरव नामक अवार्ड केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हाथों मिला है। इसके अलावे पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, पलामू उपायुक्त अंजलायुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं राजभवन में राज्यपाल के द्वारा सम्मान मिला है। पर्यावरण धर्मगुरु अपने जीवन में प्रदूषण से आजादी का जंग जीतने के लिए 10 देशों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट का प्रचार जारी रखते हुए एक करोड़ पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है।

## सामयिक



# केदारनाथ धाम तक रेल पहुंचाने की डगर आसान नहीं

**रेल** विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) केदारनाथ धाम तक बड़ी रेल लाइन बिछाने के पक्ष में नहीं है। आरवीएनएल 73,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली 'चार धाम रेल परियोजना' की क्रियान्वयन एजेंसी है। आठ साल तक इस क्षेत्र का सर्वेक्षण और अध्ययन करने के बाद आरवीएनएल ने एक आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि केदारनाथ तक रेल पटरी बिछाने में कुछ तकनीकी कठिनाइयां हैं और खर्च भी बहुत आएगा। इससे कोई सामरिक मकसद भी पूरा नहीं हो पाएगा।' इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और भारतीय सेना की सामरिक जरूरतों को देखते हुए यह बड़ी रेल लाइन चार धाम रेल परियोजना के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है।

अप्रैल में सौंपी गई इस आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह रेल पटरी सुदूर क्षेत्र में बिछाई जाएगी, जहां आबादी काफी कम है। इससे स्थानीय लोगों को भी लाभ नहीं होगा। इन बातों को ध्यान में रखते हुए केदारनाथ धाम के लिए यह रेल लाइन फायदेमंद नहीं दिख रही है और इससे मकसद भी पूरा नहीं हो पाएगा।'

चार धाम रेल परियोजना दुनिया की सबसे महत्त्वाकांक्षी एवं चुनौतीपूर्ण रेलवे परियोजना है। यह परियोजना शुरू करने का विचार 2014 में आया था। परियोजना के तहत 300 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने की योजना है। यह

## विकास

लाइन सुरंगों, पुलों और पहाड़ी क्षेत्रों में तीव्र ढाल से होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को जोड़ेगी। ये सभी स्थान उत्तराखंड में हैं।यमुनोत्री और गंगोत्री को देहरादून के निकट डोईवाला से जोड ? की योजना थी। इसी तरह ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का विस्तार कर इसे भारतीय सेना के लिए सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण केदारनाथ और बदरीनाथ से जोड ? की योजना थी।

वर्ष 2014 में आरवीएनएल ने एक सर्वेक्षण किया था, जिसमें चारों स्थानों को जोड ? के लिए 30 मार्गों का अध्ययन किया था। इसके बाद ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन को चमोली जिले में सैकोट से जोड ? की योजना पर अमल होता। सैकोट से दो रेल लाइन निकलतीं, जिनमें से एक केदारनाथ और दूसरी बदरीनाथ तक पहुंचती।

केदारनाथ मार्ग पर सोनप्रयाग तक रेल लाइन बिछाने की योजना था। यह स्टेशन समुद्र तल से 1,654 मीटर ऊंचाई पर बनना था। सोनप्रयाग से केदारनाथ महज 13 किलोमीटर है मगर 3,553 मीटर ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ तक पहुंचने के लिए चढ़ाई काफी दुर्गम है।

अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी तुर्की की एक कंपनी को 2018 में सौंपी गई थी। कंपनी ने इस पूरे क्षेत्र का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट हाल में सौंप दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैकोट के बाद एक लाइन केदारनाथ की तरफ मुड़ जाएगी और सोनप्रयाग तक जाकर रुक जाएगी। सोनप्रयाग रेलवे स्टेशन से केदारनाथ जाने के लिए 18 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी होती। आरवीएनएल ने अपनी आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि केदारनाथ रेल लाइन से कोई रणनीतिक लाभ नहीं मिलता और 214 किलोमीटर लंबाई के कारण ऋषिकेश से सोनप्रयाग तक यह रेल लाइन सड़क मार्ग से भी लंबी होगी। कंपनी ने कहा कि दोनों स्थानों के बीच हवाई सेवा (45 किलोमीटर) शुरू करना वित्तीय लिहाज से भी अधिक फायदेमंद रहेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आठवीं में बालिका उच्च विद्यालय कुजू की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**कुजू।** आठवीं बोर्ड की परीक्षा में कुजू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओ ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा नरगिस परवीन, प्रभा कुमारी, सबा परवीन ने ए-प्लस श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी तीनों छात्राएं। छात्राओं ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में ए-प्लस श्रेणी से पास कर अपने गांव, माता-पिता, शिक्षकगण व विद्यालय प्रबंधन का नाम रौशन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बताया कि इस बार आठवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 65 छात्राओं ने परीक्षा लिखी थी। इसमें 64 छात्राएं परीक्षा में सफल रही है। साथ ही उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर बालिका उच्च विद्यालय के सचिव अनीष कुमार गुप्ता ने छात्राओं की सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सफलता यहां के शिक्षकों और छात्राओं द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों, छात्राओं एवं अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी।

### रजरप्पा : एसबीआइ ने लगाया शिविर



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना में भारतीय स्टेट बैंक ने लगाया शिविर। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर मिश्रा ने किया। शिविर में स्वयं सहायता समूह, ऋण वितरण, केसीसी, लाभुक किसानों का रिनुअल से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया गया। प्रबंधक ने कहा कि बैंक आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। बैंक के साथ अपना रिएक्शन बनाए रखें। सुविधा देने के लिए बैंक कटिबद्ध है। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लागू विभिन्न योजना तथा महिला सशक्तिकरण हेतु एसएचजी ऋण एवं अन्य बचत योजनाओं के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया. सभा की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक जयप्रकाश नारायण के द्वारा किया गया. मौके पर संजना कुमारी कोडिनेटर, गीता देवी एमबीके, अभिषेक कुमार कश्यप सीएसपी, संतनु राम दांगी, कृष्णा कुमार पासवान समेत दर्जनों महिला और किसान मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के संस्थापक जगतार सिंह, अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो.रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी, लड्डू व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से पिछले 7 सप्ताह से भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से दो माह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। साथ ही मंच के लोगों ने वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री के कमल केडिया एवं अंकित केडिया के इस नेक कार्य के लिए आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुकरा करमाली, ललन राम, रेणुका देवी, लालू उरांव, राजेश वर्णवाल, विकास श्रीवास्तव, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

### सेवटा में ओवरब्रिज बनाने की मांग



कुजू। सेवटा के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमडल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में सेवटा स्थित रेलवे गेट नंबर 32/ बी1/ टी पर ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर सांसद श्री सिन्हा को पत्र सौंपा। सौपे गए पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि वे सेवटा के खतियानी रैयत हैं और रांची रोड रेलवे स्टेशन बनने के पूर्व करीब 20-25 गांव के ग्रामीणों के आवागमन के लिए एनएच 33 हजारीबाग से रांची रोड के संपर्क के लिए सर्वे सेटेलमेंट में प्रावधान दिया गया था। इसके बाद 1957- 58 में रैयतों की जमीन को तत्कालीन आसाम सिलिमिनाईट लिमिटेड ने अधिग्रहण किया। साथ ही ग्रामीणों के आवागमन के लिए एक वैकल्पिक सड़क बनाई। जिस सड़क पर निरंतर लोगों आवागमन हो रहा है, पर वर्तमान समय में फाटक को रेलवे विभाग बंद करने का आदेश दे रखा है। अगर फाटक को बंद कर दिया गया तो ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में आवागमन अवरूध ना हो इसके लिए ओवरब्रिज का निर्माण होना बेहद आवश्यक है। मांग करने वालों में राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, नारायण चंद्र भौमिक, परमेश्वर साव, नरेश प्रसाद साहू, संजय शाह, सुबोध प्रसाद, अशोक प्रसाद, लखन प्रसाद, सुनील प्रसाद, रंजीत प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल है।

खबर मन्त्र एक्सक्लूसिव पार्ट-2 : धनंजय मामले में नया खुलासा

# शिक्षक निलंबन के दौरान प्रबंधन समिति के पुर्नगठन में हुए थे शामिल

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सदस्यों को शपथ दिलाते वीडियो वायरल

**खबर मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरातू कटकमदाग के विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को शपथ दिलाते शिक्षक धनंजय कुमार का एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो बीते माह की 18 तारीख का बताया जा रहा है। ऐसे में डीएसई कार्यालय व प्रखंड बीईईओ कार्यालय एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बता दें कि पुनर्गठन के दिन शिक्षक धनंजय कुमार निलंबित थे।

निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय बीईईओ कार्यालय बरकट्ठा था। बीते माह की 23 तारीख को स्थापना समिति की बैठक में उन्हें निलंबन मुक्त करने की अनुशंसा की गई थी। ऐसे में आरोपी शिक्षक धनंजय कुमार निलंबन अवधि में किस हैसियत और किसकी अनुमति से प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के दौरान हुए आम सभा में हिस्सा लिया। यह जांच का विषय है। मिली जानकारी के अनुसार पुनर्गठन के दिन पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित बीआरपी व सीआरपी ने निलंबित शिक्षक की उपस्थिति पर आपत्ति जताई थी। लेकिन शिक्षक द्वारा यह कहे जाने पर कि बीईईओ को इस बात की जानकारी है, कोई विरोध नहीं हुआ। वहीं इस संबंध में बीईईओ डोमन मोची ने पूछे जाने पर बताया कि इस बात की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। कहा कि निलंबन अवधि में आम सभा के दौरान उक्त शिक्षक के उपस्थित होने का कोई औचित्य नहीं है।

सवाल यह है कि यदि बीईईओ को इसकी जानकारी नहीं है तो इस पर जांच किए जाने की जरूरत है। वहीं शिक्षा विभाग के जानकार बतातें हैं कि दरअसल निलंबन मुक्त करने की बिसात पहले ही बिछ चुकी होगी। ऑल ईज वेल दिखाने के इस खेल में नॉट वेल के संदेह की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**जहां गए बन गए गुरूघंटाल**

आरोप मुक्त किए गए शिक्षक धनंजय कुमार का सब जगह एक ही हाल रहा, जहां गए गुरूघंटाल बन गए। इनका यह कोई पहला कारनामा नहीं है इससे पूर्व इचाक प्रखंड में भी इनपर आरोप लगे थे। वहीं वर्ष 2016 में जब ये उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरीदिरी कटकमसांडी में पदस्थापित थे, तब एक आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपनी हरकत के लिए इन्हें लिखित माफीनामा देना पड़ा था। 24 अगस्त 2016 को इन्होंने छह गवाहों की उपस्थिति में बीईईओ कटकमसांडी को पत्र लिखकर एक महिला के साथ किए गए अमर्यादित व्यवहार के लिए माफी मांगी थी। उस माफीनामे में शिक्षक ने लिखा कि अब दुबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। हालांकि ये अलग बात है कि वह गलती उनके द्वारा दूसरी बार की गई थी। वहीं अबकी बार कटकमदाग में इनकी गलतियों की संख्या में एक और इजाफा हो गया। बहरहाल शिक्षा विभाग की मेहरबानी के बोझ तले दबे शिक्षक धनंजय कुमार को आरोपमुक्त किए जाने व पुनः उसी विद्यालय में भेजे जाने को लेकर ग्रामीणों में रोषदेखी जा रही है।

# मोदी सरकार के नौ वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल : मनोज

**बरही में भाजपा ने निकाली विकास तीर्थ यात्रा, सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष हुए शामिल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में भाजपा द्वारा विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे जून महीने में यह यात्रा देश के प्रत्येक जिले में चलाई जानी है।भाजपा जिला कमिटी के साथ हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने गौरियाकरमा कृषि अनुसंधान केंद्र के समीप इस यात्रा की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर किया गया।सांसद जयंत सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सबसे बड़ी सफलता धारा 370 समाप्त करना है।इसके अलावा पूरे देशभर में सड़कों का जाल बिछा दिया गया जिसका फायदा हजारीबाग को भी मिला। बाईपास बनने से ट्रैफिक लोड शहर में कम हो गया। कोविड के समय 80 करोड़ लोगों को भोजन कराया गया। कहा कि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 20 हजार करोड़ का निवेश पतरातू में किया जा रहा है। पूरे झारखण्ड में सबसे बड़ा कारखाना बनाया जा रहा है। इसका पूरा श्रेय हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता को जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, सड़क, मोबाइल फोन समेत कई तरह की सुविधा निचले और गरीब तबके के लोगों को दिया गया। 9 वर्ष तक सरकार के ऊपर किसी भी तरह का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। यह सरकार की बड़ी उपलब्धियों में एक है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत नौ वर्षो में कृषि को लेकर शिक्षित करने की दिशा में कई पहल की है और ये विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत नौ वर्षों में अंत्योदय तक पहुंचकर उनका उत्थान किया। चाहे घर घर बिजली पहुंचाने की बात हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्ज्वला योजना हो, या जन धन योजना, सभी क्षेत्रों मे केंद्र सरकार ने कार्य करते हुए विकास किया है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि मोदी जी के नौ वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। भाजपा का यह विकास तीर्थ यात्रा पूरे देश में जगह जगह आयोजित की जा रही है। बताया कि 10 जून को हजारीबाग जिला में महारैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तमाम कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है।

मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेश सहाय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, बिनोद साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### महाजनसंपर्क अभियान को ले भाजपा की बैठक

**रामगढ़।** जिले में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त रविवार संध्या होटल ट्रीट के सभागार में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर मीट हुआ।। भाजपा के मीडिया प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। श्री पटेल ने कहा कि आज सोशल मीडिया को हटा कर राजनीति संभव नहीं। क्योंकि आज के डिजिटल भारत में देश के हर युवाओं के हाथ में उच्च तकनीक वाली मोबाइल उपलब्ध है जिससे वो पार्टी के हर कार्यक्रमों पर नजर रखते है और यही भाजपा की ताकत भी है जिसकी मदद से हमने कई चुनाव भी जीते है । उन्होंने कहा के जिस नरेंद्र मोदी को पहले अमेरिका में आने पर प्रतिबंध लगाया गया था आज उसके राष्ट्रपति हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ते है और उनका ऑटोग्राफ लेकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते है। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने । युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा किसभी ने भाजपा के द्वारा किए जा रहे सभी विकास कार्यो को सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में फैलते है,जिसके कारण आपको भी भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मिलती है जो आपके अपेक्षाओं पर खरी उतरती है।

### जय शंकर पाठक को अध्यक्ष बनाने पर निसार खान ने दी हार्दिक बधाई

**हजारीबाग।** विधि विभाग के द्वारा हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 8 में प्रदत्त शक्तियों के अधीन झारखंड सरकार के द्वारा तृतीय झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का हजारीबाग के जय शंकर पाठक को प्रदेश अध्यक्ष तथा प्हृदयानंद मिश्रा, राकेश सिन्हा, अजय नारायण मिश्रा पलामू के संजीव तिवारी को प्रदेश सदस्य बनाए जाने पर 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान हार्दिक शुभकामनाएं दी है । खान ने कहा कि श्री पाठक कुशल नेतृत्व में हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड समस्त धार्मिक संस्थाओं का होगा विकास।

## ब्लड बैंक के लापरवाही से व्यवसायी की मौत!

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष मार्ग रोड निवासी व्यवसायी गोपाल प्रसाद की तबीयत बिगड़ने के बाद परिजनों के द्वारा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान नर्सों के द्वारा ब्लड मांगे जाने के बाद जब परिजन ब्लड बैंक पहुंचे तो उन्हें ब्लड बैंक के अधिकारियों के द्वारा ब्लड डोनर देने को कहा गया जबकि ब्लड बैंक में मरीज के ब्लड ग्रुप का खून मौजूद था। परिजनों का आरोप है की ब्लड डोनर खोज के लाने के बाद भी ब्लड बैंक के लोगो ने खून नहीं दिया जिसके कारण मरीज की जान चली गयी। परिजनों ने यह भी बताया की हॉस्पिटल की नर्सों के द्वारा भी कहा गया कि रविवार को डॉक्टर नहीं आते हैं हम लोगों को जो लीगल एडवाइस दी जाएगी उसी हिसाब से इलाज करेंगे। कहा कि सिविल सर्जन के द्वारा हर दिन डॉक्टरों का एक बार राउंड होता तो शायद मृतक की जान बच सकती थी।

# अज्ञातवास में गए भगवान जगन्नाथ

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 26 में प्रतिवर्ष की भांति कैथा रथयात्रा आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। विधि अनुसार आयोजन समिति सदस्यों व श्रद्धालुओं ने ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने पर उन्हें गद्दी से उतार कर उनका पवित्र स्नान कराया। विधि अनुसार अगले 15 दिनों तक भगवान अज्ञातवास में रहेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन भगवान को रथारुढ कर श्रद्धालुओं वापिस सिंहासन पर विराजमान कराया जाएगा। रथयात्रा को लेकर आयोजन समिति गठित की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष वार्ड नंबर 26 पार्षद देवधारी महतो, सचिव राजेश कुमार महतो



,कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, मुख्य संरक्षक भागवत नारायण चटर्जी, सुदर्शन महतो,हरिहर पाठक,रूपेंद्र महतो, सुकर महतो, चुनीलाल महतो,संजय महतो, माधव

**20 जून को रथ यात्रा**

करमाली,देवलाल महतो कार्यकारिणी सदस्य राजू कुमार महतो,संदीप महतो,कुलदीप महतो,अमित कुमार,अजय आस्था, पंकज कुमार, प्रह्लालाद कुमार,रवि नायक, दीपाली चटर्जी,राजुवाला चटर्जी,नवनीत कुमार,बालिस राम महतो को बनाया गया। मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ,बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन का विशेष महत्व है। रथयात्रा में तीनों विग्रहों के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान जगन्नाथ जगत के पालनकर्ता हैं,उनके पूजन से हम सभी श्रद्धालु पुण्य के भागी होने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। वहीं आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो ने बताया कि कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का गौरव है। कैथा रथयात्रा में रामगढ़ जिले के अतिरिक्त दूसरे जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और भगवान का पूजन करते हैं। वहीं सचिव राजेश महतो ने कहा कि बीते 75 वर्षो से कैथा में पावन रथयात्रा का आयोजन होता रहा है। श्रद्धालु रथयात्रा में भाग लेकर पुण्य के पात्र होने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रथयात्रा की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण तत्परता से जुटे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुकनू देवी, रेनू देवी,किरण देवी, जोशना देवी, सिद्धार्थ चटर्जी, सुशांत चटर्जी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कांग्रेस ने रेल हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



बरही। बरही कांग्रेस के कार्यकताओं ने ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति बरही चौक पर कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि इस दुखद दुर्घटना में जिन्होंने अपने प्रिय जनों को खोया है उनके प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की हम सब कामना करते हैं। ईश्वर मृत आत्मा की शांति हेतु उन्हें अपने चरणों में जगह दे। उक्त जानकारी कांग्रेसी नरेश सिंह ने देते हुए बताया कि पहले ऐसे रेल हादसों पर रेल मंत्री स्वयं की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए स्वयं इस्तीफा दे दिया करते थे।परन्तु कुर्सी के लालची नेताओं ने अभी तनिक भी बोलने को तैयार नही है। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, नरेश सिंह, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, प्रमोद सिंह, सुशील केसरी उर्फ नुनु, राजेंद्र मद्धेशिया, द्वारका रविदास, सुनील साहू, गुज्जू चौरसिया, सुधीर रजक, प्रिंस सिन्हा, राजू केसरी, राजू राणा समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

### कॉलेज के छात्रों ने किया नेतरहाट का भ्रमण



**बरही।** शैक्षणिक भ्रमण के तहत बरही में संचालित एकमात्र डिग्री कॉलेज राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय भूगोल विभाग के स्नातक सेमेस्टर-6 के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण यात्रा के लिए नेतरहाट के लिए रवाना हुए। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रामानुज ने बताया कि भूगोल विभाग के स्नातक सेमेस्टर-6 के पाठ्यक्रम में एक विषय भौगोलिक रिपोर्ट का है जिसको पूर्ति के लिए यह यात्रा आयोजित किया गया है।यात्रा से छात्र छात्राओं को किताबी पढ़ाई एवं ज्ञान के साथ प्रायोगिक कार्य करने का भी अभ्यास होता है। यात्रा भ्रमण में मुकेश कुमार, विक्रम कुमार, चंदन कुमार, आनंद कुमार सोनी, प्रकाश राणा, अमित कुमार, राहुल कुमार समेत 70 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। ४ है पी ४ : शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थीगण

### करसो पंचायत में भीम आर्मी का हुआ गठन



**बरही।** करसो पंचायत में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनोद दास, उपाध्यक्ष सोनू कुमार, सचिव सुभाष कुमार भुईयां, महासचिव रितेश भुईयां, कोषाध्यक्ष नागेश्वर दास, मिडिया प्रभारी रामस्वरूप भुईयां, उपसचिव द्वारिका रविदास, संरक्षक पप्पू दास, कपीलदेव भुईयां, धर्मेद्र दास, दामोदर प्रभु भुईयां, प्रदीप कुमार को चुना गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि भीम आर्मी एक ऐसा संगठन है बिना किसी को भेद भाव किए निष्पक्षता के साथ सबको मदद करने का काम करता है। पूरे भारत में जहां भी अन्याय अत्याचार होता है उसके लिए भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद को समर्थन देने की बात कहते हुए भीम आर्मी के संगठन को मजबूती देने की बात कही।सुनील कुमार ने कहा कि भीम आर्मी संविधान को मानने वाला संगठन है और सविधान का सुरक्षा करने की काम करता है जिसको संवैधानिक अधिकार नहीं मिलता है उसे दिलाने का काम करती है। बैठक में भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव, जिला सचिव राहुल अंबेडकर, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील आनंद, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहें।

### विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**चरही।** रविवार को विकास तीर्थ निमित कार्यक्रम के तहत बासाडीह के तरवाटांड स्थित बोकारो नदी पर बने पुल का निरीक्षण किया।इसके उपरांत डीएमएफटी मद से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बोकारो नदी से लेकर नंदलाल महतो के घर तक बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के द्वारा किया गया।मुख्य रूप से चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो,चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,इंदिरा पंचायत के मुखिया राधिका देवी,चुरचू पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,इंदिरा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो, भाजपा विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा,फुलेश्वर महतो,बहेरा पंचायत के उप मुखिया शिवचंद्र मुर्मू,शंकर सिंह भोक्ता,घनश्याम महतो,कमलाल महतो,राजू महतो,यदि लोग मौजूद थे।

### भाजपा के तीनों मंडल की बैठक संपन्न

बड़कागांव ।भाजपा बड़कागांव विधानसभा स्तरीय जिला एवं प्रदेश के निदेर्शानुसार महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में बैठक आयोजित किया गया । बैठक का अध्यक्षता जिला किसान मोर्चा महामंत्री सह विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी बैजनाथ कुमार साव, संचालन सांसद प्रतिनिधि मनीष पांडे ,महामंत्री इंद्र भूषण के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी श्री अमरनाथ चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा रामगढ़ सनी कुशवाहा उपस्थित हुए जिन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया बैठक में सभी कार्यकताओं के द्वारा हर हर मोदी घर घर मोदी गरीब कल्याण कारी योजनाओं डोर टू डोर विकास के बारे में महाजन संपर्क अभियान कर लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया एवं राज्य के निदेर्शानुसार आगामी पुर्व नियोजित कार्यक्रम की रुपरेखा तय किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उरीमारी मंडल अध्यक्ष श्री खेमलाल महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री टुकेश्वर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, राजेश कुमार सिंह, उर्फ जुगनू सिंह, केरेडारी सांसद प्रतिनिधि बद्री नारायण सिंह, प्रखंड पालक सह जिला ओबीसी मोर्चा महामंत्री डॉ बालेश्वर महतो, जिला कार्यसमिति सदस्य अवध किशोर यादव, मंडल उपाध्यक्ष किशोर राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र महतो, त्रिवेणी महतो, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 जून से



भुरकुंडा (रामगढ़)। राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भुरकुंडा के दो खिलाड़ी अनिल दास व आशीष कुमार का चयन हुआ है। इससे भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रो में हर्ष का माहौल है। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के कोच सह चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया कि दोनो खिलाड़ी आगामी 10 व 11 जून को रजरप्पा के डीएवी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेंगी। दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर रविवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ.बीरेंद्र कुमार चौधरी ने अपने पतरातू स्थित आवास में मेडल देकर सम्मानित करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों के बढ़ावा देने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। एसडीपीओ श्री चौधरी ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है।

## स्पीड न्यूज

### विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभातफेरी आज

**गुमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को खेल विभाग गुमला के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। प्रभात फेरी गुमला स्टेडियम के सामने से आरंभ होगी जो शहर के मुख्य मार्गों में घूमेगी। प्रभात फेरी के बाद एसएस बालिक उच्च विद्यालय गुमला में पौधारोपण किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता शामिल होंगे।

### राहगीरों में प्रेरणा शाखा ने बांटा मट्ठा



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा रविवार को पड़ रहे भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के बड़ा दुर्गा मंदिर, सब्जी मार्केट के समीप 300 राहगीरों के बीच मठ्ठा का वितरण किया गया। प्रेरणा शाखा के द्वारा सेवा भाव से आये दिन कई कार्य किये जा रहे हैं। विषेषकर गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने की दिशा में शाखा सार्थक कार्य कर रही है। इस आयोजन में अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू, सदस्य अंचल अग्रवाल, शकुंतला मंत्री, मंजू शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

### बहन ने भाई पर लगाया माता-पिता और खुद के साथ मारपीट का आरोप

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के सोसो गांव निवासी जितनी मिंज ने गुमला थाना में आवेदन देकर अपने बड़े भाई पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जितनी मिंज ने कहा कि उसका भाई पैसे की मांग को लेकर माता-पिता और मेरे साथ मारपीट की है। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। जितनी ने कहा कि वे पांच साल से अपने वृद्ध माता-पिता को साथ रख रही है। मेरा भाई पैसे को लेकर मारपीट करता है और धमकी दिया है कि पैसे नहीं मिलने पर एक-एक को खत्म कर देगा। जितनी ने गुमला पुलिस ने सुरक्षा की गुहार लगायी है।

### कार के कट मारने से अनियंत्रित स्कूटी सवार तीन युवतियां ऑटो से टकरायी

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी रोड में सामने से आ रहे कार सवार के कट मारने से स्कूटी में सवार तीन युवती अनियंत्रित होकर सड़क पर खडे ऑटो से जा टकरायी। जिसमें सरंगो निवासी बेबी कुमारी (18), प्रतिमा कुमारी (20) व संध्या कुमारी (18) घायल हो गयी है। वहीं मौके से कार सवार फरार हो गया। घटना में संध्या कुमारी का बाय जांग की हड्डी टूट गई है और बेबी कुमारी के चेहरे पर गंभीर चोट लगी है। वही प्रतिमा कुमारी को हल्की चोट आई है। घटना की जानकारी देते हुए प्रतिमा ने बताया कि हम लोग तीनों बेड़ो दीदी के घर गए थे। जहां आज वापसी के क्रम में देवाकी रोड में यह घटना घटी।

### वाहन के धक्के से दो बाइक सवार घायल

**घाघरा।** ब्लॉक चौक के समीप अज्ञात मालवाहक पिकअप की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में घाघरा बस्ती निवासी प्रीतम उरांव, जयवंत जेम्स टोप्पो शामिल है। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच घायलों का हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली। वहीं मालवाहक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल से नवडीहा की ओर से घाघरा बस्ती की ओर लौट रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रही मालवाहक पिकअप सड़क किनारे बह रहे गंदे पानी के कारण दूसरी साइड से वाहन को निकाल रहा था। इस क्रम में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, शहजाद खान, बिजली विभाग के लाइनमैन सुनरदेव यादव के सहयोग से टेंपू से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया गया।

### किस्को में गैंग रेप, तीन गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में विवाह समारोह से लौटने के क्रम में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर युवती के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में संलिप्त अभियुक्त में एक आरोपी नाबालिग और तीन बालिग है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी अनुसार सामूहिक दुष्कर्म की घटना उस समय हुई है, जब युवती अपने मंगेतर के साथ मसुरियाखाड़ में एक विवाह समारोह से लौट रही थी, तभी सलैया के समीप चारो आरोपियों ने पीछा कर जंगल के पास युवती के दोस्त को मारपीट कर बंधक बना लिया जिसके बाद युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर किस्को थाना में कांड संख्या 17/ 23 धारा 367†, 325, 504, 506, 34 आईपीसी दर्ज किया गया है। मामले में किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए सभी चार आरोपियों को पकड़ लिया है। युवती के साथ लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के सलैया निवासी सतन मुंडा के पुत्र अनिल मुंडा, डहरबाटी निवासी डुका मुंडा के पुत्र गरीबा मुंडा, तिसिया चट्टी टांड निवासी बिरसा मुंडा के पुत्र विश्वनाथ सुरीन और एक नाबालिग ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच के बाद मेडिकल करा कर जेल भेज दिया है घटना को चार लोगो ने मिलकर अंजाम दिया है जिसमे एक नाबालिग भी है है। तीनों बालिग आरोपियो को को जेल भेजा गया और नाबालिग को गुमला बाल सुधार गृह भेजा जायेगा।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक राज्यपाल आवास घेराव का निर्णय

- रोस्टर प्रणाली के तहत आरक्षण शून्य सात जिलों से घेराव कार्यक्रम में पांच सौ सदस्य होंगे शामिल
- पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक संपन्न, कई जिलों के लोग शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक रविवार को रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड में केंद्रीय अध्यक्ष उदास नाग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गुमला, सिमडेगा सहित कई जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ी जाति को न्याय दिलाने के लिए अब तक हुए आंदोलन की समीक्षा की गयी। समीक्षा में मुख्य रूप से आंदोलन की सफलता पर सभी को धन्यवाद दिया गया। उम्मीद जतायी कि आगे जो आंदोलन होगा उसमें पिछड़ी जाति के लोगों का भरपुर सहयोग मिलेगा। वहीं अपने हक व अधिकार की प्राप्ति को लेकर आगे की आंदोलन की रूपरेखा तय किया गया। जिसमें आंदोलन की अगली कड़ी में राज्यपाल आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। ताकि रोस्टर प्रणाली में आरक्षण शून्य किये गये सभी सात जिलों के पिछड़ी जाति को आरक्षण मिल सके। बैठक में सभी जिलों से कम से कम 500 सदस्यों को राज्यपाल घेराव कार्यक्रम में भाग लेने को कहा गया। धरना के बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसकी तिथि का निर्धारण केंद्रीय समिति लेकर सभी जिलों के अध्यक्ष को सूचित करेगी।

# मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर की पहली वर्षगांठ पर कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित बरवाटोली में नवनिर्मित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का प्रथम वर्षगांठ समारोह को लेकर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान रविवार को आरंभ हुआ। इस दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और किशोरियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यह कलश यात्रा सीठियो कोयल नदी से निकाली गयी, जो बरवाटोली मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के प्रांगण तक पहुंची। इस शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं भक्ति गीतों और भगवान के जयकारों के गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।



**जानें मंदिर की खासियत :** इस मंदिर को दक्षिण भारत की सभ्यता से प्रेरित होकर बनाया गया है जिसका निर्माण पिछले साल महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा किया गया है। मंदिर समिति की ओर से एक ट्रस्ट का भी निर्माण किया गया है। यह मंदिर जिले का सबसे बड़ा मां दुर्गा का मंदिर है। जहां प्रथम वर्षगांठ बड़े धूम धाम से मनाई जा रहा है। पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया है जो दूर से ही भक्तों का मन मोह रहा हैं। वही मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया मंदिर का प्रथम वर्षगांठ बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है जहां भव्य कलश यात्रा निकाली गई इस कलश यात्रा में गांव गांव से आकर लोगो ने भाग लिया है। साथ ही भक्ति जागरण और भंडारा का भी आयोजन मंदिर समिति की ओर से किया गया है।

### कोयल नदी में छलांग लगाकर स्नान करने के दौरान हादसा

# बीस सूत्री उपाध्यक्ष को छाती में लगी चोट,इलाज के क्रम में मौत

- अंतिम संस्कार में विधायक चमरा लिंडा समेत कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया हरि उरांव की मौत रविवार को कोयल नदी में स्नान करने के दौरान हो गयी। हरि उरांव नदी में छलांग लगाकर नहाने के लिए कूदे इसी दौरान उनकी छाती पर चोट लग गयी। जिसे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। उनके साथ तत्काल उन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हरि उरांव की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। हरि उरांव शनिवार को खंभिया गांव मेहमानी के लिए गये थे। जहां से वे स्नान करने नदी गये थे और यह घटनी घटी। रविवार को देर शाम उनके अंतिम संस्कार पैतृक गांव आरंगी हुआ। जहां अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए।



अंतिम दर्शन में शामिल विधायक व मृतक (इनसेट में)।

**खास बातें :** हरि उरांव अपने पीछे पत्नी, तीन लड़की व एक लड़का छोड़ गये। लोगों ने कहा कि वे बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। अपने कार्यों के प्रति कर्तव्यनिष्ठ थे। उनके निधन पर विधायक चमरा लिंडा, बिशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, जिप सदस्य जेंगा उरांव, मानती उरांव, चंद्रदेव उरांव, कृष्णा कुमार लोहरा, रवि पहान, राजिंद्र उरांव, चंद्रदेव उरांव, भिनेश्वर भगत, बालकिशुन उरांव, समीर उरांव, झरी उरांव, सुखराम उरांव, शीला कुजूर, बॉबी भगत ने शोक जताया।

# कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सर्वोपरि: राजेश ठाकुर

- संगठन शक्ति कारण के तहत जिला कांग्रेस विस्तारित कमेटी की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में संगठन शक्ति कारण के तहत लोहरदगा जिला कांग्रेस विस्तारित कमिटी की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, जिला प्रभारी आशिक अंसारी, विधान सभा प्रभारी बेलस तिर्की विशेष रूप से उपस्थित थे। संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सर्वोपरि है।



बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान हेतु आप विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत करायें एवं एक प्रति मुझे भी दें। ताकि आम कार्यकर्ताओं का काम सुचारू रूप से हो सके। संगठन को सशक्त बनाने के लिए पंचायत और बूथ स्तर पर समाज के प्रभावी और निष्ठावान कार्यकताओं को आगे लाना होगा। प्रखण्ड अध्यक्ष की जवाबदेही है कि ऐसे मजबूत युवाओं, और महिलाओं को चिन्हित कर संगठन से जोड़ने का काम करें। पार्टी पदाधिकारी कार्यो का विभाजन कर अपनी अपनी दायित्वों के निर्वाहन करे। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अब जिला कांग्रेस कमिटी का विस्तार हो चुका है। सभी एक दूसरे के प्रति गिला शिकवा भुला कर पार्टी हित में काम करें। आप पार्टी के सच्चे सिपाही है। कांग्रेस पार्टी ने आप पर विश्वास जताया है। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ाना है।

# प्रतिबंधित कफ शिरप के साथ दो युवकों को पुलिस ने लिया हिरासत में, स्कॉर्पियो जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित कप शिरप ऑनरेक्स की एक पेटी के साथ दो युवकों को रविवार को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये युवकों में गुमला के आजाद बस्ती अहमद लेन निवासी स्व. मुद्दीन अंसारी का 34 वर्षीय पुत्र अमजद अंसारी व अहमद नगर निवासी स्व. फिरजन अंसारी का 26 वर्षीय पुत्र सरवर उर्फ सोनू के नाम शामिल है।

**गुमला पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना :** गुमला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिसई की ओर से एक स्कारपियो वाहन से प्रतिबंधित कफ शिरप गुमला लाया जा रहा है। जिसके बाद गुमला पुलिस स्कार्पियो वाहन का नागफेनी से पीछा किया।



गुमला थाना परिसर में लगा जब्त स्कॉर्पियो वाहन।

**पुलिस को देख भागने की कोशिश :** पुलिस को आते देख वाहन चालक ने बाईपास सड़क से स्कारपियो को डुमरडीह की ओर ले गया। जहां से वे सिलम निकल गये। इस दौरान लगातार पुलिस टीम उनके पीछे रही। सिलम से वापस बाईपास सड़क में आने के बाद दोनों युवक वाहन छोड़कर भागने लगे तो पुलिस ने उन्हें खदेड़कर पकड़ा। वहीं स्कारपियो वाहन जेएच 07 जे 02227 को जब्त किया।

### बालासोर रेल दुर्घटना भाजपानीत मोदी सरकार की विफलताओं में से एक है : विजय सिंह

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना को मोदी सरकार की लापरवाही का परिणाम बताते हुए रेल दुर्घटना में मारे गए सैकड़ों यात्रियों की मौत पर दल की ओर से गहरा दुख प्रकट किया और घायलों के प्रति भी सहानुभूति जताया है। कहा है कि अच्छे दिन व सुलभ और सुरक्षित रेल सेवा यात्रा देने के नाम पर रेल का किराया बेहिसाब बढ़ाने वाली मोदी सरकार आज तक रेल दुर्घटना रोकने के लिए रेल में कवच जैसा यंत्र तक लगा नहीं पाई है। वहीं सस्ती लोकप्रियता के लिए बड़ी-बड़ी बात करने वाली सरकार को बालासोर रेल दुर्घटना के लिए जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बालासोर रेल दुर्घटना महज एक हादसा नहीं है बल्कि मोदी सरकार की विफलता को बालासोर रेल दुर्घटना दर्शाती है।

### गुमला : बाईक से गिरकर शिक्षक घायल, बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** थाना क्षेत्र के दुंदुरिया के समीप सड़क पर पशु के दौड़ जाने से बाईक सवार लातेहार जिला के गारू थाना क्षेत्र के डाबरी गांव निवासी शिक्षक 47 वर्षीय सिद्धेश्वर उरांव घायल हो गये। सड़क पर गिरने के बाद सिद्धेश्वर उरांव बेहोश हो गये। जिसे बेहोशी का हालत में सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। सिद्धेश्वर उरांव विशुनपुर प्रखंड में रहकर स्कूल में पढाते हैं। घटना के बाद उनके जेब से मिले कागजात से उनकी पहचान हुई। फिलहाल उनकी हालत गंभीर है।

### सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए ,जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में कराया गया इलाज। जानकारी के अनुसार सेन्हा नवटोली निवासी उमेश उराव की पत्नी पिंकी उरांव टेम्पू से स्वास्थ्य केन्द्र भंडरा जा रही थी उसी दौरान टेम्पू जेएच 24 एफ 9784 अनियंत्रित हो पलट गया। जिससे पिंकी उरांव और उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री रितिका उरांव को हल्की चोटें लगी। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा लाया गया। तथा पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार से आने के क्रम में बदला महादेवटोली निवासी स्व एतवा उरांव का पुत्र जीतराम उरांव और बगडू थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी बुधुवा उरांव का पुत्र सुखराम उरांव सेन्हा थाना अन्तर्गत भड़गांव के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिर गया, जिसमे दोनों का चेहरा में हल्की चोटें आयी है। वहीं सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में कराया गया। साथ ही इलाज के उपरान्त सभी घायलों को घर भेज दिया गया।

### औचक छापामारी में करीब एक ट्रैक्टर प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार के निर्देश पर परिषद के उड़नदस्ता दल ने नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर छापेमारी की गयी। इस दौरान लगभग एक ट्रैक्टर के आसपास प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर लिया गया। कुछ बड़े गोदामों पर भी छापेमारी की गई किंतु वहां सामान बरामद नहीं हुआ। आशंका है कि छापेमारी की पूर्व सूचना पर प्रतिबंधित सामान हटा लिया गया हो। संजय कुमार ने बताया कि छोटे दुकानदारों की बजाये बड़े और थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ से गिरकर महिला घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के तेलया गांव निवासी 40 वर्षीय महिला देवंती देवी पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां उसके चेहरे व कमर पर गंभीर चोट लगी है। घटना के उपरांत परिजनों ने तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए घायल महिला को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि महिला पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रही थी। तभी अचानक डाली टूट गयी और महिला नीचे जमीन पर गिर गयी।

### सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल, दो रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** बीते रात भंडरा से सेमरा की तरफ जाने वाले सड़क में नवडीहा मोड़ के पास अज्ञात वाहन स्कूटी (जेएच 08 एच 4527) को ठोकर मारकर फरार हो गया। अज्ञात वाहन के शक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गये। स्कूटी सवार लोग सेमरा से भंडरा की तरफ आ रहे थे। दुर्घटना में भरनो थाना क्षेत्र के पहरकेशा निवासी गंदूर मुंडा के पुत्र रंथू मुंडा (15), राजेंद्र उरांव के पुत्र राहुल उरांव (18) एवं पंचू उरांव (18) पिता कार्तिक उरांव ग्राम सरनाटोली का निवासी है। पंचू और रंथू को रांची रिम्स रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार तीनों युवक नशे में धुत थे। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना मिलने पर तीनों को सामुदायिक केंद्र भंडरा पंहुचाया गया। जहा गंभीर रूप से घायल पंचू व रंथू को रिम्स रेफर किया गया।

इधर, एक अन्य सड़क दुर्घटना में सेगराटोली बाजार के पास सड़क दुर्घटना में टोटो जामुनडीपा गांव का युवक एवम युवती घायल हो गये।

# पतंजलि के योग शिक्षक शिक्षिकाएं लगायेंगे पांच दिन का विशेष योग सत्र

- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता के साथ आयोजन को लेकर पतंजलि परिवार की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा जिला इकाई की बैठक 4 जून को प्रातः योग सत्र के उपरांत स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने की। बैठक का आयोजन आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने हेतु पतंजलि के पदाधिकारीगण, योग शिक्षक शिक्षिकाएं एवं वरीय अभिभावकों के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी सह मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण भारती ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन करने हैं। इस संबंध में सभी योग शिक्षक - शिक्षिकाएं पांच दिवसीय शिविर आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत आयोजन करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ आयोजन करने हेतु पतंजलि के साथ-साथ अनुषांगिक संगठनों के साथ मिलकर करने हैं। अधिक से अधिक संख्या में शिक्षण संस्थानों से संपर्क कर आयोजन स्थल जल्द तय कर लिये जायें।



**खास बातें :** बैठक में पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के अभय भारती, सह प्रभारी वासुदेव महतो, दिनेश प्रजापति, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। सभी ने योग दिवस पर बढ़-चढ़कर पूरे जिले को योगमय करने की सहमति दी।

# कबाड़ महोत्सव का समापन कल उत्कृष्ट सहभागी होंगे पुरस्कृत

- शहरी विकास अभिकरण के निदेशक ने कबाड़ महोत्सव की सराहना की
- खाली प्लास्टिक बोतलों से कबाड़ व्यवसायी बना रहा है नाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला नगर परिषद द्वारा एक सप्ताह से आयोजित कबाड़ महोत्सव का समापन कल किया जाएगा। इस दौरान आयोजित कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षणों से न केवल शहर के युवाओं और गृहणी महिलाओं ने कबाड़ से निर्माण की दिशा में रचनात्मक प्रयास शुरू किये हैं। बल्कि नगर परिषद के अभियंताओं ने भी इस दिशा में धरातल पर कई कार्य आरंभ कर दिए हैं और तो और शहर के कबाड़ व्यवसायियों ने भी अपने यहां मौजूद कबाड़ वस्तुओं से कुछ रचनात्मक चीजें बनाने का काम शुरू किया है। कुछ ऐसा ही आजाद बस्ती हुसैन नगर के एक कबाड़ व्यवसायी ने कबाड़ महोत्सव से प्रभावित होकर सैकड़ों खाली प्लास्टिक बोतलों की मदद से एक नाव का आकार दिया है। वे इसे नगर परिषद को सौंपेंगे। इस नाव का उपयोग किसी बड़े तालाब में फ्लोटिंग गार्डन बनाने में उपयोग किया जा सकेगा।



बेकार पड़े प्लास्टिक की बोतल से नाव तैयार करते व्यवसायी।

**क्या कहते हैं नप के प्रशासक**

नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि यदि शहर के लोग इसी तरह कबाड़ चीजों का सदुपयोग करेंगे तो शहर में कबाड़ की मात्रा को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। झारखंड राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) निदेशक श्री अमित कुमार ने गुमला में आयोजित हुए इस कबाड़ महोत्सव की सराहना की है। श्री अमित कुमार ने कहा दुनिया भर के शहरों में बढ़ रही कबाड़ की मात्रा भविष्य में कचरा निस्तारण के लिए बड़ी चुनौती होगी। इसको लेकर हमें यथाशीघ्र रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल के सिद्धांतों को अपनाना होगा।

# स्पीड न्यूज

### वृद्ध के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में शनिवार देर रात एक वृद्ध के साथ उसके घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद भुइयां 50 वर्ष पिता स्व. हरकू भुइयां ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने घर का दरवाजा खुलवाया और उसके साथ मारपीट की। वही दो हजार रुपये भी लूट लिए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से विनोद भुइयां को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। इस सबंध में पीड़ित ने बालूमाथ थाना को लिखित आवेदन दिया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### भाजयुमो ने दी श्रद्धांजलि

**चंदवा।** भाजयुमो मंडल कार्यसमिति चंदवा की बैठक रविवार को स्थित पथ निर्माण विश्रामागार किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा व संचालन संटू गुप्ता के किया। सर्व प्रथम महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात बालासोर उड़ीसा में हुये भीषण रेल हादसे में जान गवाने वाले के लोगो के आत्मा की शाति के लिए 2 मिनट का मौन धारण श्रद्धांजलि दी गयी व घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई। कार्यकारणी बैठक में महा-जन सम्पर्क अभियान के तहत आगामी कार्यक्रम नवमतदाता सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, बाइक रैली, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, कार्यक्रम पर चर्चा कर सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष मनीष उरांव ने की। मौके पर महेंद्र प्रसाद साहू, रोहित शाहदेव, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद, सचिव मिश्रा, दुर्गा ठाकुर, सूर्यनारायण साहू, चंद्रकांत गिरी, प्रदीप कुमार, निखिल कुमार, अजित मुंडा, देवराज तुरी, बैजू कुमार, सन्नी वर्मा, सोनू प्रजापति, सतीश तुरी समेत दर्जनों सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षा प्रतिनिधि अशर्फी राम को सौंपा मांग पत्रः अतुल कुमार



मांग पत्र सौंपते मोर्चा के लोग।

**लातेहार।** प्रदेश मोर्चा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज पलामू प्रमंडल के मंत्री मिथलेश ठाकुर के कल्याणपुर गढ़वा आवास में उनकी अनुपस्थिति में शिक्षा प्रतिनिधि अशर्फी राम को दिया गया। मोर्चा के अगुआ राज्य प्रतिनिधि दसरथ ठाकुर, पलामू जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल सिंह, प्रवीण सिंह राजेश सिंह, उदय प्रसाद, सिकंदर कुमार शर्मा, अभिमन्यु दुबे, विजय गुप्ता, सतपाल उरांव, सदन सिंह, बलबिशून भगत, बन्हन साय नगेशिया, सुरेंद्र उरांव आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया की आगामी 17 जून को मुख्यमंत्री आवास रांची घेराव के पहले मुख्यमंत्री के संगठन के शीर्ष नेता से बात कर अपना किया वादा वेतन मान देने का एलान कर अपना नाम इतिहास के पन्ने पर दर्ज करने का साहसिक कदम उठाए। इस कार्य के लिए हम सभी 62 हजार मूल निवासी माननीय के प्रति सदा आभारी रहेंगे।

### पौधरोपण व सफाई अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चंदवा।** प्रखंड के देवनद के समीप स्थित विधुत शक्ति उपकेंद्र में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में विधुत विभाग के कनीय अभियंता संतोष कुमार मंडल की अगुवाई में विभाग के कर्मियों के द्वारा सफाई अभियान व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सब स्टेशन व आसपास के क्षेत्रों को साफ किया गया व पौधरोपण भी किया गया। कनीय अभियंता संतोष कुमार ने कहा कि औद्योगिक कल कारखानों के विकास एवं मानव के विभिन्न क्रियाकलापों से पर्यावरण को काफी क्षति पहुंची है। अभी भी वक्त है, सरकार, प्रशासन व आमजन एक साथ पर्यावरण संरक्षण के दिशा में पहल करे तो आने पीढ़ी को विनाश होने से बचाया जा सकता है। मौके पर विभाग के सुनील कुमार, मंटू कुमार, फनी उरांव. मो. अली, बबलू समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### सीसीएल ने चलाया जागरूकता अभियान



**बालूमाथ।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के आने वाले आरा, चमातु, हहुरवा, ओजा सहित विभिन्न गांवों में सीसीएल की ओर से जागरूक अभियान चलाया गया। मौके पर लोगों को पेड़-पौधे लगाने को प्रेरित किया गया। मौके पर डिस्पैच मैनेजर दयाशंकर ओझा,बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम,सीसीएल कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर बोलते हुए दयाशंकर ओझा ने कहा की पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षित रहेगा तभी हम लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने पेड़ लगाने और प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश दिया गया। वही बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है जिसके उपलक्ष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाये। इंसान और पर्यावरण के बीच बहुत गहरा संबंध है और प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। दशकों से हम प्रकृति को सिर्फ प्रदूषित कर रहे हैं। पर्यावरण का दोहन कर रहे हैं। जंगलों को काटना, नदियों को गंदा करना, वातावरण को प्रदूषित करना आदि के कारण हम प्रकृति का अस्तित्व खत्म करने के साथ ही अपने जीवन और आने वाली पीढ़ी के लिए खतरनाक वातावरण बना रहे हैं। मौके पर वृछारोपण भी किया गया।

## बीड़ी पत्ता माफियाओं का खेल शुरू, पीटीआर में हरा सोना लूटने की कवायद हुई पूरी

# एक माह के अंदर पलामू टाइगर रिजर्व में होता है दस करोड़ का कारोबार

**अवैध खेल**

- इस अवैध खेल में वन विभाग व प्रशासनिक संलिप्तता से नहीं किया जा सकता है इंकार
- सब कुछ जानते हुए भी हाथ पर हाथ धरे बैठा है वन विभाग और पुलिस प्रशासन

राजेश प्रसाद/दीपक राज

**लातेहार/बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित वन क्षेत्रों से हरा सोना (बीड़ी पत्ता) लूटने को तैयार वन माफियाओं की सांठ-गांठ पूरी हो चुकी हैं। बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित वन क्षेत्र से इस बार करीब दस करोड़ से अधिक बीड़ी पत्तों का कारोबार हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पलामू और लातेहार के बड़े वन माफियाओं ने वन विभाग और प्रशासन से सांठगांठ कर ली है। जिसका प्रमाण है कि पिछले 20 दिनों से पीटीआर के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में धड़ल्ले से बीड़ी पत्ता की अवैध रूप से तुड़ाई कर जगह- जगह पर सूखने के लिए फरी लगाई गई है, जिसे सूखने के बाद अब बोरे में बंद कर माफियाओं को सप्लाई करने की तैयारी चल रहा है। जंगलों में दिन रात चल रही वन माफियाओं और उनके बिचौलियो के छोटे-बड़े वाहनों ने जंगलों को छलनी तो कर ही दिया हैं। वहीं पीटीआर में बचे खुचे जंगली जानवर भी वाहनों की आवाज से भयभीत होकर जंगल छोड़ रहे हैं। लेकिन वन विभाग और प्रशासनिक अमला सब कुछ जानते हुए भी खामोश बैठा हुआ हैं। जिससे यह यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि प्रशासनिक व वन विभाग के संरक्षण में हर साल यह अवैध कारोबार तेजी से फल फूल रहा है।

### कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है यह अवैध कारोबार



बोरे में सील होने लगी है बीड़ी पत्ता।



पीटीआर अंतर्गत सैकड़ों जगह सूखने के लिए पसारा गया था पत्ता।

जिस पीटीआर के कोर और बफर एरिया में एक पत्ता भी तोड़ना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। बावजूद जिम्मवार प्रशासनिक महकमा और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हर वर्ष आसानी से यह खेल खेला जाता है। बता दें कि पीटीआर के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरुहार, बारीदोहर, बारीचट्टान, हरिनामाड़, लात, चुंगरू, चहल, हेहेगड़ा, नावाडीह, अमवाटीकर, होशिर, कुचिला, उकामाड़, गंभरिया, केड़, मंगरदाही, लाभर, मुंडु, कटिया तथा बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाइ, मंडल, सैदुप, बढनिया, ततहा, झरना, उकामाड़, केचकी, झरना और बेतला इत्यादि गारू थाना क्षेत्र के सरयू, बारेसाढ़, मारोमार, विजयपुर, पंडरा आदि सैकड़ों जगहों पर खुलेआम पत्तों की तुड़ाई के बाद सूखने के लिए फरी लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार करोड़ो रुपए की इस काली कमाई में कई जगहों पर लाखों रुपए का बंदरबांट भी किया जाता है।

### मुकदर्शक बनी हुई है वन विभाग और पुलिस

हर वर्ष पुराने कारोबारी इस अवैध कारोबार को करते आ रहें हैं। इधर एक दो दिनों के अंदर यह अवैध बीड़ी पत्ता छोटे-बड़े वाहनों के माध्यम से जंगलों के रास्ते लातेहार और पलामू के लिए निकलने वाला है। इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को भी है, लेकिन अब भी अवैध कारोबारियों पर कानूनी कारवाई करने और इस अवैध कारोबार पर शिकंजा लगाने के बजाय वन विभाग और पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है।

# बिजली गुल मीटर चालूः ट्रांसफॉर्मर लगने के बावजूद ढिबरी युग में जीने को मजबूर हैं ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते ग्रामीण।

**सरयू।** कहा गया है कि किसी भी क्षेत्र का विकास तब संभव है, जब उस क्षेत्र में बिजली, पानी एवं सड़क का सेवा उपलब्ध हो। परतूं यह एक कहावत बन कर रह गया है। हर घर बिजली योजना के तहत गांव में बिजली का तार तो लगा दिया गया है। लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं। जहां ट्रासफोर्मर एवं तार लगने के बावजूद भी अभी तक बिजली की सेवा बहाल नहीं किया जा सका है। जिसमें ऐसा ही एक गांव है डोरम जो लातेहार जिले के नवनिर्मित प्रखण्ड सरयू क्षेत्रांतर्गत स्थित है, जिसमें करीब 200 घरों में लगभग 650 परीवार निवास करते हैं। इस गांव में करीब 3 वर्ष पहले हर घर बिजली योजना के तहत प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगा कर बिजली की सेवा बहाल किया गया था। बिजली बहाल होने के एक सप्ताह बाद ही 11 हजार वोल्ट का कवरयुक्त तार जल गया है, जो आज तक खराब है। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार आवेदन देकर इसकी जानकारी दिया गया है। परंतु आज तक किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इसका शुद्ध नहीं लिया गया है। बिजली गुल है परंतु अभी भी विभाग के द्वारा बिल भेजा जाता है।

#### ग्रामीणों का क्या कहना है

वहीं ग्रामीण पाड़ों सिंह, दिपु सिंह, प्रदीप सिंह, सुरेश सिंह, रामकुमार सिंह, राजदेव सिंह, रामबकत सिंह समेत अन्य स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि 2020 में इस गाँव के प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगाया है। कनेक्शन लगने के उपरांत बिजली बहाल किया था। परंतु करीब एक सप्ताह बाद ही 11 हजार का तार जल जाने के कारण इस गांव में बिजली की सेवा आज तक ठप है। हमलोगों के द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया है। परंतु अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं किया है। बिजली नहीं होने से हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई-लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। मोबाईल जार्ज करने के लिए दुसरे गांव का सहारा लेना पड़ता है। विभाग के द्वारा कई बार बिजली का बिल भी भेजा गया था। लेकिन हमलोगों के द्वारा बिल जमा करने से साफ मना कर दिया गया है। जब बिजली ही नहीं है तो, बिल क्यों जमा करें। यदि विभाग के द्वारा जल्द से जल्द बिजली बहाल नहीं किया गया तो, हमलोगों के द्वारा अपने घरों से बिजली का मिटर खोल कर बिजली विभाग को सौंप दिया जायेगा।

#### कनिय अभियंता ने क्या कहा

गारू एवं सरयू सब-स्टेशन के कनिय अभियंता दुर्गा शंकर सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है। जल्द से जल्द इस गाँव में बिजली बहाल करने को लेकर विभाग जोर-शोर से लगी हुई है।

### बीजेपी जिला के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे के अध्यक्षता में प्रेस वार्ता महिला डिग्री कॉलेज लातेहार के बिशुनपुर ग्राम में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के 9 साल कार्यकाल में लातेहार विधानसभा में अनेकों कार्य किए गए हैं। लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण,ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण, ग्राम गोवा में डिग्री कॉलेज एवं पुल निर्माण जैसे अनेकों कार्य किया गया है। कार्यक्रम के अंत में हिंदुस्तान अखबार के पत्रकार मनिका निवासी को मृदुभाषी कौशल पांडेय का असमय दुर्घटना में मृत्यु एवं उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मृत लोगों को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।

**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, पंकज सिंह, सीतामनी तिर्की, मुकेश पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, पवन कुमार, रितेश कुमार, पिंटू रजक, आनंद सिंह, रविंद्र सिंह, बबन मांझी, राजकुमार दास, अमर विश्वकर्मा, अजय सिंह, प्रकाश कुमार, धीरेंद्र शुक्ला, संतोष पांडे,राजू प्रसाद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संवेदक के द्वारा सोलर जलमीनार में बरती जा रही है अनियमितता



**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत के बुचीदाड़ी ग्राम में लगे सोलर जलमीनार में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बताते चले कि बिना बोरिंग किए मृत पड़े बोरिंग में डाल रहे थे मोटर को ग्रामीणों ने रोक दिया। वहीं ग्रामीणो ने बताया कि मृत बड़े बोरिंग में ही समरसेबुल डाल रहे थे, मना करने पर मुंशी प्रमोद यादव ने धमकी भरे लफ्जों में कहां की मोटर तो इसी बोरिंग में डलेगा जो करना है कर लो, हम सभी ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर इसका जोरदार विरोध किए तो मुंशी एवं इसमें काम कर रहे लोग अपने सामान उठाकर यहां से चले गए। वहीं ग्रामीणों ने आगे बताया कि मृत पड़े बोरिंग में जब हम लोग बांस एवं रस्सी बोरिंग के अंदर डालकर देखे तो पता चला कि बोरिंग 30 से 40 फीट ही गढ्ढा है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकृत एजेंसी व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अब तक लोगों के लिए हर घर नल का जल सपना ही बना हुआ है। यहां सिर्फ और सिर्फ सरकारी योजनाओं के नाम पर सरकारी धनराशि की लूट मची हुई है। जहां जिसको जिस तरह मौका मिल रहा है। वहां उसी तरह सरकारी धनराशि की लूट मची हुई है। ठेकेदार व विभागीय मिलकर सरकार को लगा रहे हैं लाखों का चूना। इस विषय में जब मुखिया संजय उरांव से बात किया गया तो मुखिया संजय उरांव ने बताया कि जब बोरिंग किए ही नहीं है तो पाइप नहीं डलेगा। इसके स्थान पर दूसरा मृत हुए बोरिंग में पाइप नहीं डाल सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले बोरिंग कीजिए बोरिंग में पानी नहीं निकलता है तब फ्रीफैंस देते हैं कि आप दूसरा बोरिंग में पाइप डाल सकते हैं नहीं तो आप नहीं डाल सकते हैं। यह नियम के विरुद्ध है ऐसा करने पर हम कार्रवाई करेंगे। वही मौके पर दया कुमारी, सावित्री देवी, सरहुली देवी, इंद्रमणि देवी, सालों देवी, अनीता देवी, सुमन देवी, कविता देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी, फुल कुमारी, कपिल देव उराव, विष्णु देव उरांव, सुधीर पन्ना, समेत दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

### चेटर के सुकलक्का में सरकारी सर्वे में रोड पर अवैध निर्माण का आरोप, स्थिति तनावपूर्ण

# प्रशासनिक पहल पर रुका निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता



रुका निर्माण कार्य।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत सुकलक्का गांव में राजेन्द्र यादव के घर से आरईओ पथ को जोड़ने वाले सरकार द्वारा सर्वे किये गए मार्ग पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर मकान निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है। अवैध निर्माण कार्य शुरू होने के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। मामले को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण चंदवा थाना पहुंच कर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के नाम लिखित आवेदन देकर अवैध तरीके से कब्जा का प्रयास कर रहे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के निर्देशन में चेटर पिकेट से जवानों को भेजा कर निर्माण कार्य को रुकवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस मार्ग पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है वह सरकार द्वारा सर्वे मार्ग है। प्रशासन के आदेशानुसार उक्त मार्ग की मापी, सीमांकन भी हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर उक्त पथ पर सड़क निर्माण को लेकर डिमार्केशन भी किया गया है। लेकिन मणिलाल उरांव पिता चन्द्रू उरांव, कमल किशोर उरांव पिता देवनाथ उरांव, अशोक उरांव पिता बुधवा उरांव, रन्थू उरांव पिता भदवा उरांव, किशुन उरांव पिता बधना उरांव, बुधवा उरांव पिता एतवा उरांव, किलचंद उरांव पिता दुखिया उरांव, जमधन उरांव पिता रान्थू उरांव, लले उरांव पिता बुधवा उरांव, अनिता देवी पति मणिलाल उरांव, सरीता देवी पति स्व. राजेन्द्र उरांव, हीरामणि देवी पति धनलाल उरांव के द्वारा रविवार सुबह अचानक सर्वे मार्ग पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया गया। मना करने पर उनलोगों के द्वारा धमकी भी दी जा रही है। मामले में ग्रामीणों ने दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ईधर मामले में इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से आवेदन प्राप्त हुई है। मामले जांच के लिए आवेदन को अंचल को अग्रसारित किया जाएगा, जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

### वन विभाग के द्वारा मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट कार्यक्रम किया गया आयोजन



**चंदवा।** विश्व पर्यावरण दिवस पखवारा कार्यक्रम के तहत वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा न्यू ह्यूमन फाउंडेशन के साथ मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट कार्यक्रम के तहत डीएफओ रोशन कुमार के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चंदवा के हाईवे हिल होटल के सभागार में एकदिनी कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में वन एवं वन जीवों का महत्व के बारे बताया गया साथ ही जहरीले और गैर जहरीले सांपों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। कार्यशाला में पहुंचे सर्प वैज्ञानिक डा सत्यप्रकाश व मुरारी सिंह ने बताया की हम सभी के दिमाग मे बचपन से ही सांपों के प्रति भ्रामक जानकारी भर दी गई है। इसी वजह से हम सभी सांपों को विलेन समझ बैठते हैं। सांप मनुष्य के दुश्मन नहीं हैं। अपने राज्य में कोबरा, करैत और वाइपर ही जहरीले हैं। सर्प संरक्षण कार्य से जुड़े मुरारी सिंह ने बताया कि जानकारी की कमी की वजह से हम सांपो को मारते हैं। झारखंड में 27 प्रजाति के सांप हैं। इनमें से सात ही जहरीले हैं। करैत की दो, वाइपर की दो और कोबरा की तीन प्रजाति में जहर है। सांप को भारतीय संस्कृति में पूजित बताया गया है। कार्यशाला में सांपो की पहचान के साथ सर्पदंश का प्राथमिक इलाज करने की व्यवहारिक जानकारी दी गई। सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति को पट्टी बांधने व अस्पताल पहुंचाने के सही तरीका को सिखाया गया। घर में घुस आए सांप को बाहर निकालने का सुरक्षित तरीका भी बताया गया। कार्यशाला में रेंजर राकेश कुमार, सब बीट ऑफिसर आदित्य सिंह, वन कर्मी वीरेंद्र कुमार, विश्वास देव पांडेय, अभय कुमार, आलोक तिग्गा समेत जेएफएमसी के अध्यक्ष और अन्य सदस्य समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मजदूर अजय लोहरा के परिजनों को मिला 8.73 लाख रुपये की मदद



**चंदवा।** जमीरा पंचायत के मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता सीतमोहन मुंडा के सार्थक प्रयास से मिजोरम के एमएस अनुषा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में काम के दौरान जान गवाने वाले मजदूर अजय लोहरा के परिजनों को 8 लाख 73 हजार 500 की आर्थिक मदद मिली। शनिवार को मुखिया दुर्गावती देवी, सितमोहन मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति की मौजूदगी में सहायता राशि का चेक मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी को प्रदान किया गया। बता दे कि प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी गांव निवासी अजय लोहरा मिजोरम के एमएस अनुषा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में काम करने गया था। जहां 8 जनवरी 2023 को काम के दौरान ही बिजली के करेंट के पचेट में आने से अजय की मौत हो गयी थी। घटना के बाद मुखिया दुर्गावती देवी ने कंपनी के अधिकारियों से बात कर मृतक परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की थी। इधर मुआवजा राशि मिलने पर अजय लोहरा की पत्नी सुमित्रा देवी एवं उनके परिवार वालों ने कंपनी प्रबंधन के साथ-साथ मुखिया व प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त किया है।

# कौशल उन्नयन पर कार्यशाला का आयोजन

- राज्य सरकार युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना चला रही हैः बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक व डीसी।



मौके पर मौजूद छात्र व पदाधिकारीगण।

**लातेहार।** जिला कौशल विकास कार्यालय के द्वारा नगर भवन लातेहार में कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक वैद्यनाथ राम एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। विधायक वैद्यनाथ राम ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण युवक-युवतियों के पास रोजगार परक कौशल या हुनर का अभाव है। सभी युवक युवती आजीविका एवं अच्छे जीवन के लिए नौकरी पाना चाहते हैं। परन्तु इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप कौशल नहीं होने के कारण वे रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना चला रही है। जिसके तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

**जिले में वर्तमान में कंपनियों के खदान संचालित हैं और कुछ नये खदान खुलने वाले है, जिससे रोजगार के बड़ी संख्या में नये अवसर उपलब्ध होंगेः भोर सिंह यादव**

उपायुक्त भोर सिंह यादव ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। युवक- युवती उससे जुड़कर अपना कौशल हासिल करें। आगे उन्होंने कहा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत कौशल संवर्धन के लिए कार्य का अनुभव भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने निजी क्षेत्र में 40,000 रुपए तक के वेतन वाले पदों के 75 फीसदी पद पर स्थानीय युवक युवतियों को नियुक्त करने का नियम बनाया है। जिले में वर्तमान में कुछ कम्पनियों के खदान संचालित हैं और कुछ नये खदान खुलने वाले है। जिले में रोजगार के बड़ी संख्या में नये अवसर उपलब्ध होंगे। श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी ने जानकारी दिया सरकार के द्वारा युवक युवतियों को रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना संचालित किया जा रहा है। इस योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्यायय कौशल केंद्र, एम्प्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विथ कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग, ब्लॉक लेवल इंस्टिट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विजिशन समाहित है। कार्यशाला में एनटीपीसी के डीजीएम आर. बी. सिंह एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रोफेसर रमण वल्लभ ने कौशल प्रशिक्षण, अप्रेन्टिसशिप एवं रोजगार के अवसरों के बारे जानकारी दिया। कार्यशाला में सांसद प्रतिनिधि विवेक चौरसिया, विधायक मनिका के प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, कौशल प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि एवं आमजन एवं युवक-युवती उपस्थित थे।

### भाजयुमो मंडल की बैठक संपन्न

**बरवाडीह।** बरवाडीह और छिपादोहर दोनों मंडलों में रविवार को भाजयुमो मंडल कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। जहां बरवाडीह में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास सिंह ने की। वहीं छिपादोहर में मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। जहां विकास सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार के सफलतापूर्ण 9 वर्ष पूरे होने पर 5 जून से 25 जून तक भाजयुमो द्वारा कई तरह का कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। जिसमें योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने, मतदाता सम्मेलन, बाइक रैली, नुक्कड़ सभा और ऑनलाइन क्यूज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर बैठक में कार्यकताओं को दायित्व सौंपा गया है। जिसके लिए कार्यक्रम का अभिषेक कुमार, गौरव सिंह, प्रदीप राम, मनीष कुमार, अनिल ठाकुर, गुप्तेश्वर प्र. सिंह को बनाया गया हैं। बैठक में प्रवीण कुमार, सुनील सिंह, पारस जयसवाल, हेमंत कश्यप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर छिपादोहर मंडल की बैठक में प्रभारी के रूप में जिला मंत्री अजय प्रसाद ने शिरकत की। मौके पर बलराम सिंह, लल्लू यादव, सरिमन सिंह, विजेंद्र सिंह, चंद्रदेव सिंह, प्रमोद साहू, अवधेश सिंह, ललित सिंह, संतोष राम, मुकेश राय, बाबूलाल सिंह, रामबालक सिंह, संदीप सिंह, ओम कुमार, ददन ठाकुर, सुदेश्वर सिंह और बबलू सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षा व्यवस्था पर विजय सिन्हा का सीएम पर तंज

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा सीएम नीतीश कुमार पर लगातार हमलावर हैं। बिहार में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर तंज कसते हुए उन्होंने कि बिहार के शिक्षा में मिशन 60 का कब शुभारंभ होगा? पिछले 33 वर्षों से बड़े भाई-छोटे भाई मिलकर बिहार की गद्दी संभाले हुए हैं लेकिन बिहार की शिक्षा व्यवस्था में लगातार गिरावट आती जा रही है। बिहार का शिक्षा दर मात्र 61.8 प्रतिशत है जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है और निरक्षरता की बात करें तो अभी भी बिहार में 38.2 प्रतिशत लोग निरक्षर हैं।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत के बाद जमकर हंगामा

**नालंदा।** नूरसराय थाना इलाके के बालचंद बीघा गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव उसके घर से पुलिस ने बरामद किया है। शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में महिला के परिवार वालों को पुलिस द्वारा सूचना दी गई। मृतका की पहचान बालचंद बीघा गांव निवासी रवींद्र यादव की पत्नी अंशु देवी के रूप में की गई है। मृतक महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस जब महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आई तब वहां दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट होने लगी और लात-घूंसे के साथ-साथ ईंट-पत्थर की बरसात होने लगी। देखते ही देखते से अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।

### क्या 2024 में बीजेपी के साथ आयेंगे जीतन राम मांझी?

**पटना।** 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही राजनीतिक उठापटक बढ़ती जा रही है। विपक्षी एकता का ब्लूप्रिंट अभी तैयार भी नहीं हो सका है कि इसमें सीट शेयरिंग को लेकर खींचतान देखने को मिलने लगी है। सीएम नीतीश कुमार के साथी जीतन राम मांझी ही आंखे दिखाने में लगे हैं। मांझी ने साफ कर दिया है कि यदि उन्हें सम्मानजनक सीटें नहीं मिली तो वो महागठबंधन को महाझटका दे सकते हैं। मांझी ने साफ कहा है यदि 2024 लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को यदि 5 सीट नहीं मिली तो वह अपना रास्ता देख लेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने दावा किया कि हम जिधर रहेंगे, उधर जीतेंगे। उनके इस तरह के बयान से महागठबंधन में खलबली मच गई है। मांझी के बयान को जेडीयू ने प्रेशर पॉलिटिक्स बताया है।

### विपक्ष की बैठक से पहले पुराने रंग में दिखे लालू यादव

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इस वक्त राजधानी पटना में ही हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद से अब उनकी तबियत में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। अब वो पहले वाले अंदाज में ही लौट रहे है। पटना में आगामी 12 जून को मोदी विरोधी नेताओं का जमावड़ा लगना है। उससे पहले लालू यादव एक्टिव हो चुके हैं।

### सो रहे थे मां-बाप, युवती ने की हत्या

**भागलपुर।** जिस मां-बाप ने बेटी को नाजों से पाला, वही बेटी एक दिन उनका कत्ल कर देगी, कुशाहापुर के ग्रामीणों को यह विश्वास नहीं हो पा रहा। लेकिन, ये सच है। कुशाहापुर गांव बिहार के भागलपुर में स्थित है। गांव में डबल मर्डर के बाद सन्नाटा पसरा है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी सनकी युवती को अरेस्ट कर लिया है। घर में जब सभी लोग खाना खाकर सो रहे थे, तब मोहम्मद शेख सुदी की बेटी जग रही थी। उसका शैतानी दिमाग कुछ अलग ही सोच रहा था। रात एक बजे वह अपने बिस्तर से उठी और सीधे वहां पहुंची, जहां उसके मां-बाप सोए हुए थे। वहीं, पर खटिया का पौवा (खाट का पैर) पड़ा हुआ था। उसी को उठाकर उसने मां-बाप पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए।

# बिहार के 40 यात्री सुरक्षित पहुंचे भागलपुर

**ओडिशा ट्रेन हादसा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भागलपुर।** ओडिशा के बालासोर में बाहानगा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को हुए भीषण ट्रेन हादसे में 275 लोगों की जान चली गई वहीं सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। इस भीषण रेल हादसे में देखते ही देखते पल भर में वहां का मंजर तबाही में बदल गया। चारो तरफ चीख-पुकार मच गई और हालात इतने गंभीर हो गए कि लोग अपने ही परिजनों की लाशें बोगी से खींचकर निकालते नजर आए। ओडिशा के बालासोर में इस भीषण ट्रेन हादसे में सुरक्षित बिहार के 40 यात्रियों को बालासोर से बस से पटना लाया गया। उसके बाद सभी को भागलपुर होते हुए अररिया की ओर रवाना किया गया. इसके पहले सभी 40 यात्रियों को भागलपुर में स्थानीय प्रशासन द्वारा जलपान कराकर अररिया भेजा गया, जब यात्रियों से इस बारे में बात की गई तो वे काफी डरे और सहमे हुए थे। किसी ने कहा मैं पढ़ाई करने जा रहा था तो किसी ने कहा मैं तीर्थ यात्रा के लिए निकला था। सभी के चेहरों पर भय का माहौल बना हुआ था। सभी अपने घर जाने को बेचैन दिख रहे थे। शालीमार से चेन्नई जा रहे 26 लोगों के दल के एक व्यक्ति ने कहा कि वे ट्रेन में शालीमार से चढ़े थे उन्हें चेन्नई पढ़ाई के लिए जाना था, लेकिन अचानक ये हादसा हो गया। इस दौरान वे तीन अलग-अलग बोगी में थे। हादसा होते ही सबसे पहले वे अपने लोगों को एक जगह लाने के लिए जुट गए. उन्होंने बताया कि उनके टीम के सभी लोग सुरक्षित हैं। इसमें कई लड़कियां भी हैं, लेकिन जो सामान लेकर वो निकले थे। उनके सामान का पूरा नुकसान हो गया। हादसे के वक्त मौजूद मो. इम्तियाज ने बताया कि अचानक गाड़ी ने ब्रेक लगाई इसके बाद हड़कंप मच गया और ट्रेन पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा कि लाशों के ढेर का वह मंजर बहुत ही भयावह था। वहीं एसडीएम धनंजय कुमार ने बताया जिला प्रशासन के आदेश अनुसार इन लोगों को भागलपुर में रुकना था और जलपान करना था।

## एक नजर में

### एसपी ने काजल को जीवन रक्षा पदक पुरस्कार की अनुशंसा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** अपनी जान की परवाह ना करते हुए मासूम बच्चे की जान बचाने वाली काजल को जीवन रक्षा पदक पुरस्कार के लिए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अनुशंसा की है। एसपी राकेश रंजन ने पुरस्कृत करने हेतु अनुशंसा पुलिस मुख्यालय को भेजी है। मालूम हो कि जिले के मयूरहण्ड प्रखंड के हुसियां गांव में 07 म?ई की देर शाम को कुएं के पास तीन साल का शिवम अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह कुएं में गिर गया और गहरे पानी में डूबने लगा, इस पर नजदीक खड़ी उसकी 13 वर्षीय मौसी काजल अपनी जान की परवाह किये बगैर कुएं में कूद गयी। उस कुआँ में एक मोटर लगा हुआ था उस मोटर में लगे रस्सी को एक हाथ से पकड़ कर और दूसरे हाथ से अपने बहन बेटा शिवम कुमार को पकड़ कर जोर-जोर से चिल्लाने लगी एवं वह खुद भी घायल थी। उसकी ठुड़ी एवं शरीर में अंदरूनी चोट लगी हुई थी। अपने चोट की परवाह न करते हुए भी वह लगातार जोर-जोर से चिल्लाते रही। तभी उसकी आवाज सुनकर उसकी माँ एवं ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को कुऑ से निकाल लिया गया। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा संज्ञान लेते हुए काजल कुमारी के द्वारा दिखाए गए बहादुरी एवं अदम्य साहस के लिए जीवन रक्षा पदक से पुरस्कृत की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय को भेजी गई है।

### तेजस्वी यादव ने किया बड़ा एलान

**पटना।** ग्रामीण पथ विकास अभिकरण की 22वीं आम सभा और विभागीय समीक्षात्मक में बैठक में रविवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शामिल हुए. ग्रामीण इलाकों में बनाए जा रहे सड़कों को लेकर समीक्षा बैठक की गई. वहीं, इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की तरक्की के लिए हमलोग लगातार कार्यरत हैं. ग्राम सड़कों, पुल निर्माण के क्वालिटी से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करना है. सबसे ज्यादा खराब सड़कों का पहले निर्माण होगा. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल सड़कों के बेहतर रख रखाव के लिए होगा. वहीं, आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग में 16 हजार नई नियुक्तियां होंगी। इस घटना को लेकर जिम्मेवारी तय होनी चाहिए- तेजस्वी यादव ओडिशा रेल हादसे को लेकर मीडिया के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इस घटना में बिहार के भी लोग घायल हुए हैं. यह अब तक का सबसे यह बड़ा हादसा है. बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हुई हैं. इस घटना में लापरवाही तो हुई है. बार-बार रेलवे द्वारा दावा किया जा रहा था कि सुरक्षा सबसे पहले है लेकिन इतने बड़े हादसे होने के बाद भी अभी तक इसकी जिम्मेवारी किसी ने नहीं ली है. इस घटना को लेकर जिम्मेवारी तय होनी चाहिए,जो लोग लापरवाही बरते हैं उन पर कार्रवाई होनी चाहिए. डिप्टी सीएम ने कहा कि ओडिशा रेल मामले में जल्द से जल्द जांच होनी चाहिए. जांच के लिए टीम का गठन होना चाहिए. इस मामले में बिहार के लोगों को लेकर हम लोगों की भी नजर है. इस विषय पर सीएम से कल ही बातचीत हुई थी. इस घटना को लेकर सारी जानकारी ली जा रही है. जानकारी लेने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## जिला टॉपर को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी निवासी अनिल कुमार राणा की पुत्री छवि कुमारी जनता प्लस टू उच्च विद्यालय पत्थलगड़ा से जैक 12 वीं इंटर कला संकाय की परीक्षा में 452 अंक लाकर चतरा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया इंटर कला संकाय परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर जिला के साथ- पत्थलगड़ा प्रखंड का नाम भी रोशन किया इसी को लेकर चतरा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने को उपलब्ध में, घर पर सम्मानित करने पहुंचे राणा विश्वकर्मा सेवा समिति झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद शर्मा, प्रदेश कोशाध्यक्ष अशोक राणा, केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार राणा, कोर कमेटी सदस्य प्रेम राणा, एवम पंकज राणा, शम्भू नाथ राणा, रविंद्र राणा, सुखसागर राणा, इंद्रदेव राणा तथा अन्य राणा समाज के लोग शामिल थे।

जैक 12 वीं इंटर कला संकाय की परीक्षा में चतरा जिला में प्रथम स्थान पर सफल रहे छवि कुमारी की हौसला बढ़ाने और माता पिता को पढ़ाई में प्रेरित करने के लिए उसके घर पहुंचे छवि कुमारी को गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## झूलन के साथ मंडा पूजा का हुआ समापन

### नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में रात भर झूमे दर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** नईपराम में श्री श्री शिव मंडा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान शनिवार रात्रि बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया, इससे पहले शिवभक्तों ने अंगार स्थल पर महादेव की पूजा व परिक्रमा किया। तत्पश्चात मंडा पूजा के शुभ अवसर पर पूजा समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह मुखिया महेश मुंडा भाजपा नेता मिथलेश गुप्ता सुनील चौरसिया गणेश गुप्ता बबलू गुप्ता विश्वजीत उरांव समेत अन्य शामिल हुवे। सभी अतिथियों को समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नागपुरी गानों पर नृत्यांगनो ठुमका लगाया गया एवं हजारों दर्शकों ने भी रात भर झूमें एवं मनोरंजन का आनंद लिया। रविवार सुबह होते ही दर्जनों भक्तों द्वारा अपने शरीर को कष्ट देकर झूला झूलें एवं कड़ी परीक्षा से गुजरें। जानकारों के अनुसार इस कष्टप्रद अनुष्ठान के लिए जो भक्त तैयार होते हैं, उन्हें भोक्ता कहा जाता है। खासकर दो तरह के लोग इस पूजा में शामिल होते हैं, एक तो वे जिन्हें मन्नत मांगनी होती है और दूसरे वे जिनकी मन्नत पूरी हो गई होती है। यह पूजा अच्छी बारिश की कामना के लिए भी की जाती है, ताकि घर-परिवार सुख शांति से रहे। फुलखुंदी सहित झूलन के साथ ही मण्डा पूजा समाप्त हुई। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अशोक महतो सचिव कैलाश यादव कोषाध्यक्ष सकेन्द्र मुंडा उपाध्यक्ष संजय महतो मीडिया प्रभारी अमीरका राम, अतिथि प्रभारी छोटेलाल राम, महामंत्री भुनेश्वर महतो एवं कुटु महतो समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाया।

## मगध में पर्यावरण दिवस चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, इस अवसर पर मगध परियोजना कार्यालय कुंडी, पीआईटी ऑफिस आरा एवं महाप्रबंधक कार्यालय में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर एस. सत्यनारायण, परियोजना पदाधिकारी, मगध परियोजना के साथ- साथ कामेश्वर राम, उप प्रमुख, बालूमाथ, राकेश कुमार, खान प्रबंधक, मगध परियोजना, दया शंकर ओझा, विक्रय पदाधिकारी, मगध परियोजना ने आरा पीट ऑफिस में पौधारोपण किया। साथ ही साथ आस पास के ग्रामीणों में पौधों का वितरण भी किया गया।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न विषय पर विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय एवं मगध परियोजना के कर्मियों सहित आस पास के ग्रामिणों के 140 बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## यज्ञ आयोजन समिति ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** प्रखंड के परसौनी पंचायत अंतर्गत हरदिया गांव में सात दिवसीय श्री मारूति नंदन यज्ञ सह वार्षिकोत्सव समारोह में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। यज्ञ में शामिल होने जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा नेता सुजीत भारती, भाजपा नेता टुन्नी सिंह व इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा भी शनिवार देर शाम यहां पहुंचे। इस दौरान अतिथियों ने पूजा अर्चना की तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर क्षेत्र में अमन चैन सुख शांति समृद्धि व क्षेत्र की विकास के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि यज्ञ से समाज में भक्ति का माहौल कायम होता है एवं मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में विकास शांति सद्भाव का माहौल बना रहता है। मौके पर बिरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, सतीश सिंह, अनमेश सिंह, रनवीर सिंह, चौपारण थाना क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, नगेन्द्र दांगी, निर्मल सिंह, कोठारी सिंह, आशीष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नीतीश के अभियान पर कांग्रेस का ब्रेक!

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के ज्ञान भवन में 12 जून को विपक्षी दलों की की बड़ी बैठक होने वाली है। सीएम नीतीश कुमार ने इस बैठक में शामिल होने के लिए देश भर के सभी दलों को न्योता दिया है। पिछले महीने कांग्रेस ने भी कहा था कि इस बड़ी बैठक में शामिल होगी। लेकिन, शनिवार को बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों में से कोई भी शामिल नहीं होंगे। ऐसे में विपक्षी एकजुटता को लेकर नीतीश कुमार की बड़ी पहल को कांग्रेस ने बड़ा झटका दे दिया है। दरअसल नीतीश कुमार ने 12 जून को पटना में सभी विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। इस महाबैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी शामिल नहीं होंगे।

## विधायक भानु ने दिया 51 हजार रुपये का सहयोग



सहयोग राशि प्रदान करते धनंजय सिंह व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के मूर्ति टोला बगौन्धा स्थित श्री हनुमान मंदिर निर्माण कार्य में विधायक भानु प्रताप शाही की ओर से 51 हजार रुपये का सहयोग राशि दिया गया। उक्त राशि रविवार को विधायक की ओर से धनंजय सिंह उर्फ जोखू सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह एवं मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी उर्फ चिन्टू सोनी के द्वारा हनुमान मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुदर्शन बियार व कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति को सौंपा गया।

मौके पर मुख्य रूप से मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेश साह, सचिव वीरेन्द्र प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रामनाथ बियार, रामलाल बियार, रिंकू प्रजापति, अरविंद प्रजापति, मनोहर बियार, भागीरथी बैठा आदि उपस्थित थे।

## सीएम नीतीश का ड्रीम पुल भरभराकर गंगा नदी में गिरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भागलपुर।** उत्तर बिहार को दक्षिण बिहार से जोड़ने वाली बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर 1710.77 करोड़ की लागत से बन रहा फोरलेन पुल रविवार शाम 6.15 बजे अचानक भरभराकर गंगा नदी में समा गया। इस घटना में एक गार्ड के लापता होने की सूचना है।

अगुवानी की ओर से पिलर संख्या 10, 11, 12 और निमार्णाधीन आधा 13 नंबर पिलर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। तीनों पिलर एक-दूसरे से लिवर से जुड़े थे। इसके 120 से अधिक स्पैन ढहे हैं। मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से मामले की विस्तृत जानकारी ली है। पुल के सुपर स्ट्रक्चर गिरने की घटना की विस्तृत जांच कराने के बाद दोषियों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार होने के कारण तीनों पिलरों पर काम नहीं चल रहा था। इस कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

लोग एक गार्ड के लापता होने की बात कह रहे हैं। इस बीच अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच नाव सेवा को भी बंद करा दिया गया है। इधर, पुल बना रही एसपी सिंगला कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार झा ने बताया कि पाया नंबर 10 से 12 तक के सेगमेंट पायों के साथ गिरकर नदी में समा गए हैं। पुल निर्माण कंपनी को काफी क्षति हुई है। इससे पहले पिछले साल, 29 अप्रैल की रात आंधी आने के कारण पिलर संख्या पांच से चार और छह को जोड़ने वाले सुपरस्ट्रक्चर के 36 स्पैन गिर गए थे। एक साल बाद भी वह काम दोबारा शुरू नहीं हो पाया है। इसकी जांच आईआईटी रुड़की की टीम द्वारा की जा रही है।

सुल्तानगंज-अगुवानी पुल का निर्माण कार्य आठ साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। अभी पुल निर्माण शुरू होने के बाद आठ वर्ष से अधिक का समय बीत गया है। पुल 2019 में ही बनकर तैयार होना था। अंतिम डेडलाइन 31 दिसंबर, 2023 की दी गई थी। अब पुल निर्माण में दो-तीन साल का विलंब होने की आशंका है।

## पेज 1 का शेष

### बालासोर रेल हादसे में...

जिन दो मृतकों की पहचान हुई है, उनमें 28 वर्षीय मो शमशाद और 56 वर्षीय बच्चू मिस्त्री शामिल हैं। दोनों मूल रूप से गोड्डा जिले के रहने वाले थे। शमशाद मेहरमा के गौरीपुर गांव केरहने वाले थे। वहीं, बच्चू मिस्त्री महागामा प्रखंड के परसा गांव के निवासी थे। रेल हादसे में ठाकुरगंगटी प्रखंड के मोरडीहा गांव के चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में मिथुन पंडित, मुकेश पंडित और राजीव पंडित शामिल हैं। सभी घायलों से निरंतर संपर्क बनाकर झारखंड सरकार हर जरूरी मदद पहुंचाने का काम रही है। इधर, ओडिशा हृदय विदारक रेल दुर्घटना के पीड़ितों की मदद, राहत और इलाज के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संवेदनशील और तत्पर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम सचिव के नेतृत्व में आला अधिकारियों और डॉक्टर की टीम ने रविवार को बालासोर में झारखंड के पीड़ितों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस दुर्घटना में अब तक 275 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। **अस्पताल जाकर घायलों से की मुलाकात :** झारखंड के अधिकारियों की टीम बालासोर जिला अस्पताल पहुंची। वहां ट्रेन हादसे में घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा टीम ने एनओसीसीआई बिजनेस पार्क पहुंचकर, जहां मृतकों के शवों को रखा गया है, जानकारी ली। झारखंड टीम ने त्वरित पहल करते हुए अस्पताल से इलाजरत गोड्डा जिले के चार घायलों को डिस्चार्ज करा कर उन्हें उनके गोड्डा स्थित आवास भेजने की व्यवस्था की। वहीं, ट्रेन हादसे में गोड्डा जिले के जिन दो यात्रियों की मौत हुई, उनके पार्थिव शरीर को भी उनके घर भेजने की व्यवस्था की गयी।

### रेलवे बोर्ड ने की...

रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा ने कहा कि हादसा केवल कोरोमंडल ट्रेन से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा कहना कि तीन ट्रेनें आपस में टकरा गयीं, गलत है। उन्होंने बताया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस लौह अयस्क ले जाने वाली एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गयी। मालगाड़ी के कारण सारा का सारा टकराव का प्रभाव यात्री ट्रेन पर आया, जिसके चलते उसके कई डब्बे बेपटरी हो गये। वहीं, दूसरी तरफ से आ रही ट्रेन के पिछले दो डब्बे इस ट्रेन के डिब्बों के पलटने के चलते क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने कहा कि दोनों गाड़ियां अपनी अधिकतम सीमा के भीतर थीं। कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे के समय 128 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चल रही थी। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से यात्रियों के लिए 139 हेल्पलाइन नंबर मौजूद है। हादसा पीड़ितों को मुआवजा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, पीड़ितों के परिजनों के लिए भी वहां तक पहुंचने, ठहरने और अन्य तरह की व्यवस्थाएं भी रेलवे की ओर से की जा रही हैं।

### आये थे एम्स बनाने...

इसके अतिरिक्त, मरीज हित में किसी तरह की सुविधा नहीं बढ़ायी। रिम्स का हाल यहां तक पहुंच गया है कि मरीजों को सीरिंज, कॉटन और आइवी सेट जैसी छोटी-मोटी चीजें भी बाहर से खरीद कर लानी पड़ रही है। रिम्स के कुछ चिकित्सकों ने कहा कि निदेशक अपने आप को इस संसथान की व्यवस्था में ढाल नहीं पाये। एकेडमिक में उन्होंने संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए रिसर्च पर काफी काम किया। बताते चलें कि डॉ कामेश्वर प्रसाद रिम्स के छात्र रहे हैं। अपने आप को खांटी झारखंडी और रिम्स को अपनी मां कहते थे। झारखंड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर 2020) को बतौर निदेशक कुर्सी पर काबिज हुए थे। अपने विदाई समारोह के दौरान बीते शुक्रवार को डॉ प्रसाद ने कहा था कि यहां से जाते हुए बस इस बात का अफसोस है कि मैं अपने अस्पताल के चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक नहीं लगा सका। कहा कि रिम्स आने का मकसद यह था कि मैंने अपनी पढ़ाई यहीं से की। यही कारण है कि अपने राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में अपनी सेवा देने के लिए आया। विश्व को दिग्गज डॉक्टर रिम्स ने दिया है और इसके दर्जनों उदाहरण हैं। जब मैं यहां आया था, तब यहां सीटी स्कैन नहीं था। यहां विश्वस्तरीय दो सीटी स्कैन मशीन लगवायी। कैथ लैब, कोबस जैसी उन्नत मशीनें लगायी गयीं।

स्पीड न्यूज

## अभिनेता आमिर रजा हुसैन का निधन



**नयी दिल्ली।** सिनेमा जगत के जाने-माने निर्देशक-अभिनेता आमिर रजा हुसैन का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके बेटे ने बताया कि हुसैन हृदय संबंधित बीमारी से पीड़ित थे और शनिवार को उनका निधन हो गया।दिवंगत अभिनेता के बेटे गुलाम अली अब्बास ने बताया कि वह दो दिन अस्पताल में भर्ती थे और उनकी हृदय संबंधी सर्जरी की गई थी, लेकिन वह सफल नहीं हुई। उनका शनिवार को निधन हो गया।

## चीन में पहाड़ ढहने से 14 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के सिचुआन प्रांत में रविवार को एक पहाड़ ढह जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सिचुआन प्रांत के लेशान शहर में सुबह करीब छह बजे हुई। अधिकारियों को भूस्खलन की सूचना प्राप्त होते ही बचावकर्मियों की एक बड़ी टीम को वहां भेज दिया गया।

## पाक : मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम दो आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुठभेड़ जिले के जनीखेल इलाके में तलाशी अभियान के दौरान हुई। सुरक्षा बलों के जवानों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया और घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया। मुठभेड़ में सेना के दो जवानों की भी मौत हो गयी।

# मुर्दाघरों में लगा लावारिस शवों का ढेर

## रेल हादसा : सरकार ने बालासोर से 187 शवों को भुवनेश्वर भेजा

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** बालासोर ट्रेन हादसे के बाद ओडिशा सरकार के सामने एक नया संकट खड़ा हो गया है। मुर्दाघरों में ऐसे शवों का ढेर लगा है जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है या जिन्हें लेने के लिए कोई दावेदार सामने नहीं आए हैं। ऐसे लावारिस शवों की संख्या इतनी अधिक है कि मुर्दाघरों में जगह कम पड़ गई है। बड़ी संख्या में ऐसे शवों से निपटने में असमर्थ ओडिशा सरकार ने बालासोर से 187 शवों को भुवनेश्वर भिजवाया, लेकिन यहां भी जगह की कमी शवगृह प्रशासकों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है।

भुवनेश्वर एम्स में 100 शव रखे गए हैं जबकि बाकी शव कैपिटल अस्पताल, अमरी अस्पताल, सम अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में भेजे गए हैं।भुवनेश्वर एम्स के अधिकारी ने कहा कि यहां भी शवों को संभालकर रखना हमारे लिए एक असल चुनौती है क्योंकि हमारे यहां अधिकतम 40 शवों को रखने की सुविधा है। उन्होंने कहा कि शरीर रचना विभाग में अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। भुवनेश्वर एम्स के प्रशासन ने शवों की पहचान होने तक उन्हें संभालकर रखने के लिए बड़ी संख्या में ताबूत, बर्फ और फार्मलिन रसायन खरीदा है। सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने शनिवार को दुर्घटनास्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान उनके सामने शवों को संभालकर रखने के सिलसिले में उत्पन्न स्थिति की ओर ध्यान दिलाया।



### शवों को संभालकर रखना मुश्किल

अधिकारी ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में शवों को संभालकर रखना वाकई मुश्किल है। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनास्थल से ही प्रधानमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बात की और इन शवों को भुवनेश्वर एम्स में रखवाने का इंतजाम करवाने को कहा। मांडविया तत्काल रात में ही भुवनेश्वर आए और उन्होंने यहां कई बैठकें की। ओडिशा के मुख्य सचिव पी के जेना ने कहा कि शनिवार को 85 एम्बुलेंस से शव भुवनेश्वर लाए गए और अन्य 17 शव रविवार को लाए गए।

**शिनाख्त बड़ी चुनौती :** ओडिशा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव शालिनी पंडित ने कहा कि सभी शव (मुर्दाघरों की कमी के कारण) प्रशीतन भंडारण गृह में रखे गए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन के लिए इन शवों की शिनाख्त बड़ी चुनौती है क्योंकि दुर्घटना में मारे गए लोग विभिन्न राज्यों के हैं। उन्होंने कहा कि इन यात्रियों का ब्योरा तीन वेबसाइटों- विशेष राहत आयुक्त, भुवनेश्वर नगर निगम और ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइटों पर डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन मृत यात्रियों की फोटो युक्त सूची भी वेबसाइटों पर अपलोड कर दी गई है ताकि उनकी पहचान करने में सहूलियत हो।

### पहचान के लिए अपलोड हुईं तस्वीरें

मुख्य सचिव ने कहा कि बालासोर रेल हादसे के मृतकों की तस्वीरें केवल उनकी पहचान के लिए डाली गई हैं क्योंकि ये तस्वीरें मन विचलित कर देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी विशेष राहत आयुक्त (ओडिशा) की अनुमति के बगैर इन तस्वीरों को किसी भी रूप में प्रकाशित या प्रसारित नहीं करना चाहिए। एक डाक्टर ने बताया कि शव क्षत विक्षत हालत में हैं। मैंने एक व्यक्ति का केवल सिर देखा, उसके शरीर के बाकी अंगों के नाम पर कुछ नहीं था। इस बीच भुवनेश्वर नगर निगम के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। लोग इस कार्यालय से संपर्क कर शवों के बारे में सूचनाएं हासिल कर सकते हैं और उनकी शिनाख्त में मदद कर सकते हैं। इस हादसे में 278 लोग मारे गए हैं और 1100 से अधिक घायल हैं।

## मोदी ने फोन पर पटनायक से ताजा हालात की ली जानकारी

**जरूरत पड़ने पर केंद्र किसी भी तरह की सहायता देने को तैयार**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल दुर्घटना संकट के दौरान त्वरित और कुशल कार्रवाई के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि श्री मोदी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर केंद्र किसी भी तरह की सहायता देने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने संकट की इस घड़ी में जिस तरह के सहयोग और समय पर मदद के लिए ओडिशा के लोगों की भी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में घायल यात्रियों की जान बचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। डॉक्टर, मेडिकल छात्र जान बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। घायल व्यक्तियों के लिए रक्तदान करने के लिए डॉक्टर, छात्र और आम लोग आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी नीति का पालन करते हैं जो हर जीवन कीमती है को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान से लेकर घायलों को अस्पताल ले जाने, इलाज की व्यवस्था करने तक, हम जान बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ताजा स्थिति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि विभिन्न अस्पतालों में 1175 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 793 को छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर घायल मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 382 यात्रियों का विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री पटनायक ने बहनागा ट्रेन हादसे के पीड़ितों के लिए रविवार को अनुग्रह राशि की घोषणा की।मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये की सहायता मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अनुग्रह सहायता केवल ओडिशा के पीड़ितों के लिए लागू है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## समयबद्ध जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नयी दिल्ली।** ओडिशा रेल हादसे की समयबद्ध जांच उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले एक विशेषज्ञ आयोग से कराने का निर्देश देने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि यह दुर्घटना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और नागरिकों की स्वतंत्रता के उल्लंघन के मद्देनजर उच्च अधिकारियों द्वारा की गई घोर लापरवाही को दर्शाती है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर इस याचिका में भारतीय रेलवे प्रणाली की मौजूदा जोखिम और सुरक्षा मानकों का विश्लेषण और समीक्षा करके इसे मजबूत करने के लिए व्यवस्थित संशोधनों का सुझाव देने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा व्यवस्था (एटीपी) कवच लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने का निर्देश भी मांग की है।

## हादसे में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को फ्री शिक्षा देंगे गौतम अडाणी

**नयी दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी ने रविवार को ओडिशा में हुए रेल हादसे को बेहद विचलित करने वाला बताया और इस घातक दुर्घटना में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को मुफ्त स्कूली शिक्षा देने की पेशकश की। अडाणी ने एक ट्वीट मे कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की मदद करना तथा बच्चों को बेहतर कल देना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्वीट किया कि ओड़िशा की रेल दुर्घटना से हम सभी बेहद व्यथित हैं। हमने फैसला लिया है कि जिन मासूमों ने इस हादसे में अपने अभिभावकों को खोया है, उनकी स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अडाणी समूह उठाएगा। उन्होंने लिखा कि उनके बच्चों को बेहतर कल मिले यह हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है।

## मणिपुर हिंसा की जांच के लिए तीन सदस्यीय आयोग गठित

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने मणिपुर में हाल में हुई हिंसा की जांच के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में रविवार को एक जांच आयोग का गठन किया। राज्य में हिंसा में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, आयोग तीन मई को और उसके बाद मणिपुर में विभिन्न समुदायों के सदस्यों की लक्षित हिंसा और दंगों के कारणों तथा प्रसार के संबंध में जांच करेगा। यह आयोग उन घटनाओं की कड़ी और ऐसी हिंसा से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगा। यह भी देखा जाएगा कि क्या किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों/लोगों की ओर से इस संबंध में कोई चूक या कर्तव्य में लापरवाही हुई। जांच में हिंसा और दंगों को रोकने तथा इससे निपटने के लिए किए गए प्रशासनिक उपायों पर भी गौर किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार आयोग द्वारा उसके समक्ष किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा दी जाने वाली शिकायतों पर भी गौर किया जाएगा। आयोग जितनी जल्दी हो सके केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, लेकिन अपनी पहली बैठक की तारीख से छह महीने के भीतर यह हो जाना चाहिए।

## केरल में तीन-चार दिन में मानसून पहुचने के आसार

**नयी दिल्ली।** मानसून रविवार को केरल में दस्तक देने वाला था लेकिन इसकी शुरूआत नहीं हुई और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इसमें तीन से चार दिन की और देरी होने की आशंका जतायी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर पर एक जून को केरल में दस्तक देता है और इसकी शुरूआत सात दिन पहले या सात दिन बाद हो सकती है। मई के मध्य में आईएमडी ने कहा था कि मानसून 4 जून तक केरल में दस्तक दे सकता है।

## बिना टिकट के सफर करने वाले यात्रियों को भी मिलेगा मुआवजा

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने रविवार को कहा कि ओडिशा में दुर्घटना का शिकार हुईं यात्री ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों को भी मुआवजा दिया जाएगा।

रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा कि यात्रियों के पास टिकट था या नहीं इसे देखे बगैर, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

रेलवे बोर्ड की संचालन सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि अस्पतालों में भर्ती प्रत्येक रोगी के साथ एक स्काउट या एक गाइड है, जो उसके परिजन का पता लगाने में मदद कर रहा है। वर्मा ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 139 पर वरिष्ठ रेल अधिकारी सवालों का जवाब दे रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घायलों या मृतकों के परिवार के सदस्य हमें फोन कर सकते हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वे उनसे मिल सकें।





# पृथ्वी को बचाने के गंभीर प्रयास जरूरी

**भारत का 2070 का नेट जीरो का लक्ष्य इसका ही विस्तार है और इसके खिलाफ तर्क नहीं दिया जा सकता है। हालांकि, यह संयुक्त नेट जीरो लक्ष्य दुनिया को 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि से नीचे नहीं रख सकता है। इसका मतलब है कि ओईसीडी देशों को 2030 तक अपने उत्सर्जन में कमी लानी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीन, जिसका शेष बजट के 33 प्रतिशत पर कब्जा है, उसे इस दशक में अपने उत्सर्जन में भारी कमी करने के लिए कहा जाना चाहिए। अकेला चीन इस दशक में 126 गीगाटन उत्सर्जन करेगा।**

**भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन को स्वीकार किया है, जिसे भविष्य के लिए डिजाइन किया जाएगा और यह नए जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप होगा। लेकिन जो बड़ा मुद्दा हमें चिंतित करने वाला है। वह, यह कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास समान हो और अपने ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित न किया जाए। क्योंकि हमारे यहां बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्हें अभी भी अपने विकास के लिए ऊर्जा की आवश्यकता है।** अंततः विश्व के प्रमुख देशों को इमानदारी से आगे आना ही होगा। अपने निजी लालच को त्यागना ही होगा। चीन रूस अमेरिका यूरोप के सक्षम देशों को निजी हित से ऊपर उठ कर काम करना होगा। विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन रोकने के लिये आर्थिक मदद का जो प्रावधान है उसे ठोस रूप देना होगा। रूस अमेरिका कनाडा के अलावा भारत, ब्राजील, चीन जैसे देश बहुत ही महत्वपूर्ण? हैं जो विश्व के एक बड़े भूभाग का घेरते हैं और वनों का सबसे बड़ा क्षेत्र भी इन्हीं देशों के भितर आता है। इन देशों को पृथ्वी को बचाने के लिये आपसी मतभेदों को भुला का सबों को काम करना होगा। आखिर पृथ्वी सुरक्षित होगी तभी देश भी रहेंगे।



**मनोज कुमार शर्मा**

**पृथ्वी को बचाना है?** स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में चल रहे कॉप 26 सम्मेलन में विश्व के सारे देश शामिल थे कहने को सबों का लक्ष्य पृथ्वी को जलवायु परिवर्तन के भयंकर दुष्परिणामों से बचाना है, पर यह भी एक सच है कि सभी देशों का अपना अपना स्वार्थ भी है। कोई भी सक्षम देश पृथ्वी को बचाने के लिये आगे आकर अपने निजी हितों को ताक पर रखकर काम करने के का खुला वादा नहीं करना चाहता। सभी अपने अपने हिसाब और लक्ष्यों का तर्क देते हैं। ऐसे में अक्सर पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित यह कॉप सम्मेलन अपने लक्ष्यों को पूरा करने से दूर होता चला जाता है, प्रमुख देशों के बीच एकराय नहीं बन पाती। लेकिन इससे आशंकित दुष्परिणामों को तो टाला नहीं जा सकता। कॉप में एक मतभेद जो सामने आता है वो यह कि विकसित देश विकासशील देशों परज्यादा कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण का आरोप लगाते हैं वहीं विकासशील देशों का भी कहना होता है कि विकसित देशों की करनी की सजा वो क्यों भुगतें। साथ ही विकसित देशों पर दबंगई का भी आरोप लगता है। अमेरिका रूस चीन जैसे देश जो प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करते हैं वो पृथ्वी संरक्षण के कई वैश्विक करारों से खुद को अलग कर लेते हैं।इन सब से इतर देखें तो कार्बन की तीव्रता में कमी के लिये भारत को काफी काम करना होगा कार्बन की तीव्रता (इंटेंसिटी) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के सीओ2 के उत्सर्जन को मापती है और मांग करती है कि अर्थव्यवस्था के बढ़ने पर इन्हें कम किया जाए। सीएसई के अनुसार, भारत ने 2005-2016 के बीच सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 25 प्रतिशत की कमी हासिल की है और 2030 तक 40 प्रतिशत से अधिक हासिल करने की राह पर है। लेकिन इसका मतलब यह है कि भारत को परिवहन क्षेत्र, ऊर्जा आधारित औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से सीमेंट, लोहा और इस्पात, गैर-धातु खनिज, रसायन से उत्सर्जन को कम करने के लिए अधिक उपाय करने होंगे।इसके लिए भारत को अपनी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की भी आवश्यकता होगी, ताकि हम वाहनों को नहीं, बल्कि लोगों को एक से दूसरी जगह स्थानांतरित कर सकें। इसके लिए हमारे शहरों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में वृद्धि करनी होगी। इसके अलावा हमारे आवास की ताप क्षमता में भी सुधार करना होगा। वह सब हमारे हित में है।

## नेट जीरो का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

नेट जीरो यानि कार्बन का उत्सर्जन खत्म करना। 2070 तक यह लक्ष्य विकसित देशों और चीन को अधिक महत्वाकांक्षी होने की चुनौती देता है। आईपीसीसी के अनुसार 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन आधा होना चाहिए और 2050 तक नेट जीरो (शुद्ध शून्य) तक पहुंच जाना चाहिए। चूंकि दुनिया में उत्सर्जन में भारी असमानता है, इसलिए ओईसीडी देशों को 2030 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करना है, जबकि चीन को 2040 और भारत और बाकी दुनिया को 2050 तक इस लक्ष्य तक पहुंचना होगा। हालांकि, नेट जीरो के लक्ष्य न केवल असमान हैं बल्कि महत्वाकांक्षी भी नहीं हैं। इसके अनुसार ओईसीडी देशों ने नेट जीरो का अपना लक्ष्य 2050 और चीन ने 2060 घोषित किया है।

## पर्वत पर खनन से बड़ी हानि

सबसे अधिक खनन लीज साहिबगंज जिले में ही है। राजमहल की पहाड़ी पर उत्खनन के कारण पर्यावरीण असंतुलन बढ़ने, जैव विविधता खत्म होने, महत्वपूर्ण पौधों के नष्ट होने के साथ गंगा में गाद भी बढ़ रहा है। साहिबगंज जिला गंगा के किनारे स्थित है। अब पत्थर के लिये पहाड़ों को काट काट कर इन एतिहासिक पहाड़ियों का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। न जाने यहां के गांव का अस्तित्व कितने सालों तक बचा रहेगा।

गायब होते गांवों में एक है मारीकुटी, जहां 2011 की जनगणना के अनुसार, 127 लोगों की आबादी है। इस गांव के चारों ओर खनन कार्य होता है। इसके अलावा भी दर्जनों संकटग्रस्त गांव हैं। पिछले दो दशकों में उत्खनन में अधिक तीव्रता आयी है। यह क्षेत्र अवैध उत्खनन को लेकर राज्य की राजनीतिक सुर्खियों में भी छाया रहता है।

राजमहल की पहाड़ियां 2600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली है और अरावली के बाद इसे भारत की सबसे पुरानी पहाड़ी श्रृंखलाओं में एक बताया जाता है। ये पहाड़ियां 6.8 से 11.8 करोड़ वर्ष पुरानी हैं। साहिबगंज कॉलेज के भू विज्ञान के सहायक प्राध्यापक, डॉ रंजीत कुमार सिंह का अध्ययन राजमहल की पहाड़ियों पर ही है। इनके अनुसार, ज्वालामुखी विस्फोट से इसका निर्माण हुआ है। राजमहल की पहाड़ियों पर दुर्लभ जीवाश्म मिलते हैं, जिसे दुनिया का सबसे पुराना जैव जीवाश्म बताया जाता है। यह जुरासिक काल का है। राजमहल की पहाड़ियों के बारे में डॉ. रंजीत कुमार सिंह बताते हैं कि, ये जीवाश्म इस अध्ययन के लिए बेहद अहम हैं कि पृथ्वी की उत्पति कैसे हुई। जीव कैसे उत्पन्न हुए। ये जीवाश्म भी उत्खनन व अज्ञान की वजह से संकट में हैं।

2020 में तैयार साहिबगंज डिस्ट्रिक्ट इनवायरमेंटल प्लान के अनुसार, जिले में 180 माइंस हैं और 451 क्रशर हैं। वहीं, झारखंड सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग की वेबसाइट पर सितंबर 2021 तक के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, साहिबगंज में 424 माइनिंग लीज हैं, जिसमें 115 वर्तमान में कार्यशील हैं और 309 अस्थायी रूप से कार्यशील नहीं हैं। कुल लीज व कार्यशील दोनों स्तर पर राज्य में साहिबगंज अव्वल है। इसके बाद दूसरा नंबर साहिबगंज से सटा जिला पाकुड़ का आता है।



## 1972 से मनाया जा रहा है पर्यावरण दिवस

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था।

हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस बार की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित है। इस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम इसी थीम पर आधारित होंगे। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सद्भाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लॉकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पेड़ों को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हें कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ों को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।पर्यावरण का अर्थ होता है परि हमारे चारों ओर जो आवरण हैं। जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ होता है चारों ओर से घेरे हुए। पर्यावरण उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समष्टिगत एक इकाई है।

पर्यावरण से हमें वह हर संसाधन उपलब्ध हो जाते हैं जो किसी सजीव प्राणी को जीने के लिए आवश्यक है। पर्यावरण ने हमें वायु, जल, खाद्य पदार्थ, अनुकूल वातावरण आदि उपहार स्वरूप भेंट दिया है। पर्यावरण स्वस्थ जीवन और ग्रह पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पृथ्वी विभिन्न जीवित प्रजातियों के लिए एक घर है और हम सभी भोजन, हवा, पानी और अन्य जरूरतों के लिए पर्यावरण पर निर्भर हैं। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने पर्यावरण को बचाना और उसकी रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रूप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ों के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हें इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमें व हमारी आने वाली पीढ़ियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है।

## पर्यावरण ही जीवन का स्रोत है

**गिरीश्वर मिश्र**

**हमारा** पर्यावरण पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पंच महाभूतों या तत्वों से निर्मित है। आरंभ में मनुष्य इनके प्रचंड प्रभाव को देख चकित थे। वृक्ष वायु-संचार के मुख्य आधार हैं। शीशम और सागौन के वृक्ष सिर्फ फर्नीचर के लिए लकड़ी ही नहीं देते बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। बरगद, पीपल और नीम आदि वातावरण को स्वस्थ बनाते हैं। कई वृक्ष देवताओं के आवास माने जाते हैं तो कई देवस्वरूप मान लिए गए हैं। आयुर्वेद में नाना प्रकार की जीवनदायी औषधियाँ विभिन्न वृक्षों के पत्तों, फलों, फूलों, जड़ों और छालों से मिलती हैं। इसी तरह विविध प्रकार के अन्न और शाक सब्जी के साथ आम, अमरूद, लीची, केला, संतरा और सेव आदि वृक्षों से मिलने वाले मधुर और सुस्वादु फल बलबर्धक और प्रिय भोज्य हैं। जल, थल, अंतरिक्ष, वन, पर्वत, वनस्पति और खनिज सम्पदा के दोहन और शोषण में जुट गए। अब दूसरे ग्रहों के शोषण के लिए तजबीज हो रही है। सृष्टि में हस्तक्षेप और उस पर अधिकार जमाने की प्रवृत्ति की कोई सीमा नहीं दिख रही है।

यह जरूर है कि पांच तत्वों में विसंगति आने पर हमारे सामने मुश्किल चुनौती खड़ी हो जाती है। विगत इतिहास साक्षी है कि इन तत्वों की अति या ह्यन्यूनता ह्न के चलते तरह-तरह के कष्ट सहने पड़ते हैं। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ओला पड़ना, धरती की उर्वरा शक्ति का ह्रास, वन में आग, बड़वाग्नि (सुनामी!), बिजली गिरना आदि लगातार हो रहे हैं । सब मिल कर व्यापक जलवायु परिवर्तन को जन्म दे रहे हैं और सारा विश्व आज चिंतित हो रहा है । पृथ्वी का तापक्रम लगातार बढ़ रहा है, ओजोन की परत में छेद हो रहा है, विभिन्न गैसों का उत्सर्जन ग्राह्य सीमा से अधिक हो रहा है, वनस्पतियों की प्रजातियाँ लुप्त हो रही हैं, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही, कूड़े-कचरे से धरती और उसके नीचे ही नहीं अंतरिक्ष में भी प्रदूषण बढ रहा है, गंगा जैसी पवित्र नदियाँ औद्योगिक कचरों और शहरी मल के चलते भयंकर प्रदूषण का शिकार हो रही हैं, एवेरेस्ट पर्वत शिखर भी प्रदूषण की गिरफ्त में है, शहर कंक्रीट के जंगल हो रहे हैं, बड़े पैमाने पर शुद्ध पेय जल की कमी हो रही है तथा आणविक ऊर्जा के उपयोग से जहां बिजली मिल रही है वहीं पर उसके अवशिष्ट कचरे के निस्तारण की स्थायी समस्या खड़ी हो रही है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

## कराहती नदियों का संकेत समझें



**शशि भूषण कुमार**

**दुनिया** की कई नदियां खराब स्थिति में हैं और प्रदूषण, औद्योगिक विकास और जलवायु परिवर्तन से जुड़े बढ़ते दबावों का सामना कर रही है। इस वर्ष की गतिविधियों में करीब 100 देश भाग लेंगे। इसका उदेश्य नदियों में बढ़ रहा जल प्रदूषण को कम करना है क्योंकि नदिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अगं है जिस पर मनुष्य, जीव-जन्तु,पेड़-पौधे निर्भर हैं। झारखंड अपनी सुंदर और विशिष्ट नदियों और उन पर स्थित झरनों, जलप्रपातों के लिये ही जाना जाता है, पर आज राज्य की तकरीबन प्रत्येक नदी प्रदूषित है, अवैध बालू खनन, अतिक्रमण, प्रवाह रोके जाने से बबार्दी के कगार पर है।

झारखंड अपने कांची, शंख, स्वर्णरेखा, मयूराक्षी, भैरवी, दामोदर, कोयल, फल्गु (निरंजना) खरकई, बराकर, सकरी, अमानत, तजना, हिरणी जैसी तीन दर्जन से ज्यादा नदियों से समृद्ध राज्य है। इसे राज्य को प्रकृति का उपहार ही कहेंगे कि पठारी राज्य होने के कारण जहां भूजल स्तर नीचे है वहीं इतनी सारी नदियों के होने से राज्य में जलस्त्रोतों की कमी नहीं रही। झारखंड की सारी नदियों पर आज संकट है। अतिक्रमण, प्रदूषण, बालू खनन ने उसके सदानीरा और अविरल होने पर संकट ला दिया है। कई नदियां तो अब मृतप्राय हो चुकी हैं। लेकिन कहीं कोई बेचैनी या चिंता नहीं दिखती।

देवनद कही जाने वाली दामोदर नदी दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है। इसके संरक्षण के लिये राज्य के एक कद्दावर और चर्चित नेता ने आंदोलन भी खड़ा किया, पर उसका नतीजा कुछ नहीं निकला। दामोदर आज भी प्रदूषण और अवैध बालू खनन से हलकान है। राज्य की कई नदियां तो अब कहने को नदी हैं, पर हकीकत में वह नाले में बदल चुकी हैं। कई?नदियों पर स्थित जलप्रपात जो राज्य की पहचान हैं, वह अब गर्मियों की शुरूआत में ही सूख जाते हैं। जो बहुत मायूस करता है

**क्यों हैं झारखंड की नदियों पर यह संकट?**

राज्य में कांची, स्वर्णरेखा, दामोदर हो या रांची की चर्चित हरमु नदी। सभी संकट में हैं। जहां दामोदर अवैध बालू खनन और अपने किनारे के फैक्ट्रियों से निकले अपशिष्टों के प्रदूषण से तबाह है वहीं कांची बालू माफियाओं के चलते बर्बाद हो रही है।

झारखंड की ज्यादतर नदियों को वर्षा के जल से अविरलता मिलती है ये हिमालय से जुड़ी हुयी नहीं हैं। इसलिये इन्हें अतिक्रमण, प्रवाह रूकने और प्रदूषण से बचाने की ज्यादा आवश्यकता होती है। इनमें भी जो नदियां दक्षिण और पूर्व ?की ओर बहती हैं जैसे दामोदर, कांची, स्वर्णरेखा ये ज्यादा संकट में हैं और इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ये बालू खनन और औद्योगिक क्षेत्रों से गुजरने के कारण अस्तित्व के लिये संघर्षरत हैं।

**बहुत ही विशिष्ट हैं झारखंड की नदियां, बुद्ध ने फल्गु के किनारे तपस्या की थी**

झारखंड के प्रत्येक नदी की अपनी एक कहानी है, जो रोचक होने के साथ ही तथ्यात्मक भी है। छोटे से राज्य झारखंड के नदियों की विशिष्टता और समृद्धि को देखें तो आंखें चौंधिया जायेंगी। उत्तरी छोटानागपुर से निकलने वाली फल्गु जिसे निरंजना नदी भी कहते हैं यह उत्तरवाहिनी है और बिहार में प्रवेश कर अंततः गंगा में मिल जाती है। इसी नदी के किनारे ही गौतम बुद्ध ने तपस्या की थी। आज गया में इसी नदी के किनारे ही लोग पिंडदान करते हैं। यह नदी भी अब भयंकर संकट में है।

स्वर्णरेखा नदी को अपने जल में सोने के मिलने वाले कणों के कारण यह नाम मिला है, इसके बालू को छान कर कई जगहों पर लोग उसमें से सोने के कण निकालते हैं। कहते हैं कि इस नदी के प्रवाह में कहीं सोने की कोई खदान है जिसके स्वर्ण कण इस नदी के प्रवाह में बहते हैं। स्वर्ण रेखा एक मात्र ऐसी स्वतंत्र नदी है जो उड़ीसा होकर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है लेकिन किसी बड़ी नदी में खुद को समाहित नहीं करती।

मयूराक्षी नदी को यह नाम उसके घुमावदार पथ के कारण मिला है। कहते हैं यह नदी कुछ इस तरह से घुमावदार पथ में प्रवाहित होती है कि उससे मोर के आंख की तरह आकृति बन जाती है। शंख नदी बहुत ही विशिष्ट है। इसके तल में पत्थरों के अंदर खोह में हीरे मिलने की बात कही जाती है। कहते हैं कि इसके तल में चट्टानों के खोहों में जब पत्थर फंस जाते हैं तो वहां दबाव और रासायनिक प्रतिक्रियाओं से ये पत्थर हीरे में तब्दिल होते हैं। इस तथ्य को आज तक वैज्ञानिक नहीं सुलझा पाये हैं।

हकीकत में झारखंड की नदियां अगर स्वच्छ रहें तो इनका जल स्वास्थ्य के लिहाज से भी एक दवा की तरह है, क्योंकि ये जंगलों, पहाड़ों से होकर जड़ी बूटी, खनिज, लवणयुक्त जल लेकर प्रवाहित होती हैं।

**विश्व की प्रमुख सभ्यतायें नदियों के किनारे ही पनपी**

विश्व की सारी सभ्यतायें किसी नदी के किनारे ही विकसित हुयीं। मिस्त्र की सभ्यता नील नदी के किनारे, दजला फरात की सभ्यता, सिंधु नदी घाटी सभ्यता सभी नदियों के कारण ही पनपीं और विकसित हुयीं। नदियां सदैव जीवनदायिनी थीं । इन्होंने हमें यातायात, भोजन, जल, कृषि सिंचाई सब कुछ प्रदान किया है और आज भी प्रदान करती हैं, पर आज मनुष्यों ने इनका लालचवश सिर्फ दोहन किया है, संरक्षण कभी नहीं।